दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
ललितपुर ■ शुक्रवार 22 नवंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-133 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**
रुकावट आती है सफलता की राह में यह कौन नहीं जानता फिर भी वह मंजिल पा लेता है जो कभी हार नहीं मानता...।

## भारत के नए सीएजी मूर्ति ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** पूर्व उच्च शिक्षा सचिव के संजय मूर्ति को गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के रूप में शपथ दिलाई। हिमाचल प्रदेश काडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी मूर्ति, गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित किया गया।

### मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी बनेगा उज्जैन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रखी आधारशिला

# प्रदेश में होंगे 50 मेडिकल कॉलेज

## मध्यप्रदेश में 55 वर्षों में सिर्फ पांच मेडिकल कॉलेज थे, हमने 12 मेडिकल कॉलेज की सौगात दी

### सीएम बोले- उज्जैन में साकार होगी प्रधानमंत्री मोदी की मेडिसिटी की परिकल्पना

**भारत सरकार की योजनाओं के साथ मिलकर काम करने का अलग ही उत्साह**

**रोगियों को अब नहीं जाना पड़ेगा बाहर, एक शहर में होगा हर बीमारी का इलाज**

### सिंहस्थ के पहले उज्जैन में बनकर तैयार होगा मेडिसिटी एवं मेडिकल कॉलेज

**प्रायवेट सेक्टर के साथ मिलकर उज्जैन में ही मेडिकल टूरिज्म भी होगा स्थापित**

सत्ता सुधार ■ उज्जैन

वह दिन अब जा चुके हैं जब हमें अच्छी से अच्छी चिकित्सा व्यवस्था के लिए बड़े शहरों का रूप करना पड़ता था। अगर कहीं मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था भी होती तो यहां के विभाग कुछ ऐसे होते थे कि उपचार करवाने के लिए ही हमें एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग पर भटकना पड़ता था, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश की पहली मेडिसिटी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पर किसी को भी सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यह बात मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की पहली मेडिसिटी चिकित्सा महाविद्यालय का जिला चिकित्सालय परिसर में स्वस्तिवाचन और शंखनाद की ध्वनि के साथ शुभ मुहूर्त में भूमिपूजन के बाद जिला चिकित्सालय परिसर के सामने स्थित सामाजिक न्याय परिसर मे मुख्य अतिथि के रूप में कही। समारोह की शुरुआत भगवान धन्वंतरि के पूजन अर्चन के साथ हुई। जिसके बाद दीप प्रज्जवलन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का सामाजिक न्याय परिसर कार्यक्रम में जिले को मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात देने पर 70 संस्थाओं के द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मप्र में शीघ्र ही 50 मेडिकल कॉलेज होंगे। वर्तमान में प्रदेश में 17 शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, आठ निर्माणाधीन हैं और 13 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज हैं। राज्य शासन ने 12 मेडिकल कॉलेज की निविदाएं आमंत्रित की हैं, जो कि पीपीपी मॉडल पर संचालित किए जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा सुविधा के विस्तार में मप्र, देश में अग्रणी राज्यों में शामिल है। पीएम मोदी ने मेडिसिटी की परिकल्पना दी है। प्रदेश में यह परिकल्पना उज्जैन में साकार हो रही है।

### महाकाल की निगरानी में होगा हर मर्ज का ईलाज

सीएम ने कहा कि 13 मंजिल से भी अधिक बनाई जाने वाली इस बिल्डिंग में सभी फैकल्टी एक ही स्थान पर रहेगी और हर बीमारी का इलाज यही पर होगा। कहीं भी किसी को जाने की जरूरत नहीं होगी। 55 वर्षों में मप्र को सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली थी, लेकिन हमारी सरकार ने 20 वर्षों में कुल 12 मेडिकल कॉलेज की सौगात प्रदेश को दी है। भाजपा सरकार पीएम नरेंद्र मोदी के सपने को लगातार साकार करने में जुटी हुई है।



**उज्जैन में 592.30 करोड़ की मेडिसिटी एवं चिकित्सा कॉलेज का भूमि-पूजन**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन में मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता तब से है, जब मैं पैदा भी नहीं हुआ था, लेकिन मुझे आज मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भूमि पूजन करते हुए यह गर्व महसूस हो रहा है कि हमारी सरकार ने जनता के इतने पुराने सपने को पूरा कर दिया। यह मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिंहस्थ-2028 के पहले प्रारंभ होगा। उज्जैन में प्रायवेट सेक्टर के साथ मिलकर मेडिकल टूरिज्म की स्थापना भी की जाएगी। उज्जैन में प्रदेश ही नहीं, बल्कि विदेशों से आने वाले सभी मरीजों का उपचार किया जाएगा।

### इसलिए लोग खुश...

सीएम ने कहा कि शहरवासी इसलिए भी खुश है, क्योंकि उन्हें मेडीसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात तो मिली ही है, लेकिन इसके साथ ही विक्रम उद्योगपुरी में मेडिकल डिवाइस पार्क में भी अब बड़े-बड़े उद्योगपतियों की रुचि बढ़ती जा रही है।

### जनता का स्वीकारा अभिवादन

मुख्यमंत्री ने जनता के अभिवादन को स्वीकार करने के लिए मंच के समीप बनाए गए रैंप पर चले। जहां उन्होंने जनता पर पुष्प वर्षा की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर समारोह में शामिल लोगों ने भी उन पर पुष्प वर्षा की और उनका अभिनंदन करने का प्रयास किया।

### अब एमबीबीएस करने वाले छात्र नहीं भटकेंगे

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मप्र में अपनी योजनाओं और कार्यों में एक अलग ही पहचान बनाई है। जनसंघ के जमाने से उज्जैन में मेडिकल कॉलेज बनाने मांग थी। जिसका सपना डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री बनने के 1 वर्ष में ही पूर्ण कर दिया। मेडिकल कॉलेज बनने से उज्जैन में चिकित्सा व्यवस्था तो सुधरेगा ही इसके साथ ही यहां एमबीबीएस की सीट मिलने से भी अब पढ़ाई करने वाले लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा।

### मेडिसिटी की खासियत

मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज प्रदेश की पहली मेडिसिटी होगी। यह 14.97 एकड़ में 592.30 करोड़ रुपए की निर्माण लागत से बनेगा। मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में 6 हाईराइज टॉवर होंगे। टीचिंग हॉस्पीटल का भवन 9 मंजिला होगा जिसमें बेसमेंट भी शामिल है। मेडिकल कॉलेज का भवन 8 मंजिला होगा इसमें भी बेसमेंट बनाया जाएगा। नर्सेस होस्टल, आरडीएच ब्लॉक व यूजी इंटर्न गर्ल्स होस्टल के भवन 14 मंजिला होंगे। वहीं यूजी इंटर्न बॉइस होस्टल का भवन 11 मंजिला होगा। मेडिसिटी चिकित्सा महाविद्यालय सम्पूर्ण रूप से दक्ष होगा इसमें रिसर्च एंड डवलपमेंट की सभी सुविधाएं होंगी। इस महाविद्यालय में 550 बेड की क्षमता का अस्पताल होगा तथा इसमें 150 मेडिकल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्रदान की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### पाक में आतंकियों ने 32 लोगों को उतारा मौत के घाट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्ताने में हुए आतंकी हमले में 32 लोगों की मौत हो गई। ये हमला खैबर पख्तूनख्वा के डाउन कुर्रम क्षेत्र में एक यात्री वैन पर हुआ है।

### इमरान खान को तोशाखाना के दूसरे केस में मिली जमानत

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाक के पूर्व पीएम इमरान खान को तोशाखाना से जुड़े दूसरे केस में जमानत मिल गई है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने जमानत के तौर पर 10 लाख पाक रुपए के बॉन्ड जमा करने का आदेश दिया है।

### अब देश की सीमाओं पर तैनात होंगे रोबोटिक डॉग

**जैसलमेर।** देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। आईआईटी कानपुर में रोबोट डॉग का निर्माण किया है। इसका नाम एम-2 रखा गया है।

### शराब घोटाला केस-दिल्ली हाईकोर्ट का ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले केस में दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल की याचिका पर गुरुवार दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया। इसमें जांच एजेंसी से उसका पक्ष रखने को कहा गया। केजरीवाल ने बुधवारको याचिका लगाकर ट्रायल कोर्ट के फैसले पर स्टे लगाने की मांग की थी।

### इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू होंगे गिरफ्तार!

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने गुरुवार को युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराधों को लेकर इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। आईसीसी ने नेतन्याहू और गैलेंट पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप लगाया, जिसमें हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्यों की बात कही गई।

# डोमिनिका-गुयाना ने मोदी को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

## घोषणा-भारत गुयाना में जन औषधि केंद्र खोलेगा

### डिजिलॉकर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च होगा

एजेंसी ■ जॉर्जटाउन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना में कैरिबियाई देश डोमिनिका ने द डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया है। डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन ने पीएम मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा। कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका को वैक्सीन पहुंचाने के लिए मोदी को यह अवॉर्ड दिया गया है। गुयाना ने भी मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान ऑर्डर ऑफ एक्सिलेंस और बारबाडोस ने ऑनररी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस से सम्मानित किया। उन्होंने अवॉर्ड सभी भारतवासियों को समर्पित किया। इसके अलावा दो दिवसीय गुयाना यात्रा में पीएम मोदी ने कैरिबियाई देशों के प्रतिनिधियों के साथ दूसरे इंडिया-कैरिकॉम समिट में भी हिस्सा लिया। समिट के इतर प्रधानमंत्री ने कैरिबियाई देशों के प्रतिनिधियों से द्विपक्षीय चर्चाएं कीं। गुयाना के राष्ट्रपति के अलावा मोदी ने डोमिनिका के पीएम और सूरीनाम के राष्ट्रपति चान संतोखी सहित अन्य नेताओं से औपचारिक बातचीत की। बातचीत के बाद मोदी और राष्ट्रपति इरफान ने लोगों को संबोधित भी किया।

### मोदी नेताओं के चैंपियन

गुयाना के राष्ट्रपति ने कहा कि पीएम मोदी का का यहां होना हमारे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। वे नेताओं के बीच चैंपियन हैं। मोदी ने शानदार लीडरशिप की है। विकासशील दुनिया को रोशनी दिखाई है। विकास का वो तरीका अपनाया है, जिसे कई लोग अपने देश में अपना रहे हैं।

### इरफान ब्रांड ऐंबैस्डर

मोदी ने स्वागत के लिए राष्ट्रपति इरफान का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इरफान का भारत के साथ विशेष रिश्ता है। वे भारतीय समुदाय के ब्रांड ऐंबैस्डर हैं। पीएम ने कहा कि वो 24 साल के बाद गुयाना की यात्रा पर आए हैं। इससे पहले वो एक आम आदमी के तौर पर निजी यात्रा के लिए गुयाना आए थे। किसी भारतीय पीएम का यह 56 साल बाद गुयाना दौरा है।

# अब जात-पात खत्म करें! मंदिरों और मस्जिदों में भी हो राष्ट्रगीत

**हिंदू राष्ट्र के नारे के साथ धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा, बोले-**

**हनुमान चालीसा पाठ हुआ, भगवा ध्वज के साथ बढ़ रहे**



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम सिद्ध पीठ से रामराजा सरकार की नगरी ओरछा के लिए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पदयात्रा शुरू हो गई। यात्रा शुरू करने के पहले शास्त्री ने सुबह भगवान बागेश्वर महादेव और बालाजी की पूजा-अर्चना की। आरती करने के बाद उन्होंने राष्ट्रध्वज फहराकर राष्ट्रगान गाया। इसके बाद शास्त्री के आह्वान पर हजारों लोगों ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। बागेश्वर धाम से पैदल यात्रा शुरू करने के दौरान शास्त्री ने कहा कि वह शालीनता के साथ पदयात्रा में चलें। एक दूसरे का ख्याल रखें। यह एकता यात्रा सभी सनातनियों को जोड़ने के लिए शुरू की गई है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि अब हमें जात-पांत खत्म कर मंदिरों और मस्जिदों में भी राष्ट्रगीत गाया जाना चाहिए ताकि यह पता चल सके कि इस मातृभूमि से किसे प्रेम है और कौन नफरत करता है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की बड़ी घोषणा**

# अब इंदौर का भी हटाया जाएगा बीआरटीएस

- बीआरटीएस को लेकर हाईकोर्ट में लगी हैं दो याचिकाएं
- इंदौर शहर में 11.5 किमी लंबा बीआरटीएस बनाया गया था



**इंदौर।** इंदौर में दस साल पहले 300 करोड़ की लागत से बनाया गया बीआरटीएस अब हटाया जाएगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शहर में मीडिया से चर्चा करते हुए यह बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जनता को इससे परेशानी हो रही है और जनप्रतिनिधियों की मांग पर यह निर्णय लिया जा रहा है। कोर्ट में भी सरकार की ओर से हम इस संबंध में अपना पक्ष रखेंगे। बीआरटीएस पर हर दिन यात्री बसों का संचालन किया जाता है। लेकिन बीआरटीएस की वजह से अन्य वाहनों को जगह कम मिलती है। इंदौर में राजीव गांधी प्रतिमा से लेकर निरंजनपुर तक करीब 11.5 किमी लंबा बीआरटीएस बना हुआ है। गौरतलब है कि इससे पहले राजधानी भोपाल का बीआरटीएस तोड़ा जा चुका है।

### दिल्ली विस चुनाव-आप ने जारी की पहली सूची

**11 प्रत्याशियों के नाम का किया गया ऐलान**

**नई दिल्ली।** आप ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। लिस्ट में 11 नाम हैं। इनमें से छह नेता ऐसे हैं, जो भाजपा या कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए हैं। ब्रह्म सिंह तंवर, बीबी त्यागी और अनिल झा ने हाल ही में भाजपा छोड़ी थी। वहीं जुबैर चौधरी, वीर सिंह धींगान और सुमेश शौकीन कांग्रेस से आप में आए हैं। दिल्ली विस का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग मौजूदा सदन के पांच साल के कार्यकाल के खत्म होने की तारीख से पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराता है।

# यूपी-झारखंड में हादसा...12 लोगों की मौत

## यमुना एक्सप्रेस वे पर ट्रक से टकराई बस, हजारीबाग में बस पलटी

**15 से अधिक यात्री घायल, अस्पताल में भर्ती**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया संज्ञान**

एजेंसी ■ अलीगढ़/हजारीबाग

उत्तर प्रदेश और झारखंड में दो भीषण सड़क हादसे हुए हैं। गुरुवार रात यमुना एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस ट्रक से जा भिड़ी, जिसमें पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। वहीं झारखंड के हजारीबाग में यात्री बस पलटने से सात लोगों की मौत हो गई। यूपी के यमुना एक्सप्रेस वे पर अलीगढ़ के पास टप्पल क्षेत्र में डबल डेकर बस की ट्रक से भिड़ंत हो गई।



हादसे में 5 माह की मासूम समेत पांच लोगों की मौत हुई है। 15 से अधिक यात्री घायल हैं। हादसे के बाद देर रात तक जाम लगा रहा। हादसा उस समय हुआ, जब दिल्ली से आजमगढ़ जा रही बस पीछे से ट्रक में जा घुसी। टक्कर से बस चकनाचूर हो गई। काफी देर तक यात्री अंदर फंसे रहे। घायलों में 11 महीने की लड़की, 5 साल का बच्चा, तीन महिलाएं और नौ पुरुष शामिल हैं। बस की खिड़कियां तोड़कर घायलों को निकाला गया। इधर, झारखंड के हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर में गुरुवार की सुबह 6 बजे कोलकाता से पटना जा रही यात्री बस पलट गई। इससे सात यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि जहां दुर्घटना हुई, वहां सिक्स लेन सड़क निर्माण के दौरान कंपनी ने सड़क का अधूरा काम छोड़ दिया है। इस कारण बस अनियंत्रित हो गई और गड्ढे में पलट गई।

**मचा बवाल** | सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट के लिए 2200 करोड़ रुपए की रिश्वत देने का दिया ऑफर, गिरफ्तारी वारंट जारी

# गौतम अडाणी समेत आठ पर न्यूयॉर्क में धोखाधड़ी का केस दर्ज

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी समेत आठ लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का कहना है कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे।

यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है। 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था। बुधवार को इसकी सुनवाई में गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी, विनीत एस जैन, रंजीत गुप्ता, साइरिल कैबेनिस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, गौतम अडाणी और सागर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया है। सागर अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के अधिकारी हैं।



### अमेरिकी निवेशकों का पैसा

अडाणी पर आरोप है कि रिश्वत के इन पैसों को जुटाने के लिए उन्होंने अमेरिकी निवेशकों और बैंकों से झूठ बोला। अमेरिका में मामला इसलिए दर्ज हुआ, क्योंकि प्रोजेक्ट में अमेरिका के इन्वेस्टर्स का पैसा लगा था और अमेरिकी कानून के तहत उस पैसे को रिश्वत के रूप में देना अपराध है।



### राहुल बोले- अडाणी को बचा रहे मोदी भाजपा बोली- मां-बेटे खुद जमानत पर



इधर, गुरुवार को ही कांग्रेस राहुल गांधी ने अमेरिका में गौतम अडाणी पर लगे करप्शन के आरोपों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अडाणी जी 2 हजार करोड़ रुपए का स्कैम कर रहे हैं। बाहर घूम रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी उन्हें बचा रहे हैं। गौतम अडाणी ने अमेरिका में क्राइम किया है, लेकिन भारत में उन पर कुछ नहीं हो रहा है। अडाणी की प्रोटेक्टर सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच पर केस होना चाहिए। वहीं राहुल के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अडाणी ग्रुप के खिलाफ अमेरिकी केस में नामित चारों राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं थी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और तमिलनाडु में उसकी सहयोगी पार्टी की सरकार थी। राहुल गांधी पीएम मोदी की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने 2019 में राफेल मुद्दा उठाया था, लेकिन बाद में उन्हें सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी। राहुल ये भूल गए हैं कि वो और उनकी मां सोनिया गांधी खुद जमानत पर बाहर हैं।

# कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था...

### यासीन मलिक मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

एजेंसी ■ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि इस देश में आतंकी अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे संकेत दिए कि अदालत यासीन मलिक मामले में तिहाड़ जेल के भीतर ही कोर्ट रूम स्थापित करने का निर्देश दे सकती है। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने जम्मू कश्मीर सत्र अदालत के बीते साल सितंबर में दिए एक आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। यासीन मलिक फिलहाल तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। साथ ही जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रूबिका सईद के अपहरण के मामले में सुनवाई चल रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### भारतीय वन सेवा के दो अधिकारी इधर से उधर

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा भारतीय वन सेवा के दो अधिकारियों को प्रशासकीय हित में स्थानांतरित किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) व्हीएन अम्बाडे मुख्यालय भोपाल को प्रबंध संचालक मप्र राज्य वन विकास निगम, भोपाल प्रतिनियुक्ति पर और प्रधान मुख्य वन संरक्षक वित्त एवं बजट शुभरंजन सेन को प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी मुख्यालय, भोपाल स्थानांतरित किया गया है।

### नूरी खान बनीं महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित होने के बाद से उपजे विद्रोह और नाराजगी को दूर करने के रास्ते खोजे जाने लगे हैं। इन्हीं प्रयासों के बीच उज्जैन की कांग्रेस नेत्री नूरी खान को सम्मानजनक पद से नवाजा गया है। उन्हें जीतू पटवारी की टीम की महिला विंग का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है। नूरी की इस नियुक्ति को उनके सतत संघर्ष और दिल्ली दरबार के घनिष्ठ संबंधों का नतीजा बताया जा रहा है। मध्यप्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश की एक नाराज महिला नेत्री नूरी खान को मनाने के लिए उन्हें अहम पद दिया है। ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने यह नियुक्ति की है। महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष बनाने के साथ ही नूरी खान को सदस्यता अभियान का प्रभारी भी नियुक्त किया गया है।

### ड्रग कानून प्रवर्तन के लिए चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**भोपाल।** पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के तत्वावधान में गुरुवार को केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में ड्रग कानून प्रवर्तन के लिए चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व डीजीपी और सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शुक्ला ने डिजिटल युग में ड्रग तस्करी द्वारा उत्पन्न बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने के लिए कानून प्रवर्तन, नियामक निकायों और संबंधित संगठनों के प्रमुख हितधारकों को एकजुट करने में इस विशेष सम्मेलन की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। अकादमी के निदेशक अनिल किशोर यादव, ने सम्मेलन की थीम, डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी और मनी लॉन्ड्रिंग ड्रग तस्करी की चुनौतियों का त्रिकोण और व्यापक रोकथाम और पुनर्वास की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।

# बुधनी विधानसभा का सबसे पहले आएगा रिजल्ट

### विजयपुर में 16, बुधनी में 13 राउंड में पूरी होगी ईवीएम की काउंटिंग

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

विजयपुर और बुधनी विधानसभा में हुई वोटिंग के बाद मतगणना की तैयारियां जिला निर्वाचन अधिकारियों ने पूरी करा ली हैं। राउंडवार गणना के आधार पर पहले बुधनी और फिर विजयपुर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम घोषित होगा। 23 नवंबर यानी शनिवार सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मतगणना के लिए सभी सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। विजयपुर विधानसभा में मतगणना शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज श्योपुर में होगी। इस विधानसभा क्षेत्र के 327 मतदान केंद्रों में मतों की गणना के लिए 16 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना 21 राउंड में कराई जाएगी। बुधनी विधानसभा में मतगणना शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में होगी। 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। 363 मतदान केंद्रों में मतों की गणना के लिए 2 कक्षों में 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। केवल अधिकृत व्यक्ति ही यहां प्रवेश कर सकेंगे।



कोई भी अनधिकृत व्यक्ति मतगणना सेंटर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। मतगणना कर्मियों का तीन लेवल पर रेंडमाईजेशन होगा। हर मतगणना टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाईजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट, एक काउंटिंग स्टॉफ तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेगा। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी उम्मीदवार, निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना एजेंट को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केंद्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी।

मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा प्रतिबंधित रहेगा। किसी को भी मतगणना हॉल में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी द्व केवल आरओ, एआरओ, काउंटिंग सुपरवाइजर जो ईटीपीबीएमएस या इनकोर से जुडे हैं, वे केवल ईटीपीबीएमएस, इनकोर ओपन करने के लिए ओटीपी के लिए मोबाइल ले जा सकेंगे।

# मनन और चिंतन का यही समय है, सही समय है

## मुख्यमंत्री स्किल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल



**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज किताबी ज्ञान भले ही पूरा हुआ हो परंतु दीक्षांत के बाद स्वाध्याय, मनन और चिंतन सतत् जारी रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मंत्र दिया कि यही समय है-सही समय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को इंदौर में सिबायोसिस स्किल यूनिवर्सिटी के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलते दौर में भारत में बहुत से उल्लेखनीय काम हो रहे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। हमारी नई पीढ़ी तकनीकी रूप से दक्ष बने और देश के विकास और समग्र मानव समाज के कल्याण में अपना योगदान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इजराइल का उदाहरण देते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान के बल पर ही इजराइल ने अनेक चुनौतियों से पार पाया है। हमें भी अपनी क्षमता और तकनीकी दक्षता को शिखर तक ले जाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैतिकता सदा ही सर्वोपरि है। शिक्षा के साथ संस्कारों की दीक्षा भी ज़रूरी है। मुख्यमंत्री ने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

सीएम ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शिखर हैं किन्तु सिम्बायोसिस समूह जिन्होंने तकनीकी दक्षता और तकनीकी क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्थापित किया है, यह और भी महत्वपूर्ण योगदान हो जाता है। उन्होंने प्रो. चांसलर डॉ. स्वाति मजूमदार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका को छोड़कर भारत में शिक्षा को अपना जीवन समर्पित किया है।

### नैतिक शिक्षा प्रतियोगिता में मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

मध्यप्रदेश सरकार एवं संस्था इस्कॉन द्वारा श्रीमद भागवत गीता पर स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नैतिक मूल्य शिक्षा के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एक लाख रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त 21 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी नि:शुल्क भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता 26 से 29 नवंबर को प्रतिदिन दोपहर 12 से 1 बजे तक ऑनलाइन होगी।

### आपदामुक्त सिंहस्थ-2028 के प्रशिक्षण का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में पुलिस लाइन सरोवर पर सिंहस्थ- 2028 को आपदामुक्त संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 18 हजार पुलिस, एसडीआरएफ, होमगार्ड जवान एवं सिविल वॉलिंटियर्स को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान डीप डाइवर्स, तैराकों, बोट हैंडलर्स के कार्यों का अवलोकन किया तथा ब्रीदिंग अप्रैटस, स्नेक कैचर एवं आपदा प्रबंधन के कार्य में आने वाले अन्य उपकरणों का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा आदि मौजूद थे।

### सीएम ने लड्डू प्रसाद वाहन को ध्वज दिखाकर किया रवाना



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को श्री महामृत्यूंजय द्वार समीप श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह लड्डू प्रसाद ले जा रहे वाहन को केसरिया ध्वज दिखाकर रवाना किया। लड्डू प्रसाद श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव, मिथिला नेपाल में वितरण के लिए अयोध्या श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट रवाना किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ डमरूवादन, शंखनाद और वेद ऋचाओं की गूंज से हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नेपाल के धार्मिक, सांस्कृतिक और मैत्री सम्बन्ध बहुत पुराने हैं। मिथिला नेपाल में महाकाल का लड्डू प्रसाद वितरण का कदम भारत नेपाल संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी है।

# सरकार सबसे ज्यादा फिक्र अन्नदाता की करती हैः सीएम

### मध्यप्रदेश में निरंतर बढ़ रहा है सिंचाई का रकबा



**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है, जो सबसे ज्यादा फिक्र अपने अन्नदाता की करती है। सरकार निरंतर हर खेत तक पानी पहुंचाने के कार्य कर रही है। जल संसाधन विभाग की विभिन्न वृहद, मध्यम एवं सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं से मध्यप्रदेश में निरंतर सिंचाई का रकबा बढ़ रहा है। सिंचाई की समुचित व्यवस्था हो जाने से अब किसान 2 फसलों के स्थान पर 3 फसल लेने लगे है। इससे उत्पादन में भी वृद्धि हुई है और किसान समृद्ध भी हो रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 में जहां प्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग 3 लाख हेक्टेयर था, आज बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश की निर्मित और निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं से प्रदेश में वर्ष 2025-26 तक सिंचाई का रकबा लगभग 65 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। सरकार ने वर्ष 2028-29 तक प्रदेश की सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हैक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए प्रदेश में तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। सरकार ने विभाग के लिए बजट में भी पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है। वर्ष 2024-25 के बजट में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं संधारण के लिए 13 हजार 596 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि प्रदेश की सिंचाई परियोजनाओं में केन-बेतवा लिंक परियोजना एक महत्वाकांक्षी नदी जोड़ों राष्ट्रीय परियोजना है। इसमें केन नदी पर दौधन बांध, आनुषंगिक कार्य एवं लिंक नहर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना के अंतर्गत बेतवा कछार में बीना काम्पलेक्स, कोटा बैराज तथा लोअरओर परियोजनाओं का निर्माण किया जाना सम्मिलित है। परियोजना से उत्पन्न होने वाली 103 मेगावाट जल विद्युत तथा 27 मेगावाट सौर ऊर्जा पर पूरा अधिकार मध्यप्रदेश का होगा।

### कल को होगी किशोर न्याय समिति की समीक्षा बैठक

**भोपाल।** प्रदेश में बाल संरक्षण बाल अधिकार एवं बाल सुरक्षा के लिए लागू विभिन्न अधिनियम/नियमों एवं बालकों को प्रदाय की जा रही विभिन्न सेवाओं के क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन के लिए तीन सदस्यीय किशोर न्याय समिति का गठन किया गया है। शनिवार को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आनन्द पाठक की अध्यक्षता में किशोर न्याय समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश में बाल संरक्षण के लिए तैयार वर्ष 2023-27 की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा की जाएगी। बैठक में किशोर न्याय समिति के सदस्य एवं उच्च न्यायालय ग्वालियर एवं जबलपुर के न्यायाधीश जीएस अहलूवालिया तथा अनुराधा शुक्ला के अतिरिक्त बाल संरक्षण के मुद्दों पर कार्य करने वाली शासन के विभिन्न विभागों सहित सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने भी उपस्थित रहेंगे।

# एमपी ट्रांसको के 132 केव्ही पुराने सब-स्टेशन होंगे ऑटोमेटिकः मंत्री तोमर

### पायलेट प्रोजेक्ट के लिए भोपाल, इंदौर और जबलपुर के सब-स्टेशन को चुना



**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि एमपी पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी 132 केव्ही क्षमता वाले पुराने सब स्टेशनों को ऑटोमेटिक बनाने की तैयारी कर रही है। पहले पायलेट प्रोजेक्ट में जबलपुर, इंदौर और भोपाल के एक-एक सब-स्टेशन को चुना गया है। पूरी तरह से इन सब स्टेशनों को स्वचलित बनाने का काम जल्दी ही पूरा होगा। इन सब स्टेशनों को नजदीक के किसी एक प्रमुख सब-स्टेशन से संचालित एवं नियंत्रित किया जा सकेगा।

प्रयोग के तौर पर 3 पुराने सब-स्टेशनों को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया है, यदि सफलता मिली तो और भी पुराने सब-स्टेशनों को रिमोट से संचालित किया जा सकेगा। प्रदेश में दो जी.आई.एस. (गैस इंसूलेटेड स्विचगीयर) सब-स्टेशनों को पहले से ही ऑटोमेटिक संचालित किया जा रहा है। इनमें से एक महालक्ष्मी इंदौर में तथा दूसरा ई-8 अरेरा कालोनी भोपाल में क्रियाशील है।

वर्तमान में सब-स्टेशन का कार्य मैन्युअली होता है। सब-स्टेशनों के रिमोट आपरेशन से इनके संचालन और मानीटरिंग का कार्य सटीक होगा। इससे जहाँ मानव चूक के कारण होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सकेगी, वहीं तकनीक के उपयोग से विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता में बढ़ोत्तरी होगी।

यह सब-स्टेशन पूरी तरह ऑटोमेटिक मोड पर संचालित होंगे। इन्हें ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक से नियंत्रित किया जायेगा। भोपाल के 132 केव्ही सब-स्टेशन अयोध्या नगर, इंदौर के 132 केव्ही सब-स्टेशन सत्य साई एवं जबलपुर के 132 केव्ही सब-स्टेशन माढ़ोताल को अत्याधुनिक तकनीक के रिमोट ऑपरेटेड सब-स्टेशन में परिवर्तित किया जा रहा है। इस प्रयोग के सफल होने पर पावर ट्रांसमिशन कंपनी चुनिंदा 220 केव्ही सब-स्टेशन को भी रिमोट से संचालन करने की तैयारी की जाएगी। मध्यप्रदेश में एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 400 केव्ही के 14 सब-स्टेशन, 220 केव्ही के 88 सब-स्टेशन और 132 केव्ही सब-स्टेशन के 314 सहित कुल 416 सब-स्टेशन हैं। जीआईएस सब-स्टेशनों को रिमोट से आपरेट करने में पहले ही सफलता हॉसिल हो चुकी है।

### संविधान के 75 साल पूरे होने पर 26 को निकलेगी 'संविधान दिवस पदयात्रा'

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की अध्यक्षता में गुरुवार मंत्रालय में 26 नवंबर को संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 'संविधान दिवस पदयात्रा' की तैयारियों संबंधी बैठक हुई। मंलगवार 26 नवंबर को राजधानी भोपाल में संविधान दिवस पद-यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दो हजार से अधिक युवाओं के शामिल होने की उम्मीद है। मंत्री ने बताया कि संविधान दिवस पदयात्रा शौर्य स्मारक से शुरू होकर बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को नमन कर शौर्य स्मारक पर समापन होगी। उन्होंने पद-यात्रा के आयोजन के संबंध में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। यात्रा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समन्वय में होगी। इसमें नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा के युवा शामिल होंगे। पदयात्रा में खेल एवं युवा कल्याण के खिलाड़ी और आदिम जाति कल्याण विभाग के संबंधित छात्रावासों के विद्यार्थी भी सम्मिलित होंगे।मंत्री सारंग ने बताया कि संविधान दिवस पद-यात्रा 26 नवंबर को पूर्वाहन में आयोजित होगी। इसमें स्कूली और कॉलेज के बच्चे भी शामिल होंगे।

# विक्रम उद्योगपुरी को मिला सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क का अवार्ड

### केन्दीय मंत्री गोयल ने दिल्ली के भारत मंडपम में किया सम्मानित

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

उज्जैन जिले को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। उज्जैन-देवास रोड स्थित विक्रम उद्योगपुरी को सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क घोषित किया गया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव के प्रभावी नेतृत्व का परिणाम है। उनके नेतृत्व में उज्जैन न केवल सांस्कृतिक धार्मिक नगरी के रूप में अलग पहचान बना रहा है, बल्कि औद्योगिक एवं पर्यावरण विकास में भी राष्ट्रीय पहचान बना रहा है। विक्रम उद्योगपुरी को मिला यह सम्मान न केवल मध्यप्रदेश के लिए गर्व का क्षण बना, बल्कि उसकी सफलता और स्वच्छता की कहानी पूरे देश में एक मिसाल बन गई है, जिसे अब अन्य औद्योगिक पार्कों के लिए आदर्श माना जाएगा।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा यह प्रतिष्ठित अवार्ड, गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के कार्यकारी निदेशक, राजेश राठौड़ ने यह अवार्ड प्राप्त किया। इस समारोह में कुल 15 औद्योगिक पार्कों को स्वच्छता के लिए सम्मानित किया गया था। विक्रम उद्योगपुरी ने देशभर के 140 औद्योगिक पार्कों में यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया। गोयल ने इंदौर और उज्जैन के स्वच्छता प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विक्रम उद्योगपुरी का यह सम्मान न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान निश्चित रूप से प्रदेश के उद्योगों को और अधिक आत्मनिर्भर और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छ औद्योगिक पार्क अभियान में देश भर के 18 राज्यों के औद्योगिक विकास निगमों से पंजीकरण कराने वाले 140 औद्योगिक पार्कों में से विक्रम उद्योगपुरी को सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क के तौर पर चुना गया। औद्योगिक पार्कों की स्क्रीनिंग और मूल्यांकन का कार्य फिक्की और पीडब्ल्यूसी की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया था। इसके बाद, साइट निरीक्षण के आधार पर विक्रम उद्योगपुरी को सर्वोच्च रैंक प्राप्त हुआ।



### उज्जैन को औद्योगिक हब बनाने का सपना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन को औद्योगिक हब बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उज्जैन में औद्योगिक विकास के लिए अपार संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कई उद्योगपतियों से संपर्क कर विक्रम उद्योगपुरी में निवेश के लिए प्रेरित किया है। यहां अमूल, पेप्सिको इंडिया, और एमडीएच जैसी बड़ी कंपनियों ने पहले ही निवेश किया है। इसके तहत अब तक 15060 रोजगार सृजित किए जा चुके हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। अब उज्जैन न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

**लक्ष्य** | 50 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम अब तक भाजपा से दूर, संघ भी चाहता है मुस्लिमों का साथ

# अब मुस्लिमों पर आरएसएस की नजर, चलाएगी सदस्यता अभियान

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुस्लिमों पर अब आरएसएस की नजर है। माना जा रहा है कि भाजपा की पहुंच से 50 फीसदी से अधिक मुस्लिम अब तक दूर हैं। ऐसे में संघ के अनुषांगिक संगठन राष्ट्रीय मुस्लिम मंच सदस्यता अभियान चलाएगी। बताया जा रहा है कि इस अभियान का आगाज दिसंबर से शुरू होगा।

इसे लेकर राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के प्रदेश संयोजक तौफीक अहमद का बयान भी सामने आया है। उनका कहना है कि बीते सदस्यता अभियान में सर्वाधिक मुस्लिमों को मंच से जोड़ा गया था। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अभियान का असर दिखाई दिया। हमारा लक्ष्य राष्ट्रवाद के लिए है। संघ के साथ राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़ने के लिए अल्पसंख्यक वर्ग से संवाद किया जाएगा। हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक मुस्लिमों को सदस्य बनाने का है। बीते 70 साल में मुस्लिमों का राजनीतिक दलों ने शोषण किया। अब केंद्र और प्रदेश की योजना से मुस्लिम भी लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा नेता शुभम शुक्ला का कहना है कि राष्ट्रवाद के लिए आरएसएस के अलग-अलग प्रकल्प काम करते हैं। राष्ट्र के लिए चेतना जागने का काम करते हैं। यह स्वागत योग्य कदम है। मुस्लिम राष्ट्रवाद से जुड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी आतंकवादियों के साथ होती है। यह अंतर कांग्रेस और भाजपा में बहुत स्पष्ट देखा जा सकता है। कांग्रेस की राजनीति पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे दो पड़ोसी देश में दिखती है। जो कि इतिहास में दिखाई देता है।




फाइल फोटो

**संघ और भाजपा की आधारशिला ही बेईमानीः कांग्रेस** – इस पर कांग्रेस नेता जेपी धनोपिया ने कहा कि यह संघ और भाजपा के दोहरा चरित्र है। दिखाते कुछ और करते कुछ और हैं। पूरे देश में माहौल बिगाड़ रखा है। काटेंगे बाटेंगे जैसे बयान किसके। ये सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का काम करते हैं। साधु-संतों तक को चुनाव में लगाकर प्रचार कराते हैं। अल्पसंख्यक को गुमराह करने का काम करते हैं। पहले संदेह जताते हैं फिर राष्ट्रवाद की बात करते हैं। दोनों ही संगठन की आधारशिला ही बेईमानी है।

### आज दिल्ली में भाजपा की बैठक, तय होगी गाइडलाइन

भोपाल। बूथ समितियों के चुनाव लगभग निपटने के बाद अब भाजपा मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर तैयारी शुरू करने वाली है। इसको लेकर राष्ट्रीय स्तर पर शुक्रवार को दिल्ली में बैठक होने वाली है, जिसमें मंडल अध्यक्ष के चुनाव की गाइडलाइन तय की जाएगी। पिछली बार भाजपा ने संगठन चुनाव में एक नया प्रयोग करते हुए मंडल अध्यक्षों की उम्र निर्धारित कर दी थी और 90 प्रतिशत से ज्यादा मंडलों में 35 साल तक के युवाओं को मंडल अध्यक्ष बनाया गया था और जिलाध्यक्ष भी 50 साल से कम के ही थे। इसको लेकर शुरुआत में विरोध तो हुआ, लेकिन बाद में युवाओं ने जब पार्टी की बागडोर संभाली तो यह प्रयोग सफल रहा। इस बार भी कुछ ऐसा ही प्रयोग पार्टी कर सकती है।

## ब्रीफ न्यूज

### रिसोर्ट के बाहर से मोटर साइकिल चोरी

**ललितपुर।** सिविल लाइन निवासी अर्पित जैन पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 17 नवम्बर को शाम करीब 7 बजे नेहरू महाविद्यालय के पास रिसोर्ट मैरिज गार्डन में खाना खाने गये थे। बताया कि अपनी गाड़ी गार्डन के सामने खड़ी कर दी और गार्डन के अन्दर खाना खाने चले गये। खाना खाकर के जैसे ही वापिस आये तो देखा कि उसकी सुपर स्पेलेण्डर गाड़ी संख्या यू.पी94 आर 3009 अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। काफी खोजबीन करने के बावजूद भी गाड़ी का पता नहीं चला। बताया कि गाड़ी के कागजात भी उसी गाड़ी की डिग्गी में रखे हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम कुआतला निवासी लाड़ले पुत्र घनसू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 13 नवम्बर की शाम करीब 6 बजे वह गांव से घर जा रहा था। तभी गांव के हरचरन ने गालियां देते हुये विरोध करने पर मारपीट कर दी। बचाने आयी पत्नी राजकुमारी ने घटना देखी, जिसके साथ भी मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### पति से मारपीट कर तोड़ी गाड़ी

**ललितपुर।** मड़ावरा अंतर्गत ग्राम हंसरी निवासी कमलेश रानी पत्नी वीर सिंह लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 नवम्बर की शाम करीब 5 बजे गांव के छोटू पुत्र राजकुमार ठाकुर ने गालियां देते हुये पति के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी गाड़ी भी तोड़ दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### महिला कांस्टेबिल के पति का शव फांसी पर लटका मिला

**ललितपुर।** कस्बा तालबेहट में महिला कॉन्स्टेबल के पति का शव उसके सरकारी आवास परिसर में पीछे पेड़ पर रस्सी से फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। महिला कॉन्स्टेबल अपनी पुत्री के साथ दो दिन पहले छुट्टी पर गई है। उसके आवास पर ताला लगा हुआ है। पुलिस ने महिला कॉन्स्टेबल और उसके परिजनों को सूचना दे दी है। आशंका जताई जा रही है कि युवक द्वारा आत्महत्या की गई है। कोतवाली तालबेहट अंतर्गत क्षेत्राधिकारी तालबेहट कार्यालय में तैनात महिला कॉन्स्टेबल गोमती अपने पति रंजीत व 6 साल की पुत्री के साथ तालबेहट में सरकारी आवास में रह रही थी। पिछले दो दिन पहले वह छुट्टी लेकर गई हुई थी। गुरुवार को सुबह लोगों ने उसके सरकारी आवास के पीछे परिसर में महिला कॉन्स्टेबल के पति कन्नौज निवासी 30 वर्षीय रंजीत का शव अमरूद के पेड़ पर रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी तालबेहट अनुराग अवस्थी मौके पर पहुंचे। शव को पेड़ से नीचे उतारा कर कार्रवाई शुरू कर दी। आशंका जताई जा रही है कि युवक द्वारा आत्महत्या की गई है। वह शराब के नशे का आदी था। मृतक की एक पुत्री है।पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है।

# अन्धे हत्याकाण्ड का पुलिस ने किया पर्दाफाश

- चार माह पहले हुयी तालाब में मिला था युवक का शव
- दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, आलाकत्ल भी बरामद



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

इसी वर्ष के माह जुलाई के दूसरे सप्ताह में जुगपुरा की तलैया में एक युवक का शव पड़ा मिला था। प्रथम दृष्टया पुलिस इस घटना को हत्या का मान कर जांच-पड़ताल में जुट गयी। पड़ताल में दो शातिर बदमाशों के नाम प्रकाश में आये, जो कि ट्रेनों में मृतक के साथी रहते हुये चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चार माह बाद आखिरकार पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक की मेहनत रंग लायी और अंधे हत्याकाण्ड का पर्दाफाश हो सका। इस प्रकरण का सफलता पूर्वक पर्यवेक्षण करने में एएसपी अनिल कुमार और सीओ सदर अभय नारायण राय की भूमिका भी प्रशंसनीय रही है।

एसपी मो.मुश्ताक ने बताया कि जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में जुगपुरा तलैया में एक युवक का शव पड़ा मिला था। घटना की सूचना जुगपुरा निवासी भज्जू अहिरवार पुत्र बारेलाल ने पुलिस को दी थी। इसी सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर फोरेन्सिक जांच कर साक्ष्य संकलन किया गया था। घटना के करीब पन्द्रह दिन बाद युवक की पहचान मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत बानपुरा दरबाजा निवासी 30 वर्षीय दीपक यादव पुत्र देवीदयाल के रूप में उसके ही परिजनों द्वारा की गयी थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुये एएसपी अनिल कुमार के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया था और घटना के अनावरण को लेकर सीसीटीवी कैमरों की मदद ली गयी और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गयी। जांच के दौरान वीरेन्द्र अहिरवार व विकास अहिरवार के नाम प्रकाश में आये। एसपी ने अंधे हत्याकाण्ड के खुलासे को लेकर पूर्व गठित टीमों पर जोर दिया, जिससे संकलित साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किये गये टीकमगढ़ के हनुमान सागर निवासी वीरेन्द्र अहिरवार व मुहल्ला रोरैया निवासी विकास अहिरवार से पूछताछ भी की गयी। पूछताछ के दौरान पकड़े गये वीरेन्द्र व विकास ने बताया कि वह मृतक दीपक यादव के साथ मिलकर अलग-अलग रेलवे स्टेशनों से ट्रेनों में बैठकर अपना-अपना मोबाइल नम्बर बंद कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे और जो कुछ भी मिलता था, उसे बांट लेते थे। बताया कि उस दिन किसी ट्रेन में उन्होंने चोरी की थी, जिसमें रुपये व कीमती सामान मिला था। जिसे लेकर वह जुगपुरा के सुनसान इलाके में पहुंचे, जहां जाकर शराब का सेवन किया और सामान बटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद को बढ़ता देख उसने नशे में धुत्त होकर मारपीट करते हुये दीपक यादव का गला घोंट कर हत्या कर दी और पकड़े न जायें इस डर से शव को तालाब में फेंक दिया था। घटना के बाद पहचान न हो इसके लिए दोनों अलग-अलग स्थानों पर रह रहे थे। इधर घटना को लेकर धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से आलाकत्ल के रूप में दोपट्टा बरामद किया है। अभियुक्तों को पकडने वाली पुलिस टीम में शहर कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा, सर्विलांस प्रभारी आलोक सिंह व स्वाट टीम प्रभारी अतुल दुबे अपनी टीम के साथ शामिल रहे। वहीं अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का पुरुस्कार देने की घोषणा की।

## बार एसोशियेशन निर्वाचन को लेकर घमासान शुरू

- नामाकंन पत्र वापसी के बाद आज होगी जांच व आपत्ति निस्तारण
- अंतिम सूची का प्रकाश भी आज



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

जिला बार भवन में जिला बार एसोसिऐशन के वार्षिक चुनाव 2024-2025 की नामांकन वापसी की प्रक्रिया सम्पन्न हुयी। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रकाशनारायण देवलिया एड. ने बताया कि नामांकन वापसी के पश्चात अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता नेमिकुमार जैन एड., राजेश कुमार देवलिया एड., सुभाषचंद्र जैन एड., हरीराम राजपूत एड., वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद रतिराम कुशवाहा एड., सुधीर कुमार श्रीवास्तव एड., उपाध्यक्ष (दो पद) अंतिम कुमार जैन एड., प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एड., रामअवतार राय एड., उपाध्यक्ष (एक पद) अर्जुन कुशवाहा एड., कमलेश सिंह लोधी एड., गुरूवेन्द्र सिंह चौहान एड., धर्मेन्द्र कुमार एड., पंकज शर्मा एड., महासचिव पद भगवत प्रसाद पाठक एड., संतोष सिंह यादव एड., शम्भूदयाल शर्मा एड., हरीकृष्ण शुक्ला एड., हरीश कुमार अग्रवाल एड., कोषाध्यक्ष पद कमलेश कुमार गुप्ता एड., विवेक कुमार श्रीवास्तव एड., रामकुमार वैष्णो एड., सहसचिव प्रशासन अमित रिछारिया एड., सहसचिव पुस्तकालय छोटेलाल कुशवाहा एड., सहसचिव प्रकाशन अखिलेश कुमार शर्मा एड., प्रशासनिक परिषद सदस्य (15 वर्षो से अधिक) कैलाश नारायण पुरोहित एड., देवेन्द्र कुमार शर्मा एड., प्रदीप कुमार अगरिया एड., रामगोपाल एड., वीरेश कुमार चौबे एड., शेख सिकन्दर एड., प्रशासनिक परिषद सदस्य (15 वर्ष से कम), अमित ग्वाला एड., लोकेश कुमार एड., प्रमोद कुमार नामदेव एड., प्रवेश कुमार शर्मा एड., प्रसन्न कुमार कौशिक एड., पुष्पेन्द्र गोस्वामी एड., प्रहलाद सिंह एड., रविकांत श्रीवास एड., हरनाम सिंह कुशवाहा एड. निर्वाचन के लिए शेष हैं। 22 नवम्बर 2024 को जांच व आपत्ति निस्तारण के पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। जिन पदों पर प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापसी की गयी है उनमें अध्यक्ष पद से अशोक कुमार खत्री एड. ने, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एड. ने, उपाध्यक्ष दो पद वीरेश कुमार चौबे एड. ने, कोषाध्यक्ष पद से विजय कुमार सिंह एड. ने सहसचिव प्रकाशन से अभिषेक कुमार उपाध्याय एड. व आशीष कुमार शर्मा एड. ने, प्रशासनिक परिषद सदस्य (15 वर्ष से अधिक की श्रेणी वाले) अखिलेश कुमार शर्मा एड. व भागीरथ कुशवाहा एड. ने, प्रशासनिक परिषद सदस्य (15 वर्ष से कम की श्रेणी वाले) राहुल शुक्ला एड. ने अपना नामांकन पत्र वापस लिए।

## डाक्टर ने अपने पुत्रों के साथ कर दिया ऑपरेशन

### संक्रमण होने से बिगड़ी हालत, मरीज की भोपाल एम्स में हुयी मौत

- नझाई बाजार में ललित टॉकीज के पीछे संचालित हो रहा अस्पताल
- पीड़ित परिजनों ने कोतवाली पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को भेजा शिकायती पत्र



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

नझाई बाजार में ललित टॉकीज के पीछे चांदसी अस्पताल का संचालन कर रहे डाक्टर व उसके दो पुत्रों पर लापरवाही पूर्वक पाइल्स का ऑपरेशन करने और ऑपरेशन बिगड़ जाने से मरीज की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर मृतक के परिजनों ने कोतवाली पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को शिकायती पत्र भेजते हुये मामले की जांच और सख्त कार्यवाही की मांग उठायी है। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां में रहने वाले लल्लूराम पुत्र रिखी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 25 जून को वह अपने 38 वर्षीय पुत्र वीरेन्द्र कुमार को उपचार के लिए नझाई बाजार में ललित टॉकीज के पीछे मां मनसा देवी अस्पताल के संचालक डा.आनन्द विश्वास के पास लाया था। बताया कि उसके पुत्र वीरेन्द्र को देखकर डाक्टर ने मरीज को पाइल्स की गम्भीर बीमारी होने का हवाला देते हुये ऑपरेशन की बात कही। आरोप है कि डाक्टर आनंद विश्वास ने अपने दोनों पुत्रों की सहायता से उसके पुत्र वीरेन्द्र का ऑपरेशन कर दिया और दवाएं दीं। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डाक्टर ने उनसे 15 हजार रुपये भी लिये और घर जाकर आराम करने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि काफी दिन गुजर जाने के बावजूद भी जब उसके पुत्र वीरेन्द्र की हालत में सुधार नहीं हुआ तो 11 जुलाई को वह फिर से उसी चिकित्सक के पास दिखाने पहुंचा, जहां अस्पताल के डाक्टर ने उसके पुत्र को देखने से इंकार कर दिया। तदोपरान्त वीरेन्द्र की हालत और बिगड़ गयी, जिस पर वह वीरेन्द्र को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, यहां भी हालत में सुधार न होने पर झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। झांसी मेडीकल में जांच के दौरान उसे बताया गया कि ललितपुर में हुये ऑपरेशन में काफी लापरवाही बरती गयी, जिससे संक्रमण हो गया है। बेहतर उपचार के लिए उसे एम्स में दिखाने के लिए कहा गया। पीड़ित अपने पुत्र वीरेन्द्र को लेकर भोपाल एम्स ले गये, जहां उपचार के दौरान 5 अक्टूबर 2024 को वीरेन्द्र की मौत हो गयी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि डाक्टर आनन्द विश्वास और उसके दोनों पुत्रों द्वारा किये गये ऑपरेशन में लापरवाही बरते जाने के कारण उसके पुत्र को संक्रमण हुआ और उसी से उसकी मौत हो गयी। पीड़ित परिजनों ने मामला दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## घर हो या बाहर महिलायें अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभा रही हैं : एडीजे/सचिव



### नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देशानुसार एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज की अध्यक्षता में नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत निशुल्क विधिक सहायता पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, पैनल अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान, सीओ सदर अभय नारायण सिंह, वन स्टॉप सेंटर की पूनम, सरिता ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। घर हो या कार्यस्थल महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाएं खड़ी हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां महिलाएं अपना योगदान न दे रही हों। घर हो या बाहर महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही हैं। महिलाओं के अधिकारों की धारणाओं के साथ सामान्यत- जुड़े मुद्दों में शारीरिक अखंडता और स्वायत्तता का अधिकार, यौन हिंसा से मुक्ति, वोट देने का अधिकार, सार्वजनिक पद धारण करने का अधिकार, कानूनी अनुबंध करने का अधिकार, पारिवारिक कानून में समान अधिकार, काम करने का अधिकार, उचित मजदूरी या समान वेतन, प्रजनन अधिकार, स्वामित्व का अधिकार आदि शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वार हमेशा महिलाओं को विधिक सेवा प्रदान करने के लिए खुले हुए हैं,महिलाएं विधिक जानकारी हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करके विधिक जानकारी ले सकती हैं। गरीब, निर्बल, असहाय, महिलाओं, बच्चों, बन्दियों, वृद्धजन आदि को निशुल्क विधिक रूप से सक्षम करने के लिये 09 नवम्बर 1987 को विधिक सेवा अधिनियम लागू किया गया। इसके अन्तर्गत अप्राप्त वर्ग को सक्षम निशुल्क विधिक सेवा प्रदान की जाती है। छात्राओं को निशुल्क विधिक सहायता के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं को सम्पत्ति में बराबर का अधिकार, दहेज प्रथा, बाल-विवाह, अनिवार्य शिक्षा योजना, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा के साथ हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 181, 112, 102, 108, 1098, 101, 1930 आदि नंबरों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। संचालन शिक्षक धीरेंद्र जैन ने व आभार प्रधानाचार्या नामित गुप्ता ने व्यक्त किया।



## खेल मैदान आवंटन को लेकर धरना प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को तुवन मैदान को खेल मैदान घोषित करने के नागरिक विकास मोर्चा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन, भारतीय हिन्दू परिषद, फुटबॉल संगठन ने संयुक्त रूप से घंटाघर परिसर में खेल मैदान को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुये जमकर नारे बाजी की। कहा कि शहर में खेल गतिविधियों के लिए मैदान उपलब्ध नहीं है। शहर के एक छोर पर मिनी स्टेडियम बना है, जिसमें सरकारी गैर सरकारी खेल गतिविधियों निर्भर है। इस कारण खेल गतिविधियों को स्पोर्ट्स स्टेडियम उपलब्ध नहीं हो पाता है। वहीं तुवन मैदान पर मेला धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम अक्सर होते रहते है। ऐसी स्थिति में खिलाडियों को खेल गतिविधियों में प्रतिभाग करने का मौका नहीं मिल पाता है। मांग उठायी कि तुवन मैदान को खेल मैदान घोषित किया जाना चाहिए, जिससे इस मैदान में खेल गतिविधियों को प्राथमिकता मिल सके।

## अंतर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में नेमवि विजयी

### साक्षी बुन्देला को मिला मैन आफ दा मैच का पुरस्कार



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

टीकाराम महाविद्यालय मोंठ में आयोजित बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की अंर्त महाविद्यालीयन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 20-11-2024 को किया गया। इस प्रतियोगिता में नेहरू महाविद्यालय की छात्रा साक्षी बुन्देला को मैन आफ द मैच की ट्राफी प्रदान की गई। छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि खेल में आपकी प्रतिभा, लगन और खेल के प्रति समर्पित भाव ही आपको उच्च सोपानों में भागीदारी करने का मौका देता है। कोई भी प्रतियोगिता केवल हार-जीत के लिए नहीं होती बल्कि ऐस आयोजनों से हमारे अंदर सीखने का एक नया सीखने का नये अनुभव का और राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाडियों के बीच रहकर एक नई ऊर्जा का संचार होता है। अर्थशास्त्र विभाग प्रो.आशा साहू ने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क में स्वस्थ मन निवास करता है। यदि हम स्वस्थ होगे तो हमारा मस्तिष्क भी स्वस्थ होगा। विद्यार्थी प्रतियोगिता के माध्यम से स्वस्थ तन एवं स्वस्थ मन के माध्यम से अपनी क्षमता में वृद्धि कर सकते हैं एवं अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते है।

प्रो. अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 15 महाविद्यालय की 60 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसकी 4 टीम बनाई गई। फाइनल मैच में महाविद्यालय की छात्राओं ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। साक्षी बुन्देला को अधिक रन बनाने एवं विकेट लेने के आधार पर मैन ऑफ द मैच की ट्राफी प्रदान की गई। महाविद्यालय की तीन छात्राओं साक्षी बुन्देला, निकिता, कामिनी राजा का चयन अखिल भारतीय अंर्त विश्वविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता जो दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही है, इसमें प्रतिभाग करेंगी। इस अवसर पर डा.अनिल सूर्यवंशी, हिमांशुधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा.मनोज कुमार, अनीता, डा.हरीशचंद्र दीक्षित, डा.रामकुमार रिछारिया, डा.सूबेदार यादव, डा.ओ.पी.चैधरी, संदीप श्रीवास्तव, डा.शैलेंद्र सिंह चैहान, डा.विनोद वर्मा, डा.रोहित वर्मा, डा.राजीव निरंजन, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, अंकित चैबे सहित अभिषेक, रूबी यादव, सपना, सौरभ, प्रिंस शुक्ला, रवि कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## परिवहन बस डिपो जनता के लिए खोला जाये

**ललितपुर।** जिले के ग्राम रोंडा में बस डिपो बनकर तैयार हो गया है पर इसे अभी तक शुरू नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा के द्वारा एक पत्र उत्तर प्रदेश शासन में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह जो को लिखा पत्र के माध्यम से राजकीय परिवहन डिपो रोड में चालू करने के संबंध मे बताया कि ललितपुर जनपद बुंदेलखंड का सबसे पिछड़ा जिला है। यहां आवागमन की सुविधा बहुत कम है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत 2 वर्षो से राजकीय बस डिपो रोंड़ा में बनकर तैयार हो गया है, जिसका उद्घाटन शेष है। उन्होंने उद्घाटन में जो शेष औपचारिकताएं रह गई है उन्हें पूर्ण कराये जाने के साथ ही डिपो का शुभारंभ किये जाने की मांग उठायी है। इस दौरान अंकुर जैन शानू बाबा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

### जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक में बोले अधिकारी

# सहायक नदियों में जल की गुणवत्ता बरकरार रखना महत्वपूर्ण दायित्व



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ के.के.पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डीएफओ ने बैठक को शुरू किया। बैठक में सीडीओ ने बताया की भारत सरकार के राजपत्र के अंतर्गत जिला गंगा समिति को सीवेज अवसंरचना के संवर्धन, आवाह क्षेत्र में सुधार, जन जागरूकता का प्रसार तथा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों में जल की गुणवत्ता बरकरार रखने का दायित्व सौपा गया है। जिला गंगा समिति वनीकरण, प्राकृतिक/जैविक कृषि प्रसार, घाट निर्माण, पर्यटन, मत्स्य पालन, वेटलैंड के विकास व अर्थ गंगा के अन्य क्षेत्रों में समन्वय का कार्य भी करेंगी। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने दैलवारा में स्थापित फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफ.एस.टी.पी.) के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी गतिरोधों को खत्म कर तय समयावधि में प्लांट को जल्द से जल्द क्रियान्वयन में लाने के निर्देश दिए। नगर क्षेत्र में प्रवाहित सभी 42 नालों की टैपिंग और स्क्रीन इंस्टालेशन की समीक्षा की गई। जिन नालों की टैपिंग नहीं हुई है, वहां बायो फायटोरेमेडीएशन का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। बायो रेमेडीएशन पद्धति में सूक्ष्म जीवों का उपयोग कर कार्बनिक प्रदूषकों को नष्ट किया जाता है। डीपीआरओ को नदियों में धार्मिक पेशकश की रोकथाम हेतु जागरूकता के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाने के साथ जागरूकता शिविर आयोजित कर ऐसी सामग्री को नदी में फेंकने से होने वाले प्रदुषण के संबंध में आम लोगों को जागरूक करने के लिए हर संभव कदम उठाने पर महत्व दिया गया। गंगा ग्रामों में नियमित रूप से गंगा आरती कराये जाने के साथ घाटों की साफ सफाई एवं हर 50 मीटर की दुरी पर कूड़ेदान स्थापित करने के निर्देश दिए गए। अंत में डीएफओ ने आगामी जिला गंगा समिति की बैठकों को अधिक प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया।

बैठक में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे, सिंचाई विभाग भूपेश सुहेरा, अवर अभियंता लघु सिंचाई गौरव सिंह, स्वास्थ विभाग से डा.राजेश भारती, सहायक अभियंता अजय कुमार सचान, कृषि विभाग से रिशु उपाध्याय, नगर पालिका से राजेश जैन एवं दीपक कुमार, पंचायती राज विभाग से लक्ष्मण चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## इण्टर कॉलेज में प्रतियोगिताओं से किया जागरूक



### यातायात माह नवम्बर लगातार जारी

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी ने श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा निबंध, पोस्टर, क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों, विद्यालय स्टाफ एवं आम जनमानस को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया। कहा कि वैध लाइसेंस, वैध फिटनेस, प्रदूषण, बीमा के वाहन चलाना, मादक पदार्थों का सेवन न करना, सड़क पर स्टंट न करना, सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट लगाकर वाहन चलाना, ट्रिपलिंग न करना आदि के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गए। साथ ही प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 196 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग उड़द तिल व मूंगफली की खरीद शीघ्र शुरू की जाएगी

**कटेरा (झांसी)।** ग्रामीण अवस्थापना केंद्र यारा रोड कटेरा में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर शासन द्वारा मूंग उड़द तिल एवं मूंगफली की खरीद जल्द ही की जाएगी गल्ला मंडी सचिव बी.एल.सिंह ने बताया कि कटेरा को स्वीकृति दे दी गई है उक्त केंद्र संचालक शीघ्र ही एमएसपी पर मूंग उड़द, तिल एवं मूंगफली की खरीद होगी जिससे किसानों को अपनी फसलों के उचित दाम मिल पाएंगे

### खाद की किल्लत से किसान बेहाल, ईट से एक दूसरे का सिर फोड़ने को हैं मजबूर

**झांसी।** किसान खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं। महीनों से किसान रात-दिन लाइन में लगकर खाद का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि उन्हें खाद के लिए महीनों इंतजार करना पड़ रहा है और इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। एक महिला कई दिनों से लाइन में लग रही है। खाद न मिलने से बेहोश हो गई। वहीं, एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें किसान ईट लेकर एक व्यक्ति की तरफ मारने को दौड़ रहा है। किसानों को खाद लेने के लिए लंबी-लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। कई किसान रात से ही लाइन में लग जाते हैं। किसानों का आरोप है कि कुछ लोग खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं और किसानों को अधिक दाम पर खाद बेच रहे हैं.खाद न मिलने से किसानों की फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है।

### 14 नवंबर से प्रारम्भ हुए एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**झाँसी।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय को प्राप्त महत्वाकांक्षी परियोजना टेक्नोलॉजी इनेबलिंग सेंटर एवं नवाचार केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में इनोवेशन सेंटर के विभिन्न उपकरणों जैसे की गैस क्रोमैटोग्राफी मास स्पेक्ट्रोमीटर, हाई परफॉरमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी, फॉरिएर ट्रांसफॉर्म इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी, रियल टाइम-पीसीआर, जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस आदि पर दिनांक 14 नवंबर से प्रारम्भ हुए एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया, पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अलग इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक प्रतिभागी को अधिकतम तीन उपकरणों पर ही प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे की उन्हें उपकरण के बारे में अधिक से अधिक जानकारी मिल सके। सूच्य है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक्सिस इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी कानपुर, वि वि परिसर के माइक्रोबायोलॉजी एवं फॉरेंसिक साइंस विभाग के लगभग 50 विद्यार्थियों को दो पूल में रिसोर्स पर्सन डॉ रोहित पियरडन, डॉ मुकुल पस्तोर, डॉ शिवशंकर यादव, डॉ दिलीप शर्मा, पंकज कुशवाहा, सौरभ सविता डॉ के श्रीकांत, डॉ निष्ठां व्यास, सतीश कुमार आदि द्वारा विभिन्न उपकरणों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया आज कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान इनोवेशन सेंटर के संयोजक प्रो एम् एम् सिंह एवं टेक्नोलॉजी इनेबलिंग सेंटर के समन्वयक डॉ लवकुश द्विवेदी द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

# समिति अध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोप जांच में मिले निराधार

## बोर्ड ने बहुमत से उप सभापति अंजलि शर्मा के समान अधिकार पर दी सहमति



**सत्ता सुधार ■ टहरौली**

बमनुआं किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष द्वारा समिति के संचालकों की बैठक न बुलाए जाने तथा समिति से संबंधित कार्यों में रूचि न लेने से हो रही खाद वितरण की समस्या को दूर करने के लिए समिति की उपाध्यक्ष अंजलि शर्मा को समान अधिकार प्रदान कर दिए गए थे जिससे समिति के कार्य प्रभावित न हों।

उक्त कार्यवाही के विरुद्ध समिति के अध्यक्ष संदीप राजपूत ने सहायक आयुक्त निबंधन एवं सहकारिता को एक प्रार्थना पत्र देकर उपाध्यक्ष को समान अधिकार दिए जाने की कार्यवाही का विरोध करते हुए आरोप लगाया था कि संचालक मंडल का बहुमत मेरे साथ है। जिस पर अपर जिला सहकारी अधिकारी मोंठ संतोष शाक्यवार ने वीडियो रिकार्डिंग कराकर सभी संचालकों एवं कर्मचारियों के साथ बमनुआं समिति के बंद कमरे में जांच की जिसमें बहुमत समिति की उप सभापति अंजलि शर्मा के पक्ष में पाया गया तथा अध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोप निराधार मिले।

इस दौरान डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक मानसिंह पटेल समिति, सचिव विकास दीक्षित, अध्यक्ष संदीप राजपूत उपाध्यक्ष अंजलि शर्मा के अलावा संचालक सदस्य भानू प्रताप व्यास, करन सिंह दांगी, दीपक कुमार, वृकोदर सिंह यादव, कामता, रेनू सविता, लक्ष्मी शुक्ला सहित सभी कर्मचारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

# महायज्ञ में शामिल होने एमएलसी ने मुख्यमंत्री को दिया न्योता



**सत्ता सुधार ■ झांसी**

आगामी 26 नवंबर कोंच नगर में शुरू होकर दस दिन तक रवा में होने वाले श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के दिव्य और भव्य आयोजन में देश के प्रख्यात साधु-संत तो जुटने वाले हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को भी एमएलसी रमा आरपी निरंजन ने आने का न्योता दिया है। झांसी-ललितपुर-जालौन निकाय क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य रमा आरपी निरंजन के गांव रवा में आयोजित होने वाले श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी हैं। यज्ञ मंडप और कथा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा संरक्षा को लेकर जबर्दस्त होमवर्क चल रहा है। हालांकि औपचारिक तौर पर तो आयोजक संयोजक रवा गांव और आसपास के गांवों के लोग हैं लेकिन केंद्रीय भूमिका में रमा निरंजन और उनके प्रतिनिधि आरपी निरंजन ही हैं। उन्होंने स्वयं देश के तमाम प्रख्यात साधु-संतों को बुलावा भेजा है, कथा वाचक का दायित्व अयोध्या धाम के श्रेष्ठ संत डॉ. राघवाचार्य होंगे। इधर, एमएलसी रमा आरपी निरंजन ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास 7 कालिदास मार्ग पर भेंट कर महायज्ञ में आने का औपचारिक निमंत्रण दिया है। एमएलसी ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री जी अपने व्यस्ततम समय में से थोड़ा समय निकाल कर इस आयोजन में आ सकते हैं।

# रैली व चौपाल लगाकर बच्चों ने ग्रामीणों को बताएं यातायात के नियम




**सत्ता सुधार ■ झांसी**

जिंदगी हमारी है सोचना भी हमें है परंतु विडंबना है कि सोचता केवल परिवहन व यातायात विभाग है जो कि वर्ष भर लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग व सतर्क करवाता है फिर भी हम जागरूक नहीं होते, इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए यातायात जागरूकता अभियान का कारवां झांसी स्थित बरुआ सागर के ग्रामीण क्षेत्रों में जा पहुंचा जहां एक तरफ पी एम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने वृहद् स्तर पर रैली निकालकर ग्रामीण जनों को यातायात के नियम, नारे लगाते हुए बताएं व पंपलेट्स भी वितरित किए। तत्पश्चात बरुआसागर के तालरमन्ना, मातवाना ,घसायपुरा, गोमलखिरक कटरा,सनोरा,खांदी,निगौना खेरा, आदि ग्रामों में जाकर बरुआ सागर थाने के एस आई अंकित राजावत व एस आई सुश्री आकांक्षा के मुख्य आतिथ्य एवं कालेज प्रधानाचार्य सुश्री मानसी आर्य की अध्यक्षता तथा ट्रैफिक वार्डन सुश्री प्रगति शर्मा व दीपशिखा शर्मा के संयोजन में चौपाल लगाकर ग्राम वासियों व छात्राओं को यातायात के विषय में विस्तार से बताया साथ ही यातायात नियम पालन हेतु सभी को शपथ भी दिलाई गई। इससे पूर्व पी एम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा यातायात से संबंधित रंगोली व पोस्टर बनाकर सभी को जागरूक किया जिसके लिए कुमारी प्रगति शर्मा व अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर छात्राओ को सम्मानित किया गया ,तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों को संयोजिका प्रगति शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद व्यक्त किया गया।

उक्त अवसर पर समाजसेवी संदीप नगरिया, पवन जैन, अनंत राम कुशवाहा, समाजसेवी आकाश, कृष्णा बजरंगी ,चंचल विश्वकर्मा, महेंद्र, विकास कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा विद्यालय की प्रवक्ता गण बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल ने हार के बाद भी नेट रन रेट की दम पर अगले चरण में जगह बनाई



**सत्ता सुधार ■ झांसी**

सीनियर रेलवे इंस्टिट्यूट के तत्वावधान में रेलवे की अंतर विभागीय ञ्-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज का मैच वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल और स्टोर 11 के बीच खेला गया मैच के पूर्व उप मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री अशोक प्रिय गौतम ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया और मैच शुरू कराया तथा मैन ऑफ द मैच को नकद पुरस्कार भी दिया स्टोर 11 ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 164 बनाये जिसमे गोकुल ने 41 रन और लोकेश मीणा ने 35 रन की पारी खेली वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल की तरफ से त्रिलोक ने 3 विकेट लिए लंच ब्रेक में उप मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री बी आर मीना ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया तो 165 रनो के जबाब में वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल 20 ओवर में 9 विकेट खो कर 144 रन हीं बना सकी और स्टोर 11 की टीम ने ये मैच 20 रन से जीत लिया वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल की तरफ से शैलेन्द्र मिश्रा ने 68 रनो की पारी खेली और स्टोर 11 की ओर से मृदुल पटेल ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट लिए। मृदुल पटेल को को शानदार गेंदबाज़ी के लिए मैन ऑफ़ द मैच का पुरुस्कार अजय मिश्रा सचिव झांसी जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दिया गया

इस प्रकार स्टोर 11 ने अपने दोनों लीग मैच जीत कर अगले चरण में जगह बना ली है वही वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल भी नेट रन रेट की दम पर अगले चरण में पहुँच गई है। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद सईद, बृजेंद्र यादव,नीरज वर्मा,मो शरीफ, इत्यादि मौजूद रहे। सचिव मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कल टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मैच 9ः00 बजे से वर्कशॉप वैगन और स्टोर 11 के बीच खेला जायेगा और दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच जनरल एडमिन व ऑपरेटिंग के बीच 13 बजे से होगा।

# कोतवाली का औचक निरीक्षण कर एसपी ने परखी व्यवस्थाएं



**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्प-डेस्क हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण कर सम्पूर्ण थाना परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्धन करना एवं कार्यालय को साफ व स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया। थाना कार्यालय/महिला हेल्प-डेस्क के रजिस्टरों को अद्यावधिक कराते हुए उनके व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ- सफाई रखने, उनके उचित हैण्डलिंग का नियमित अभ्यास कराने व थाना परिसर में साफ सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण-दोष व साक्ष्य परक तथ्यों के आधार पर उनका समयबद्ध विधिक निस्तारण करने तथा वांछित-वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने जाने हेतु अपने स्तर से सघन अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। उ.प्र. शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियानों में मिशन शक्ति फेज-5, ऑपरेशन कनविक्शन, ऑपरेशन दृष्टि आदि को पूर्ण रूचि लेकर निर्धारित एसओपी का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने थाना कार्यालय में चलने वाली कम्प्टरीकृत जीडी का भी निरीक्षण कर तालबेहट पर नियुक्त पुलिस बल की समस्याओं को सुनकर उनका उचित निस्तारण किया गया। थाना कोतवाली ललितपुर पर 06 माह से अधिक अवधि की लंबित विवेचनाओं की सूची बनाकर उनकी समीक्षा कर, विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण व साक्ष्य परख तथ्यों के आधार पर उचित निस्तारण कराने, विवेचकों को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग करने तथा दौराने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के तहत अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रमेशचन्द्र मिश्रा सहित थाना कोतवाली पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम में बेसहारा बुजुर्गों संग मनाया जन्मदिन, बाटी खुशियां



**सत्ता सुधार ■ झांसी**

मौका यदि जन्मदिन का हो और धूमधड़ाके के साथ पार्टी न हो यह बात हजम नहीं होता। लेकिन आज भी कई युवा ऐसे हैं, जो आधुनिकता की चकाचौंध से दूर रहकर बड़ी सादगी के साथ अपना जन्मदिन मनाते हैं। ऐसे ही युवाओं में से एक हैं लहर गिर्द चौकी इंचार्ज अंकित पवार ,जिन्होंने अपने जन्मदिवस के अवसर पर धूमधड़ाका के साथ पार्टी करने के बजाय दीन-दुखियों की सेवा को प्राथमिकता दी है।

लहरगिर्द चौकी प्रभारी अंकित पवार ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर आईटीआई स्तिथ वृद्धाश्रम पहुंच कर आश्रम में रह रहे बुजुर्गो के साथ अपना जन्मदिन मनाया। ताकि उन्हें भी महसूस होने वाला एकाकीपन थोड़ा कम हो सके। उन्होंने कहा कि यहां ऐसे लोग हैं जिन्हें अलग-अलग कारण से उनके परिवार ने छोड़ दिया है।ऐसे भी लोग है जिनका अब इस दुनिया में कोई नहीं है।

उन्होंने कहा कि महंगे होटलों और रिसोर्ट में जन्मदिन मना कर वो आत्मिक शांति नहीं मिलती जो बेसहारा और गरीब लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने से मिलती है। चौकी प्रभारी अंकित पवार ने बताया कि चाहे कैसी भी खुशी हो उनका प्रयास यही रहता है कि वे उसे वंचित वर्ग के साथ बांटें जिससे भले ही कुछ देर के लिए ही सही उन्हें भी खुशी मिलेगी और वे दिल से दुआएं देंगे।

उन्होंने अपने जन्मदिन पर बुजर्गो में फल,मिठाई व् कम्बल का वितरण किया है। जो कि एक सराहनीय कार्य है। एक युवा और पुलिस अधिकारी होने के बावजूद उनके हृदय में बुजुर्गों के प्रति जो सम्मान की भावना है ईश्वर ऐसे ही भावना सबके अंदर पैदा करे ताकि कोई भी पुत्र अपने वृद्ध मा बाप को वृद्धाश्रम न भेजे।

# करारी में संपन्न हुई दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाये दांव पेंच



**सत्ता सुधार ■ झांसी**

स्वर्गीय महाबल सिंह और स्वर्गीय रामबाबू गुर्जर की पुण्य स्मृति में करारी में अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रवि शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी उपस्थित रहे। अतिथियों के आगमन पर उनको माला, तिलक कर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। दंगल प्रतियोगिता में पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मेरठ, देवास, उज्जैन, सोनीपत हरियाणा सहित कई शहरों के पहलवानों ने प्रतिभाग किया। अतिथियों ने पहली कुश्ती में हरियाणा के सुमित और दिल्ली के सोहेल का हाथ मिलवा कर कुश्ती की शुरुआत की। इसमें सोहल ने सुमित को हराकर मुकाबला जीता, दूसरी कुश्ती में शिवपुरी के दीपेंद्र को रोहतक के पहलवान सुदीप ने चित कर दिया। प्रतियोगिता की सबसे बड़ी कुश्ती गुरु हनुमान अखाड़ा दिल्ली के पहलवान हरदीप और बहादुरगढ़ के पहलवान सुदीप के बीच हुई। अतिथिद्वय ने जीते हुए पहलवानों को फूलमाला पहनाकर और ईनाम देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का संचालन मेहरबान सिंह मास्टर साहब ने एवं आभार बालजी गुर्जर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र सिंह यादव, गोकुल दुबे, अमित साहू, सभासद मुकेश सोनी, भारत सिंह, दारा सिंह पहलवान आदि उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता को देखने जनपद और आसपास के लोग सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से राजू सेन, संदीप नामदेव, महेंद्र रायकवार, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, भूपेंद्र यादव, शिवम, सुशांत गुप्ता, मास्टर मुन्नालाल, राकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय में बेहतरीन कार्यशैली के लिए सेवानिवृत्त पर सीपी विश्वकर्मा को सम्मानित कर दी विदाई



**सत्ता सुधार ■ गुरसरांय(झांसी)**

21 नवंबर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरसरांय में तैनात रहे चीफ फार्मासिस्ट चन्द्रप्रकाश विश्वकर्मा के सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई समारोह स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख डॉक्टर ओपी राठौर प्रभारी चिकित्साधिकारी गुरसरांय की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर अपनी अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉक्टर ओपी राठौर ने कहा कि चीफ साहब हमेशा कर्तव्यनिष्ठा से काम करने वाले अधिकारियों में रहे हैं उनकी कार्यशैली हम सभी स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ को सही दिशा में काम करने का रास्ता बताती है उन्होंने ड्यूटी पर न होते हुए भी किसी मरीज से लेकर स्टाफ को कोई परेशानी आई तो 24 घंटे समर्पित भाव से अपनी सेवाओं से जन-जन का दिल जीत लिया है। इस मौके पर डॉक्टर देशराज राजपूत ने कहा कि वह हम सभी लोगों के बीच में मार्गदर्शक रहे हैं। अपनी विदाई समारोह में बोलते हुए चीफ फार्मासिस्ट चन्द्रप्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में काम करने से मुझे जीवन में जहां जीने के लिए शासन से वेतन की व्यवस्था मिली वहीं अपनी जिंदगी में स्थाई पूंजी के रुप में दीन-दुखियों की दिन-रात सेवा करके एक सुखद अनुभूति और जिंदगी की सबसे बड़ी पूंजी मिली है क्योंकि भौतिक रुप में अर्जित पूंजी केवल दिखावा रहती है लेकिन असली पूंजी निष्काम और निस्वार्थ भाव से मरीज या दीनदुःखी की सेवा करना ही पूंजी इंसान के साथ जाती है। इस कार्यक्रम में डॉक्टर रजनीश यादव,डॉक्टर मनोज गुप्ता,डॉक्टर अमित,डॉक्टर जीएस गुप्ता,शशिकांत नायक,अरविंद्र कुमार,अनुराग गुप्ता,पीके राव, संदीप कुमार रावत,संदीप नामदेव, अशोक कुमार,विपुण आर्य,संदीप कुमार, शेर सिंह,योगेन्द्र सिंह, मनोज कुमार वही महिला स्टाफ से प्रमुख शशि पटेल, रचना, साधना निरंजन,निशा दीक्षित, अनुराधा स्वामी,समा बानो,संतोषी, सविता आदि ने चीफ फार्मासिस्ट चन्द्रप्रकाश विश्वकर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर अंग वस्त्र प्रदान किए वहीं विदाई समारोह में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर ओपी राठौर द्वारा झांसी रानी का स्मृति चिन्ह श्रीमद् गीता भागवत किताब और अंगवस्त्र भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार कुंवर रामकुमार सिंह ने किया और अंत में आभार व्यक्त वरिष्ठ स्वास्थ्य विभाग के वैक्सीन कोल्डचेन प्रभारी शशिकांत नायक ने किया।

### डीएपी खाद को लेकर हजारों किसानों का जनसैलाब करगुवां समिति पहुंचा डिप्टी कलेक्टर टहरौली ने पहुंचकर बनाई व्यवस्था

**गुरसरांय(झांसी)।** डीएपी खाद न आने से परेशान किसान बुरी तरह भड़क गया है और 21 नवंबर को करगुवां साधन सहकारी समिति विकासखंड बामौर में 1 ट्रक खाद आने की जानकारी होने पर हजारों की संख्या में किसान उक्त साधन सहकारी समिति पर जमा हो गया इसको देखते हुए सहकारी समिति के कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए हजारों की संख्या में किसान इकट्ठे होने पर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो सकी को देखते हुए इसकी जानकारी टहरौली डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार यादव को किसी ने दे दी और डिप्टी कलेक्टर टहरौली अजय कुमार यादव किसानों के भारी जनसैलाब के बीच में पहुंच गए और उन्होंने किसानों की बात सहकारिता विभाग के आलाधिकारियों से कर जल्द से जल्द एक ठेला खाद आज 21 नवंबर शाम तक मंगाने की व्यवस्था के लिए कहा और किसानों के बीच बताया गया कि खाद 22 नवंबर को खाद वितरित की जाएगी ताकि मेरी कोशिश है सभी लोगों को खाद उपलब्ध हो सके डिप्टी कलेक्टर टहरौली अजय कुमार यादव की इस बात पर किसान संतुष्ट हुए और 22 नवंबर को खाद करगुवां में बांटने का तय हुआ उधर पूरे दिन 19 अक्टूबर को गुरसरांय गरौठा खड़ैनी आदि क्षेत्रों में एक एक बोरी खाद के लिए चौथे दिन भी भटकता रहा और किसान बहुत ही इस समय खाद न मिलने से दुःखी हैं क्योंकि उसकी बुवाई का समय निकलने वाला है ऐसी स्थिति में किसान खाद के लिए छटपटा रहा है और गुरसरांय समेत आस-पास की समितियों प्राइवेट दुकानों पर कहीं खाद उपलब्ध नहीं है इस संबंध में मीडिया में 21 नवंबर को 5ः15 शाम को लगभग डिप्टी कलेक्टर गरौठा अवनीश कुमार तिवारी से फोन पर 22 नवंबर को खाद वितरण क्या होगा को लेकर बात की तो उन्होंने कहा इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है इस प्रकार पूरे क्षेत्र में खाद को लेकर अफरा-तफरी मची हुई है।

## ब्रीफ न्यूज

### टूडो सरकार ने फिर उगला जहर, भारत ने भी सुनाई खरी-खरी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो और उनकी सरकार लगातार भारत को बदनाम करने में लगी है। खालिस्तान प्रेम में जस्टिन टूडो भारत-कनाडा रिश्तों ग्रहण लगा रहे हैं। इस बीच कनाडा ने भारत के खिलाफ एक और जहर उगला है। कनाडाई मीडिया ने अपनी खबर में दावा किया है कि पीएम मोदी को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की कथित साजिश की जानकारी थी। इस पर ही भारत ने कड़ा विरोध जताया है और कनाडाई मीडिया की खबर को बदनाम करने वाला अभियान करार दिया। साथ ही उस मीडिया रिपोर्ट की कड़ी भर्त्सना की। एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से दी गई इस खबर का जिक्र करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ऐसे 'हास्यास्पद बयानों' को उसी तरह से खारिज किया जाना चाहिए जिसके वे हकदार हैं।

### चालबाज है लॉरेंस का भाई: पन्नू की तर्ज पर अमेरिका में बसना चाहता है अनमोल

**वाशिंगटन।** कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल विश्नोई बेहद चालबाज और शातिर बदमाश है। खुद को सुरक्षित करने के लिए अनमोल तरह तरह के दांव चल रहा है। अनमोल ने एक ऐसी पटकथा लिख दी है, जिससे सुरक्षा एजेंसियां भी हैरान हैं। दावा किया जा रहा है कि अनमोल जानबूझ कर अमेरिका में पकड़ा गया है। उसका इरादा समर्पण कर अमेरिका में आश्रय लेने का है। सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए जाने से पहले ही अनमोल ने अमेरिकी नागरिकता और इमिग्रेशन सेवाओं के माध्यम से शरण के लिए आवेदन किया था। अब उसने कानूनी माध्यमों से शरण की कार्यवाही शुरू कर दी है। ऐसे में अगर अनमोल बिश्नोई को अमेरिका की नागरिकता दी जाती है तो भारत को तगड़ा झटका लग सकता है। अगर उसे अमेरिका शरण देता है तो फिर वो गुरपतवंत सिंह पन्नू की तर्ज पर अमेरिका में सुरक्षित बैठकर आसानी से भारत में खुल्लम-खुल्ला अपराध कर पाएगा। इसी तर्ज पर गैंगस्टर गोल्डी बरार ने भी शरण के लिए आवेदन किया है।

### दुनिया भर में लोकप्रिय हो रही बार्बी डॉल जैसी नाक वाली सर्जरी

**न्यूयार्क सिटी।** बार्बी नोज पाने के लिए महिलायें बड़ी संख्या में सर्जरी करा रही हैं। यह सर्जरी अब ग्लोबल प्लास्टिक सर्जरी इंडस्ट्री का हॉट ट्रेंड बन चुकी है। न्यू यॉर्क की रहने वाली 25 साल अलेक्जेंड्रिया लिंटन ने तुर्की के मशहूर सर्जन डॉक्टर एरडी ओजडेमिर से यह सर्जरी करवाई और अब वह अपनी ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी को शेयर कर रही हैं। यह नाक का एक खास ट्रांसफॉर्मेशन है, जिसमें नाक पतली, सीधी और हल्के से ऊपर की ओर उठी हुई दिखाई देती है, जो बिल्कुल बार्बी डॉल की नाक जैसी होती है। न्यू यॉर्क के प्रसिद्ध डॉक्टर एरी होशेंडर बताते हैं कि इस नोज को पाने के लिए नाक की त्वचा को हड्डी और कार्टिलेज से उठाकर शेप दिया जाता है। अलेक्जेंड्रिया बताती हैं कि उन्होंने यह सर्जरी करवाने का ख्वाब पिछले छह सालों से देखा था और आखिरकार इसे करवा लिया।



इंडोनेशिया के जावा में भूस्खलन के बाद राहत व बचाव के काम में लगे कर्मचारी।

# पाकिस्तान-चीन चलाएंगे सैन्य अभियान, बलूचों को निशाना बनाने की तैयारी

## पिछले कुछ महीने में बलूचों ने चीन के खिलाफ कई खूनी हमले किए

एजेंसी ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने बलूचों के खिलाफ बड़ा सैन्य अभ्यास चलाने का ऐलान किया है। शहबाज ने कहा कि बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादी हमले बढ़ रहे हैं। आतंकवादियों के खात्मे के लिए निर्णायक कार्रवाई की जाएगी ताकि पाकिस्तान में शांति और प्रगति को सुनिश्चित किया जा सके। चीन लंबे समय से पाकिस्तान से कहता रहा है कि वह बलूचों और टीटीपी के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान चलाए। पिछले कुछ महीने में बलूचों ने चीन के खिलाफ कई



खूनी हमले किए हैं जिसमें कई चीनी इंजीनियर मारे गए हैं। इससे बौखलाए चीन ने सेना भेजने के लिए पाकिस्तान पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। चीन के सैनिक अभ्यास के नाम पर अब पाकिस्तान आ रहे हैं। शहबाज शरीफ ने एक बैठक में सुरक्षा हालात पर चर्चा की गई। शहबाज ने आतंकवाद को बड़ी चुनौती बताया और कहा कि आतंकियों को कुचलना देश की स्थिरता के लिए जरूरी है। शहबाज शरीफ ने बलूचिस्तान में सक्रिय विद्रोही गुटों जैसे माजिद ब्रिगेड, बीएल, बीएलएफ आदि के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू करने को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि ये गुट विदेशी ताकतों की मदद से आम नागरिकों और विदेशियों को निशाना बना रहे हैं जिससे पाकिस्तान के आर्थिक विकास पर असर पड़ रहा है।

# लाओस और मलेशिया के रक्षा मंत्रियों के साथ हुई राजनाथ सिंह की बैठकें

## बैठक में दोनों पक्षों ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने और सहयोग प्रदान करने पर सहमति जताई

एजेंसी ■ वियनतियाने

यहां 11 वें आसियान रक्षा मंत्रियों-प्लस (एडीएमएम-प्लस) की बैठक से इतर बुधवार को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मेजबान लाओस और मलेशिया के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। मलेशिया के रक्षा मंत्री दातो सेरी मोहम्मद खालेद के साथ हुई बैठक में दोनों पक्षों ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के मद्देनजर एक-दूसरे को सहयोग प्रदान करने पर सहमति जताई। अगले वर्ष 2025 के मध्य में मलेशिया-भारत रक्षा समिति की बैठक आयोजित करने पर भी दोनों रक्षा मंत्री एकमत नजर आए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा समिति की बैठक से दोनों देश द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और



अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। भारत और मलेशिया वर्तमान में आतंकवाद से मुकाबले पर गठित किए गए एडीएमएम-प्लस विशेषज्ञ कार्य समूह की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने वियनतियाने में भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में भी शिरकत की। इसमें उन्होंने हाल के वर्षों में भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई प्रगति का उल्लेख किया। इसके अलावा भारत की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। एडीएमएम-प्लस समूह के रक्षा मंत्रियों की एक वार्षिक बैठक है। जिसमें आसियान सदस्य देश और 8 संवाद भागीदार जैसे भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। इनकी समूह में भागीदारी का उद्देश्य रक्षा व सुरक्षा सहयोग को मजबूती प्रदान करना है। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लाओस के रक्षा मंत्री जनरल चांसामोन छानयालथ के साथ हुई बैठक में इस वर्ष आसियान की बैठक के लिए एक सक्षम और समावेशी नेतृत्व प्रदान करने के लिए उसे बधाई दी। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए आसियान की एकता और केंद्रीयता को मजबूत समर्थन प्रदान करने पर जोर दिया। इसके अलावा लाओस और आसियान क्षेत्र के साथ भारत के संबंधों को लगातार मजबूत बनाया जाएगा। दोनों पक्षों ने संशोधित एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया लाओस यात्रा के दौरान इसका आदान-प्रदान किया गया था। दोनों संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और क्षमता विकास के लिए दीर्घकालिक सहयोग के पक्ष में हैं।

# पीएम मोदी गुयाना की संसद के विशेष सत्र को करेंगे संबोधित

## बतौर प्रधानमंत्री सर्वाधिक संबोधन




एजेंसी ■ जॉर्ज टाउन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 नवंबर बृहस्पतिवार को गुयाना की संसद के विशेष सत्र को संबोधित करने वाले हैं। इसकी जानकारी दे रहे अधिकारियों ने कहा, कि पीएम मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर सबसे अधिक विदेशी संसदों में संबोधन देने का गौरव हासिल है।

उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने अब तक 14 भाषण दिए हैं जो कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा विदेशी संसदों में दिए गए संबोधनों की संख्या से दोगुने हैं। अधिकारियों ने बताया कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विदेशी संसदों को चार बार संबोधित किया था, जबकि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने तीन बार विदेश संसदों को संबोधित किया था। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी ने दो बार विदेशी संसदों को संबोधित किया था, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने केवल एक-एक बार ही विदेशी संसद को संबोधित किया। जानकारी दे रहे एक अधिकारी ने कहा, कि पीएम मोदी के संबोधन, वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण हैं।

## साउथ अफ्रिका में एक मां ने किया मासूम बच्चे को बेचने का प्रयास

**जोहान्सबर्ग।** साउथ अफ्रीका में एक महिला ने फेसबुक मार्केटप्लेस पर अपने 8 महीने के मासूम बच्चे को बेचने का प्रयास किया। महिला ने काम आर्थिक तंगी के चलते किया। महिला के इस कदम की हर तरफ आलोचना हो रही है। इस महिला ने अपने बच्चे को एक अज्ञात महिला के हाथों सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महिला ने फेसबुक पर विज्ञापन देकर बच्चे को बेचने की पेशकश की। उसने एक अन्य महिला के साथ नंबरों की अदला-बदली की और दोनों सोशांगुवे प्लाजा में मिले। वहां उसने अपने मासूम को सौंप दिया। सौदा यह था कि खरीदार महिला हर महीने लगभग रुपए 4600 देगी, जब तक कि बेचने वाली महिला आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हो जाती। लेकिन खरीदार ने पैसे नहीं दिए और गायब हो गई।

# भारत के लिए ट्रंप होंगे फायदेमंद, कई मुद्दों पर मिलेगी सार्थक मदद

एजेंसी ■ वाशिंगटन

अमेरिका ही नहीं दुनिया में डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर कई देश कांपते हैं। वे राष्ट्रपति के कर्सी संभालें इससे पहले ही कई देशों ने खुद में बदलाव करने की कोशिश की है। भारत से ट्रंप के रिश्ते काफी बेहतर है। उन्होंने कई अहम पदों पर भारत के करीबी लोगों की नियुक्ति की है। दूसरी तरफ भारत और चीन के बीच बीते माह यानी अक्टूबर से रिश्तों को सुधारने की जोरदार कोशिश चल रही है। बीते माह दोनों देशों ने एलएसी के विवाद वाले हिस्से से अपनी-अपनी सेना वापस बुला ली। फिर रूस में ब्रिक्स सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच प्रतिनिधि मंडल स्तर की बातचीत हुई। अब ब्राजील में जी20 देशों की बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई। चीन के अधिकारी भारत के साथ रिश्तों को पटरी पर लाने के लिए लगातार जोर



लगा रहे हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप को चीन के खिलाफ बेहद कड़ा रुख अपनाने वाला नेता माना जाता है। उन्होंने सत्ता संभालने से पहले ही इसकी झलक दे दी है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रपति बनते ही वह चीन से होने वाले सभी आयात पर टैरिफ में भारी बढ़ोतरी करेंगे। उनका कहना है कि वह अमेरिका फर्स्ट की नीति पर चलते हुए अमेरिका को चीनी माल के लिए डंपिंग स्थन नहीं बनने देंगे।अमेरिका से मिलने वाले संभावित झटके के कारण चीन अब भारत से दोस्ती की कोशिश में जुटा है। इस वक्त भारत को चीनी निर्यात 100 बिलियन डॉलर को पार कर चुका है। चीन के लिए भारत दुनिया का एक बड़ा बाजार है। वह इसकी अनदेखी नहीं कर सकता है। वैसे चीन एक बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। बीते साल 2023 में उसका कुल निर्यात 3.38 ट्रिलियन डॉलर का रहा। भारत की कुल अर्थव्यवस्था ही करीब 3.5 ट्रिलिनय डॉलर की है। चीन और अमेरिका के बीच करीब 500 बिलियन डॉलर का कारोबार होता है।

### डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में ट्रंप ने जिसका सिर मुंडवा दिया था उसकी पत्नी को बनाया मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव जीत चुके डोनाल्ड ट्रंप किसी न किसी बहाने चर्चा में रहते हैं। इस बार उनकी चर्चा एक महिला मंत्री को लेकर है जिसकी उन्होंने हाल ही में घोषणा की है। दरअसल, ट्रम्प ने मंगलवार को वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट यानी डब्ल्यूडब्ल्यूई की पूर्व सीईओ लिंडा मैकमोहन को शिक्षा मंत्री बनाने का ऐलान किया। खासबात यह है कि लिंडा मैकमोहन वही महिला हैं, जिनके पति का सिर ट्रंप डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में सबके बीच में मुंडवा चुके हैं। 17 साल पुराने इस वाक्ये के फोटो और वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा वायरल हो रहे हैं। ट्रम्प ने एक बयान में कहा कि हम शिक्षा को वापस राज्यों में भेजेंगे और लिंडा उन प्रयासों का नेतृत्व करेंगी। उन्हें सरकार में लगभग 4,000 पदों को भरने का काम सौंपा गया है।




ऐशविले में मॉडल एशेल मैकब्राइड 58 वे सालाना सीएमए अवार्ड समारोह में पहुंचीं।

**खोज** — इस शहर से पुरातत्वविदों को आधुनिक सभ्यता के संकेत मिले हैं

# सऊदी अरब में 4000 साल पुराने शहर की खोज

एजेंसी ■ रियाद

सऊदी अरब में पुरातत्वविदों ने एक 4 हजार साल पुराने शहर की खोज की है। इस शहर से पुरातत्वविदों को आधुनिक सभ्यता के संकेत मिले हैं। यह शहर अभी तक दुनिया से छिपा हुआ था। सऊदी अरब दुनियाभर के मुस्लिमों के लिए पवित्र देश है। पुरातत्वविदों द्वारा खोजे गए किलेबंदी वाले शहर को अल-नताह कहा जाता था और यहां पर कम से कम 500 लोग रहते थे। ये सभी एक समय में घुमंतू लोग थे, लेकिन उन्होंने 2400 ईसा पूर्व में कम से कम



50 कई मंजिल वाली इमारत का निर्माण किया था। यह पूरा इलाका 269,000 वर्ग फुट में फैला हुआ था। यह शहर सऊदी अरब के खैबर नखलिस्तान के पास में स्थित रेगिस्तान में था। इससे पहले इस इलाके को एक बंजर क्षेत्र माना जाता था जहां मकबरा बने हुए हैं और घुमंतू रहते हैं। सऊदी अरब में पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म 570 ईस्वी में हुआ था और तभी से इस्लाम का इतिहास माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस सभ्यता को इसलिए आधुनिक कहा जा रहा है क्योंकि उन्होंने विशाल मकबरा बनाया था जहां पर उन्होंने अपने अवशेष और धातुओं से बने हथियार रखे थे। इन हथियारों में कुल्हाड़ी और भाला शामिल था। अल नताह शहर आवासीय, निर्णय लेने वाला जोन, कब्रिस्तान के इलाके में बंटा हुआ था। यह छोटी-छोटी गलियों और लंबे व्यापार रास्ते से जुड़ा हुआ था। हाल में हुए खोज से पता चला है कि यह अल नताह शहर एक भेदभावरहित समाज था। इस समाज में किसी के साथ भी लिंग, नस्ल, वर्ग या पैसे के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता था।

**काटलहोयुक था दुनिया का सबसे पुराना शहर:** दुनिया में इंसानों के इतिहास में सबसे प्राचीन शहर तुर्की में बसाया गया काटलहोयुक था जो 7400 ईसा पूर्व से 5200 ईसा पूर्व के बीच बसाया गया था। इस शहर में करीब 10 हजार लोग रहते थे। पेरिस स्थित द फ्रेंच नैशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च ने बताया कि अल नताह शहर लंबे समय तक काली ज्वालामुखी की चट्टानों के नीचे दबा रहा जिससे यह अवैध तरीके से खुदाई करने वाले लोगों से बचा रहा। अल नताह को शुरू में 15 साल पहले तलाश किया गया था, उस समय शोधकर्ताओं ने सैटलाइट की तस्वीरों के आधार पर रास्तों और घरों की नींव का खुलासा किया था।

# रूस की नई परमाणु नीति से डरी दुनिया, परमाणु युद्ध का संकट

एजेंसी ■ मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश की परमाणु नीति में बदलाव किया है। इस बदलाव से पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। इन बदलावों ने वैश्विक सुरक्षा को लेकर नए सिरे से चिंताएं पैदा कर दी हैं, खास तौर से तब जब यूक्रेन का युद्ध बढ़ता जा रहा है। नए नियमों के अनुसार, किसी भी परमाणु ताकत की ओर से समर्थित देश अगर रूस पर हमला करता है तो इसे उनके देश पर संयुक्त हमला माना जाएगा। पुतिन की नई परमाणु नीति के मुताबिक रूस पर कोई भी बड़ा हवाई हमला परमाणु प्रतिक्रिया को जन्म दे सकता है। पुतिन ने परमाणु नीति में बदलाव रूस-यूक्रेन युद्ध के 1000वें दिन पर किया था। साथ ही बदलाव ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन को अमेरिका की सप्लाई की हुई मिसाइलों के जरिए रूस में हमला करने की इजाजत दी है। मंगलवार को रूस ने यह भी दावा किया कि यूक्रेन ने छह अमेरिकी मिसाइलों से उसके ब्रांस्क क्षेत्र में हमला किया है। इस हमले के बाद अब रूस सीधे तौर पर नाटो और अमेरिका के समक्ष खड़ा हो गया है। नई परमाणु नीति के मुताबिक मॉस्को रूस या उसके सहयोगियों के खिलाफ परमाणु और सामूहिक विनाश के अन्य प्रकार के हथियारों के इस्तेमाल के जवाब में न्यूक्लियर हथियार चला सकता है।

# पवार परिवार के पावर की चुनावी अग्निपरीक्षा



महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव अब अपने मुकाम पर पहुंच गया है। मतदान की घड़ियां नजदीक आ गई है। महाराष्ट्र के इस बार के चुनाव में सबसे रोचक मुकाबला पवार परिवार के बीच ही हो रहा है। इस मुकाबले पर सबकी नजरें भी लगी हैं। इस बार पवार परिवार के राजनीतिक पावर का भी फैसला होने जा रहा है। महाराष्ट्र के राजनीतिक इतिहास में शरद पवार हर चुनाव में केंद्रीय और निर्णायक भूमिका में रहते हैं और उनका उनकी चुनावी रणनीति भी बेजोड़ मानी जाती है। लेकिन जिस तरह देश के एक और बड़े राजनीतिक परिवार जिसे गांधी परिवार के नाम से जाना जाता है इस परिवार में उस समय विभाजन हो गया जब प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की बहू मेनका गांधी ने अपनी सास के विरुद्ध बगावत कर दी। बाद में मेनका गांधी भाजपा में शामिल भी हो गईं। गांधी परिवार के वारिसों के बीच टकराव बना ही रहा है। देश का एक और चर्चित राजनीतिक परिवार है जो वरिष्ठ नेता शरद पवार का परिवार है। शरद पवार के खिलाफ उन्हीं के भतीजे अजीत पवार ने बगावत कर दी और वे अपने चाचा के विरोध में सीधे सामने खड़े हो गए। लोक लोकसभा चुनाव के ठीक पहले शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस के दो धड़े हो गए। जिसमें एक धड़े का नेतृत्व शरद पवार और दूसरे धड़े का नेतृत्व उनके भतीजे अजित पवार कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय पवार परिवार का टकराव खुलकर सामने आ गया जब शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के विरुद्ध अजीत पवार ने अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतार दिया।

शरद पवार ने अपने भतीजे को धूल चटा दी और उनकी बेटी लोकसभा का चुनाव जीत गई। एक बार फिर विधानसभा के चुनाव में पवार परिवार के बीच सीधे-सीधे टकराव हो रहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के में बारामती सीट इस समय सबसे ज्यादा चर्चा में है। इस सीट पर शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार के बीच सीधा चुनावी मुकाबला हो रहा है। पवार परिवार के बीच राजनीतिक विवादित इस सीमा तक बढ़ गया है कि अब शरद पवार ने पहली बार अपनी पत्नी प्रतिभा पवार को भी अपने पोते युगेंद्र पवार के लिए चुनावी मैदान में उतार दिया है, जो इस परिवार के लिए एक ऐतिहासिक पल है। क्योंकि यह पहली बार है जब शरद पवार की पत्नी किसी चुनावी अभियान का हिस्सा बनी हैं। बारामती में शरद पवार और अजीत पवार के बीच सत्ता की जंग काफी गहरी हो गई है। अजीत पवार और युगेंद्र पवार, जो उनके सगे भतीजे हैं, एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं। यह मुकाबला पवार परिवार के पावर और प्रतिष्ठा के लिए अहम है। शरद पवार खुद चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं और उनकी पत्नी प्रतिभा पवार ने भी युगेंद्र पवार के लिए घर-घर जाकर प्रचार करना शुरू कर दिया है। इस चुनावी माहौल में शरद पवार ने अजीत पवार को खुली चुनौती दी है।

# नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक - लुई नील

विलुई नील का जन्म 22 नवंबर 1904 को ल्योन में हुआ था। 1931 में उन्होंने हेलेन हॉवर्थिक से शादी की; उनके तीन बच्चे थे, मैरी फ्रांकोइस, कॉन्सिल डीएटैट में अटैची डीएडमिनिस्ट्रेशन, मार्गुएराइट, गुइली, प्रोफेसर एग्लीज़ डीहिस्टोइरे और पियरे, जिनकी शादी एक टेलीविजन निर्माता से हुई थी। लुई नील ने 1924-1928 तक पेरिस में इकोले नॉर्मले सुप्रीयर में अध्ययन किया, जहां उन्हें 1928 में व्याख्याता नियुक्त किया गया। 1932 में उन्होंने स्ट्रासबर्ग विश्वविद्यालय से डॉक्टर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त की, जहां उन्हें विज्ञान संकाय में प्रोफेसर नियुक्त किया गया, इस पद पर वे 1937-1945 तक रहे। वह 1945 से ग्रेनोबल में प्रोफेसर थे। 1946 में वे इलेक्ट्रोस्टैटिक्स और धातु भौतिकी प्रयोगशाला (सेंटर नेशनल डे ला रिसर्च साइंटिफ़िक) के निदेशक बने। 1954 से 1970 तक वह इंस्टीट्यूट पॉलिटेक्निक डी ग्रेनोबल और इकोले फ्रांसेइस डी पैपेटेरी के निदेशक थे; 1970 में उन्हें ग्रेनोबल में इंस्टीट्यूट नेशनल पॉलिटेक्निक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। लुई नील ने चुंबकत्व पर अपना पहला शोध कार्य 1928 और 1939 के बीच स्ट्रासबर्ग में प्रोफेसर वीस की प्रयोगशाला में शुरू किया। 1939 में युद्ध सेवा के लिए बुलाए जाने पर, उन्होंने फ्रांसीसी बेड़े में जहाजों को जर्मन चुंबकीय खदानों से बचाने के लिए काम किया और सुरक्षा की एक प्रभावी नई विधि, न्यूट्रलाइजेशन का आविष्कार किया। यह द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत में जर्मनों द्वारा तटीय जल में गिराया गया पहला मॉडल था। यह वही वास्तविक उपकरण था जो नवंबर 1939 में टेम्स के मुहाने पर कीचड़ के मैदान पर उतरा था और जिसने नील को 1928 में अपना काम शुरू करने के लिए आवश्यक सुराग प्रदान किया था, हाइजेनबर्ग ने चुंबकों के बीच संबंध दिखाया था। ये क्षण इलेक्ट्रॉनों के बीच आदान-प्रदान का परिणाम थे। चुंबकत्व के अध्ययन से आकर्षित होकर, 1928 में उन्होंने स्ट्रासबर्ग में पियरे वीस के साथ काम किया। सहायक पद का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। नील की डॉक्टरेट थीसिस में पहले से ही कुछ धातुओं के निरंतर अनुचुंबकत्व को समझाने के लिए उनके गुरु के लौहचुंबकत्व के आणविक क्षेत्र सिद्धांत का विस्तार करने का विचार शामिल था, जिनके चुंबकीय गुण तापमान से लगभग स्वतंत्र थे। दो असमान और विपरीत रूप से संरेखित चुंबकीय उप-जालों की नीली संरचनाओं वाले फेरिमैग्नेटिक ऑक्साइड का उपयोग अब अधिकांश स्थायी मैग्नेट, रिकॉर्डिंग मीडिया और उच्च-आवृत्ति चुंबकीय सामग्री में किया जाता है। इनमें पुरातात्विक चुम्बक, लॉडस्टोन शामिल हैं। नील की विशेषता घटनात्मक सिद्धांत थी - सरल और हल करने योग्य मॉडल के संदर्भ में जटिल चुंबकीय घटनाओं को समझना जो लिफाफे के पीछे गणना की अनुमति देता था। उनके काम में चुंबकत्व की उत्पत्ति के बारे में कोई गहरी जानकारी नहीं थी; मौलिक भौतिकी 1930 के सोल्वे सम्मेलन के बाद पहले से ही अस्तित्व में थी। नील ने गणितीय विवरणों के बजाय व्यापक भौतिक संदर्भों में घटनाओं को समझने की कोशिश की, विहारेज गार्डन की खेती के बजाय जंगलों का पता लगाना पसंद किया। 1940 के युद्धविराम के बाद, वह ग्रेनोबल चले गए और 1942 के अंत में लेबोरेटोएरे डी इलेक्ट्रोस्टैटिक एट डी फिजिक डू मेटल की स्थापना की, सोवियत सैनिकों को सेंटर नेशनल डे ला रेचेर्चे की बाहरी प्रयोगशालाओं के बीच 1946 में जर्मनी द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक संभावित एंटी-टैंक हथियार मिला। वैज्ञानिक बन जाता है इस प्रयोगशाला का तेजी से विस्तार हुआ और नई प्रयोगशालाएँ उत्पन्न हुईं; फिर भी, वर्तमान में इसमें 250 से अधिक कर्मचारी हैं। उन्होंने 1956 से 1970 तक सेंटर डीएट्यूड्स न्यूक्लियर डी ग्रेनोबल के निदेशक के रूप में कार्य किया। 1949 से 1969 तक वे सी.एन.आर.एस. इसके निदेशक मंडल का सदस्य था; 1952 से फ्रांसीसी नौसेना के वैज्ञानिक सलाहकार, वह उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन की वैज्ञानिक समिति में फ्रांसीसी प्रतिनिधि थे, वह एक शिल्पकार थे और फैशन के अनुयायी नहीं थे। एक बार अनातोले अब्राहम से पूछा गया कि उन्होंने लेव लैंडो की भविष्यवाणी के आलोक में एंटीफेरोमैग्नेटिज्म के अपने सिद्धांत पर जोर क्यों दिया कि प्रकृति में केवल फेरोमैग्नेटिज्म ही संभव है, नील ने भगवान को धन्यवाद दिया कि वह इतना चतुर नहीं था। उन्होंने व्यावहारिक मामलों पर ध्यान केंद्रित करना पसंद किया- जहाजों को चुंबकीय खदानों से विनाश से बचाने के लिए डीगॉसिंग करना, और ऑक्साइड नैनोकणों के गुणों के संदर्भ में चट्टानों के प्राकृतिक चुंबकत्व की व्याख्या करना दूरगामी था। इनमें पैलियोमैग्नेटिक डेटा पर आधारित वैश्विक प्लेट टेक्टोनिक्स के सिद्धांत की स्थापना, स्टील्थ बॉम्बर्स का विकास और आधुनिक चुंबकीय-रिकॉर्डिंग उद्योग की नींव शामिल है। उनका नाम कैलिफ़ोर्निया से क्योटो तक चुंबकीय इंजीनियरों के टूलकिट में पाए गए एक दर्जन अवधारणाओं से जुड़ा हुआ है - नीले बिंदु, नीली संरचनाएं, नीली दीवारें, सुपरमैग्नेटिज्म का नीला सिद्धांत, प्रेरित अनिसोट्रॉपी, विनिमय पूर्वाग्रह, नारंगी-शैल युग्मन इत्यादि। अनुसंधान 1956 में लुई नील ने फ्रांसीसी परमाणु ऊर्जा आयोग के हिस्से के रूप में सेंटर डीएट्यूड्स न्यूक्लियर डी ग्रेनोबल बनाया और बाद में विकसित किया। उन्होंने ग्रेनोबल (1967) में फ्रेंको-जर्मन हाई-फ्लक्स रिएक्टर स्थापित करने के निर्णय में योगदान दिया कि परमाणुओं के बीच की दूरी बढ़ने पर युग्मन तेजी से कम हो जाएगा। इस प्रकार नील ने वीस के एकसमान आणविक क्षेत्र को स्थानीयकृत आणविक क्षेत्र से बदलने का निर्णय लिया।



संजय गोस्वामी

# सीओपी-29 - करीब 200 देश के हजारों प्रतिनिधियों द्वारा जलवायु संकट से निपटनें जरूरी प्रयासों पर चर्चा

किशन सनमुखदास भावनानी

**वैश्विक स्तरपर अज़रबैजान की राजधानी बाकू में 12 दिवसीय जलवायु सम्मेलन जारी है।11 नवंबर 2024 से शुरू हुए इस सम्मेलन में करीब 200 देशों के हजारों प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।बैठक में जलवायु संकट से निपटने के लिए जरूरी प्रयासों पर चर्चा की जा रही है।**

इस दौरान भारत ने भी क्लाइमेट चेंज से दुनियाँ कोबचाने के लिए अपना प्लान सामने रखाहै। भारत ने विकसित देशों से अपना वादा पूरा करने को कहा है,कि पेरिस समझौते के मुताबिक विकसित देशों को विकासशील देशों के लिए क्लाइमेट फाइनेंस जुटाना चाहिए, इसमें किसी भी तरह का बदलाव नहीं होना चाहिए। विकसित देशों को 2030 तक हर साल कम से कम 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर विकासशील देशों को देने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। भारत ने कहा है कि जिस नए जलवायु वित्त (क्लाइमेट फाइनेंस) पैकेज पर बातचीत की जा रही है,उसे निवेश लक्ष्य नहीं बनाया जा सकता सीओपी 29 में क्लाइमेट फाइनेंस पर समान विचारधारा वाले विकासशील देशों की ओर से बोलते हुए भारत ने इस बात पर जोर दिया कि विकासशील देशों को गर्म होती दुनियाँ से निपटने के लिए दिया जाने वाला ग्रांट, रियायती और नॉन-डेब्ट सहायता के जरिए मिलना चाहिए।नया क्लाइमेट फाइनेंस पैकेज या नया सामूहिक परिमाणित लक्ष्य इस साल कॉप 29 के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता और विकासशील देशों की उभरती प्राथमिकताओं के अनुसार होना चाहिए, साथ ही यह उन प्रतिबंधात्मक शर्तों से मुक्त होना चाहिए जो डेवलपिंग नेशंस के विकास में बाधा डाल सकती हैं।यह समर्थन ब्राजील के बेलेम में कॉप 30 की ओर बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है, जहां सभी पक्ष जलवायु संकट से निपटने के लिए अपनी राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं और योगदान का ब्यौरा पेश करें,भारत ने एनसीक्यूओ को निवेश लक्ष्य में बदलने का विरोध करते हुए कहा कि पेरिस समझौते में यह साफ है कि विकसित देश ही क्लाइमेट फाइनेंस जुटाएंगे, ऐसे में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन और उसके पेरिस समझौते के आदेश के बाहर किसी भी नए लक्ष्य को शामिल किया जाना अस्वीकार्य है।हमें पेरिस समझौते और इसके प्रावधानों पर फिर से बातचीत करने की कोई गुंजाइश नहीं दिखती,दरअसल भारत समेत तमाम विकासशील देशों का तर्क है कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन और पेरिस समझौते के तहत, विकसित देशों की जिम्मेदारी है कि वे उनके लिए क्लाइमेट फाइनेंस जुटाएं, लेकिन अब विकसित देश एक वैश्विक निवेश लक्ष्य के लिए जोर दे रहे हैं. जो सरकारों, निजी कंपनियों और निवेशकों सहित विभिन्न स्रोतों से फंड जुटाएगा !संकट से फायदा उठाने में जुटे अमीर देश?इस मामले में क्लाइमेट एक्टिविस्ट का कहना है कि क्लाइमेट फाइनेंस को निवेश लक्ष्य में बदलना उन लोगों के साथ धोखा है जो क्लाइमेट चेंज के चलते संकट का सामना कर रहे हैं उन्होंने कहा कि भारत समेत तमाम विकासशील देशों के लिए यह साफ है कि उन्हें ग्रांट और नॉन डेब्ट के जरिए यह फंड दिए जाने की आवश्यकता है न कि ऐसी निवेश योजनाओं की, जो अमीर देशों को इस संकट से फायदा उठाने दें, जिसे बनाने में उनकी बड़ी भूमिका रही है,इससे कम कुछ भी दोहरा अन्याय है।चूँकि कॉप-29 में करीब 200 देशों के हजारों प्रतिनिधियों द्वारा जलवायु परिवर्तन संकट से निपटनें ज़रूरी प्रयासों पर चर्चा हो रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,जलवायु परिवर्तन की मौसम संबंधी चरम घटनाएं आघात चिंता व तनाव का कारण बनकर युवाओं के दिमाग पर असर की चिंता करना वाज़बी है। साथियों बात अगर हम विशेषज्ञों द्वारा एक नए दावे की करें तो, शिखर सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने एक नया दावा करके दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार तेजी से हो रहा जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। अजरबैजान में विभिन्न देशों के सरकारी प्रतिनिधि एकत्र हुए हैं, जिसमें युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के पड़ने वाले असर को तत्काल प्राथमिकता दिए जाने की मांग की जा रही है।विशेषकर बच्चों और किशोरों के साथ काम करने वाले मनोचिकित्सकों बेहद चिंतित हैं। उनका कहना है कि हम उच्च तापमान और आत्मघाती विचारों तथा व्यवहारों के बीच संबंध पर अपने शोध को शिखर सम्मेलन में साझा कर रहेहैं।हमारेहालिया अध्ययन से पता चलता है कि गर्म मौसम में आत्महत्या के विचार और व्यवहार के कारण युवाओं के आपातकालीन विभाग में आने की आशंका अधिक होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य खराब होता जा रहा है।जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने की दिशा में अपर्याप्त कार्रवाई के कारण यह समस्या बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन पहले से ही युवाओं केमानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। मौसम संबंधी चरम घटनाएं - जैसे कि 2019 में ऑस्ट्रेलिया की विनाशकारी जंगलों की आग की घटनाएं और उसके बाद तूफान और बाढ़ - इन घटनाओं ने बच्चों की स्कूली शिक्षा को बाधित किया है, विस्थापन के लिए मजबूर किया तथा ऐसी घटनाएं आघात, चिंता और तनाव का कारण बनती हैं।गर्म मौसम के साथ युवाओं में आत्मघाती व्यवहार का जोखिम बढ़ जाता है।औसत तापमान में मामूली वृद्धि का मतलब हर साल गर्म दिनों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।जलवायु परिवर्तन के बारे में चिंता युवा लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालती है। सीओपी29 में नेताओं को यह समझना होगा कि जलवायु परिवर्तन पर अपर्याप्त कार्रवाई के कारण युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य पहले से ही गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है, जिनमें खराब मौसम,गर्मी,जबरन पलायन और स्कूल, काम और स्वास्थ्य देखभाल में व्यवधान शामिल हैं। साथियों बात अगर हम भारत द्वारा अपना मजबूत पक्ष रखने की करें तो,भारत ने सीओपी 29 में न्यायसंगत परिवर्तन पर मंत्रियों के दूसरे वार्षिक उच्च स्तरीय गोलमेज के दौरान अपना पक्ष मजबूती से रखा। इसमें भाग लेने वाले देशों को यूएई के जस्ट ट्रांजिशन वर्क कार्यक्रम से किए जा रहे अपेक्षाओं पर विचार विमर्श करना था। साथ ही स्थायी विकास और गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देने वाले न्यायसंगत परिवर्तन संदर्भ में अपनी जलवायु योजनाओं को और अधिक परिभाषित करने और लागू करने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में यह कार्यक्रम किस तरह से काम कर सकता है, इस पर भी विचार किया जाना था।




## राजकाज



### बांग्लादेश और पाकिस्तान में हो क्या रहा

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने जैसे ही देश छोड़ा उसके बाद से जो खबरें निकल के आई, उससे यह लगने लगा कि वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। ऐसे ही जब से पाकिस्तान में इमरान खान को जेल में डाला गया उसके बाद से लगातार खबरें आ रही हैं कि बलूच और सीमा से लगे क्षेत्रों में लोग सुरक्षित नहीं हैं। खबर के मुताबिक पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 10 वर्षीय एक हिंदू लड़की का अपहरण कर जबरन एक मुस्लिम व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। हालांकि, आगे यह भी कहा गया कि अधिकारियों ने समय रहते उसे बचा लिया।

### नाटो में अमेरिकी हितों को साधेंगे मैथ्यू और पीट

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में अमेरिकी राजदूत के लिए कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल मैथ्यू जी व्हिटेकर और कनाडा में पूर्व सांसद पीट होकेस्ट्रा को नामित किया। गौरतलब है कि होकेस्ट्रा ने कांग्रेस में मिशिगन के सेकंड डिस्ट्रिक्ट का लगभग 20 वर्षों तक प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान वह प्रतिनिधि सभा की खुफिया समिति के अध्यक्ष भी रहे हैं। ऐसे में समझा जा रहा है कि ट्रंप के नामित दोनों व्यक्ति अमेरिकी हितों को साधने में सफल रहेंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने भी कहा कि व्हिटेकर यह सुनिश्चित करेंगे कि अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाया जाए और उनकी रक्षा की जाए। मैथ्यू नाटो सहयोगियों के साथ संबंधों को मजबूत करेंगे और शांति तथा स्थिरता के लिए खतरों का दृढ़ता से सामना करेंगे।

### चंद्रबाबू नायडू भी मोदी और शाह की राह पर

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को विकास पुरुष के रूप में आंध्र प्रदेश और देश में जाना जाता था। उन्होंने कभी बदले की राजनीति नहीं की थी। इस बार मुख्यमंत्री बनने के बाद नायडू बदले बदले से नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने जगनमोहन रेड्डी के कार्यालय पर बुलडोजर चलवा दिया। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में मुकदमे दर्ज हो गए। वाईएसआर कांग्रेस के 49 नेताओं को गिरफ्तार कराकर जेल भेज दिया है। वाईएसआर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हजारों नोटिस सरकार द्वारा जारी किए गए हैं। डेढ़ सौ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। अब जगन मोहन रेड्डी को जेल भेजने की तैयारी है।

### वाइनाड मैं पिछले चार चुनाव का मतदान चर्चा का विषय

केरल की लोकसभा सीट वाइनड के उपचुनाव में 64.72 फ़ीसदी मतदान हुआ है। यह उपचुनाव कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी पहला चुनाव लड़ रही थी। इस चुनाव की संपूर्ण भारतवर्ष में चर्चा हो रही थी। फिर भी पिछले लोकसभा चुनाव से कम मतदान इस उपचुनाव में हुआ है। राहुल गांधी जब वायनाड से 2024 में लोकसभा चुनाव जीते थे।

## फीचर



# कैरियर बनाने बनना होगा ऑलराउंडर

**दूनियाभर में तेजी से हो रहे बदलावों को देखते हुए अब कैरियर बनाने के दौरान सब क्षेत्रों में पारंगत (ऑलराउंडर) होना होगा।इसके साथ ही तकनीकी रुप से भी अपडेट रहना होगा।**

आज के बदलते परिवेश में अच्छा कैरियर हांसिल करने के लिए कई क्षेत्रों में परंपरागत होना पड़ता है। आज मेहनत या पसीना बहाने वालों को ही बेहतर काम नहीं मिलता। कैरियर की दौड़ में कछुआ चाल कामयाबी की गारंटी हरगिज नहीं हो सकती है। आज कछुआ नहीं बल्कि तेज-तर्रार खरगोश ही सफलता का पर्याय माना जाता है। कैरियर बनाने के लिए करें ये बदलावः **कौशल बढ़ाएं**– मौजूदा परिस्थिति में केवल डिग्रियों से ही सफलता की नहीं मिल सकती है। अपने अंदर झांककर अपनी प्रतिभा को टटोलें कि किन क्षेत्रों में आप अपनी दक्षता को विकसित कर बाजी मार सकते हैं। जो क्षेत्र आपको सर्वाधिक उपयुक्त लगे, उसमें विशेषज्ञों की सलाह लेकर अपना कौशल बढ़ाएं।

**आत्मविश्वास बढ़ाए**– जीवन के कुरूक्षेत्र में आधी लड़ाई तो आत्मविश्वास द्वारा ही लड़ी जाती है। यदि योग्यता के साथ आत्मविश्वास विकसित किया जाए तो कैरियर के कुरूक्षेत्र में आपको कोई पराजित नहीं कर पाएगा। अध्ययन के साथ-साथ उन गतिविधियों में भी हिस्सा लें, जिनसे आपका आत्मविश्वास बढ़े। कार्यशालाओं और व्यक्तित्व विकास वाली संस्थाओं में यही सब तो किया जाता है।

**अधिक से अधिक लोगों से मिलें** – याद रखें यह जमाना ही सूचना प्रौद्योगिकी का है। यहां जितनी जानकारी, जितनी संचनाएं आपके पास होंगी, कैरियरनिर्माण की राह उतनी ही आसान होगी। कूपमंडूकता छोड़ ज्यादा लोगों से मिलें, उन्हें अपनी जानकारी दें उनकी जानकारी लें। आपके जानने वालों का संजाल जितनी लंबा होगा सफलता उतनी ही आपके करीब होगी क्योंकी संपर्क सफलता में उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है।

## प्रेरणा

# उपाय भी ठीक हो

उपाय सम्यप् होना चाहिए। उपाय का बड़ा महत्व होता है। जहां समस्या आती है, आदमी उपाय खोजता है। समाधान तब तक नहीं होता, जब तक उपाय नहीं मिल जाए। उपाय स्वयं भी खोजा जा सकता है और उपाय खोजने के लिए गुरू की शरण या उस विषय को जानने वाले व्यक्ति की शरण भी ली जा सकती है।

कोई संन्यासी था। भीड़ बहुत होती। सभी संन्यासी अपरिग्रही नहीं होते। कुछ संन्यासी बहुत परिग्रह भी रखते हैं। यह अपनी-अपनी परम्परा है। बड़ा आश्रम था। बहुत धन और बहुत लोगों की भीड़।



वह परेशान हो गया। गुरू के पास जाकर बोला, गुरूदेव! और तो सब ठीक है, पर एक बड़ी समस्या है। भीड़ बहुत हो जाती है, इतने लोग आते हैं कि मैं अपनी साधना पूरी तरह नहीं कर पाता, समय नहीं मिलता। रात-दिन चप्र-सा चलता है। गुरू ने कहा, तुम एक काम करो, गरीब लोग आएं तो उनको कर्ज देना शुरू कर दो और जो धनवान लोग आएं।

तो उनसे मांगना शुरू कर दो। उपाय हाथ में लग गया। उसने प्रयोग करना शुरू कर दिया-जो निर्धन आते, उन्हें कर्ज देना शुरू किया और धनी आते उनसे धन मांगना शुरू किया। पांच-दस दिन में भीड़ बिल्कुल छंट गई। क्योंकि जिन्होंने कर्ज लिया वे वापस किसलिए आते? सामने आना नहीं चाहते थे, क्योंकि वापस तो देना नहीं था- धनियों से मांगना शुरू किया तो उन लोगों ने सोचा कि अब तो जाना ठीक नहीं है। जाते ही पहले यह होगा कि लाओ-लाओ। भीड़ कम हो गई। उपाय ठीक मिलता है तो दोनों बातें हो जाती हैं। हमारे हाथ उपाय लगना चाहिए।

## अपनी बात



विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि यह परियोजना जल्द से जल्द लागू करने की जरूरत है।अब तक 23 प्रदेशों के 25 सदनों ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित ई-विधान परियोजना लागू करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। देश के 13 प्रदेशों के 14 सदनों में यह परियोजना लागू की जा चुकी है।तोमर ने कहा कि अब हर दो माह में परियोजना की प्रगति से समिति को अवगत कराया जाए।



सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज मध्यप्रदेश का किसान समृद्ध और खुशहाल हो रहा है। किसानों से वादाखिलाफी और धोखाधड़ी करने वाली कांग्रेस किसान हित का ढोंग कर रही है। कांग्रेस ने स्वामीनाथन कमेटी की अनुशंसाओं को वर्षों तक दबाकर रखा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे लागू कर किसानों को सशक्त बनाया।मुलताई में 24 किसानों को गोलियों से भूनने वाली कांग्रेस पार्टी के नेता आज किसान कल्याण की बात करते हैं जो हास्यास्पद है।

# डीएपी किल्लत : आक्रोषित किसानों ने नानाखेड़ी गेट पर लगाया चक्काजाम

## महिला किसान बोली, हम कड़कड़ाती ठंड में घंटों तक लाईन में लगते हैं और खाद ब्लेक में बिक जाती है



सत्ता सुधार ■ गुना

जिलेभर में डीएपी खाद की किल्लत से किसान बेहद परेशान हैं। बुवाई का समय आ गया है लेकिन खाद न मिलने से किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। गुरुवार को इसी मुद्दे को लेकर किसानों ने नानाखेड़ी मंडी गेट के सामने एबी रोड पर जाम लगा दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। जाम के कारण सड़कों पर लंबी वाहनों की कतारें लग गई और यातायात प्रभावित हो गया। जाम के दौरान काफी देर तक एम्बुलेंस भी फंसी रही। जिसे मुश्किल से जाम से निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंची और किसानों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। इस दौरान किसानों की एसडीएम शिवानी पांडे, तहसीलदार से भी खाद के लिए जमकर बहसबाजी हुई।

दरअसल बुवाई के लिए डीएपी खाद की आवश्यकता होती है। लेकिन जिले में कई दिनों से डीएपी खाद की किल्लत है। किसान सुबह से ही खाद लेने के लिए लाइन में लग रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को खाद वितरण अव्यवस्था देखकर पिछले कई दिनों से लाईनों में धक्के खा रहे किसान आक्रोशित हो गए और उन्होंने नानाखेड़ी मंडी गेट पर जाम लगा दिया। किसानों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं। जो खाद की एक-एक कट्टे के लिए देर रात से कड़कड़ाती सर्दी में लाईनों में लग रही है। इन महिला किसानों का आरोप हैं कि उन्हें चार दिन बाद भी खाद नहीं मिल रहा हैं, हम लाइन में लगे रहते हैं वहीं पीछे की ओर से खाद गायब होकर दो से ढाई हजार में ब्लेक हो रही हैं।

### बुवाई का समय निकल रहा है : किसान

डुंगासरा गांव के किसान जसवंत कुशवाह ने बताया, बुवाई का समय निकल रहा है और अब तक हमें डीएपी खाद नहीं मिली है। रोज वह घंटों तक लाईन में लगते हैं और फिर जबाव मिलता है कि खाद नहीं दी जाएगी, इससे हमारी फसलें बर्बाद हो सकती हैं। वहीं किसान रामकुमार प्रजापति ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा, प्रशासन किसानों को खाद देने में नाकाम साबित हो रहा है। सिर्फ एक-दो बोरी खाद देकर हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हमें बड़ी मात्रा में खाद की जरूरत है, लेकिन इसका कोई ठोस समाधान नहीं किया जा रहा है। इधर पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा, जिसके बाद किसान काफी देर बाद सड़क से हटे। उल्लेखनीय है कि खाद वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए कलेक्टर सतेन्द्र सिंह स्वयं मैदान में हैं। लेकिन उसके बाद भी किसानों की समस्या हल नहीं हो रही है। उसी में झागर निवासी एक किसान द्वारा खाद की किल्लत से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। इसको लेकर कांग्रेस लगातार सरकार पर हमलावर है।

## ब्रीफ न्यूज

### सूने घर में सेंधमारी, भगवान की मूर्ति सहित जेवरात एवं नगदी ले गए चोर

**गुना।** जिले के कैंट थानांतर्गत राज कॉलोनी बजरंगगढ़ रोड पर सूने घर में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर भगवान की मूर्ति, जेवरात सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी प्रकाश सिह राठौर पिता संतन सिह राठौर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसका एक मकान रायल व्यास के पीछे नानाखेड़ी में है। जिसमे उसका आना जाना रहता है, उस मकान में कोई रहता नहीं है। गत दिवस वह मकान पर गया था थोड़ी देर रुककर मकान का ताला लगाकर वापस अपने बजरंगगढ़ रोड वाले मकान पर आ गया था। फिर अगले उसके पास नानाखेड़ी मकान के पास वाले पड़ोसी आशीष रघुवंशी का फोन आया कि आपके घर के दरवाजे की कुंदी टुटी पड़ी है। तब वह अपने मकान पर पहुंचे तो देखा उसके मकान के मेन गेट की कुंदी टूटी पड़ी थी। अलमारी भी खुली पड़ी थी एवं सामान बिखरा पड़ा था। चैक किया तो मकान से दो जोड़ी चांदी की पायल, 1 जोडी बिछिया, एक चांदी का गिलास, पीतल के कुछ बर्तन एक राधा की सोने की जडी मूर्ति छोटी सी व कुछ कपडे चोरी हो गए। कीमत करीबन 40000 है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

### बेरखेड़ी के निकट मोटर सायकिलों में भीषण भिड़ंत, बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

**गुना।** जिले के धरनावदा थानांतर्गत बेरखेड़ी पेट्रोल पंप के पास दो मोटर सायकिलों में भीषण भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गया। जिसे गंभीर हालत में ट्रामा केयर सेंट्रल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मुरारी पुत्र प्रेमसिंह अहिरवार निवासी मांछी पुरैना ने बताया कि गत दिवस वह अपनी मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 08 एमव्ही 8566 से अपने पिता प्रेमसिंह अहिरवार को पीछे बिठाकर उनको हड्डी की दवाई दिलाने ग्राम मांछी पुरैना से ग्राम करमदा थाना बमौरी जा रहा था। मोटरसाईकिल वह चला रहा था। जैसे ही वह ग्राम बेरखेड़ी पेट्रोल पंप के आगे मोड़ पर पहुँचा तो झागर तरफ से मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 08 जेडई 6360 का चालक अपनी बाईक को तेज गति व लापरवाही से चलाकर लाया और उनकी मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी। जिससे मैं तथा पिता जी दोनों सडक किनारे गिरकर घायल हो गए। वहीं उनके पिताजी बेहोश हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल-100 ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनके पिता का ट्रामा वार्ड में उपचार चल रहा है। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी बाईक चालक पर धारा 281,125ए बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### सहकार भारती की नवीन कार्यकारिणी गठित

**गुना।** अंबेडकर भवन गुना में सहकार भारती की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें प्रकाश श्रीवास्तव अध्यक्ष, राघवेंद्र भट्ट महामंत्री, अनिल गर्ग सुमित्रा कोषाध्यक्ष एवं विवेक गर्ग मंथन को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह किरार, धर्मेंद्र सक्सेना, महिला प्रमुख राजकुमारी बड़कुल, महिला सह प्रमुख अनीता रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

# बीमा कंपनी के अधिकारियों संग बैठक आयोजित



सत्ता सुधार ■ गुना

वर्ष 2024 की अंतिम लोक अदालत 14 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में गुरुवार को बीमा कंपनी न्यू इण्डिया, नेशनल, ओरियण्टल, युनाईटेड, इफको टोकियों इ.कं.लि. एवं अन्य के अधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ प्रीसिटिंग बैठक एडीआर भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

उक्त बैठक में रवीन्द्र प्रताप सिंह चुण्डावत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त बीमा कपंनियों के अधिकारियों को पृथक-पृथक क्लेम प्रकरणों की सूची प्रदान कर प्रकरणों में राजीनामें के लिए यथा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कहा गया। उक्त लोक अदालत जिले के समस्त न्यायालयों में वृहद स्तर पर 'नेशनल लोक अदालत' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समझौता योग्य आपराधिक, सिविल, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण मामले, विद्युत चोरी प्रकरण, चैक बाउन्स, बैंक रिकवरी, श्रम मामले, क्लेम प्रकरण, भू-अर्जन, नगर निगम के जलकर एवं संपत्तिकर, बीएसएनएल प्रकरण आदि विषयक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

### आजाद अध्यापक संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

**गुना।** छह महीने बाद भी क्रमोन्नति वेतनमान निर्धारण नहीं होने से परेशान शिक्षक अब आजाद अध्यापक संघ के बैनर तले अपने-अपने आवेदन 22 नवंबर को शाम 4.30 बजे जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे। इस दौरान महंगाई भत्ता, एरियर सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया जाएगा। संगठन ने जिले के सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है। प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति वेतनमान निर्धारण के लिए पिछले वर्ष अक्टूबर से प्रक्रिया शुरू हुई थी। करीब 6 माह पहले मार्च में विभिन्न शिक्षकों के आदेश भी प्राप्त हुए हैं। लेकिन अभी तक उनका वेतनमान निर्धारण नहीं हुआ है। जिस कारण शिक्षक संवर्ग में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही गुना, चांचौड़ा और राघौगढ़ ब्लॉक में शिक्षकों को महंगाई भत्ता एरियर का भुगतान भी नहीं किया गया है। जबकि यह भुगतान सितंबर माह तक होना था। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षकों के 222 आदेश भी ग्वालियर से लंबित हैं। अगस्त में लगभग 100 माध्यमिक शिक्षकों के आदेश ही जारी हुए थे। जबकि शेष फाइलों से कमियां बताई गई। जिनकी कमी पूर्ति कर कागजात ग्वालियर भेज दिए गए हैं। लेकिन उनके आदेश भी जारी नहीं हो पाए हैं। ग्वालियर से जारी आदेश में जिन माध्यमिक शिक्षकों को अपात्र बताया गया था।उनके आदेश गुना से होना है, लेकिन 3 महीने बाद भी उन आदेशों के संबंध में भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शिक्षकों के क्रमोन्नति और महंगाई भत्ता भुगतान संबंधी ज्यादातर काम लंबित हैं।

# कस्तूरबा कॉलेज में अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का हुआ शुभारंभ



सत्ता सुधार ■ गुना

शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर प्राचार्य डॉ विनीता जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी संस्कृति से हमेशा जुड़े रहना चाहिए। साथ ही देश की सांस्कृतिक विरासत को संजोने के लिए उन्होंने छात्राओं को प्रेरित भी किया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रीति यादव ने बताया कि आज प्रथम दिवस भाषण, निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। 22 नवंबर को लोकगीत, लोक नृत्य और प्रश्न मंच विधाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आभार डॉ दिवाकर तिवारी ने किया। कार्यक्रम में रूपाली रावत, दिवाकर तिवारी, श्रीमती सोनू सिसोदिया, प्रशांत आर्य और आशा बाथम सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थिति रहीं।

# दबाव या बहकाव: विद्यार्थी परिषद पर चंदा वसूली का आरोप लगाने वाले कोचिंग संचालक पलटे

सत्ता सुधार ■ गुना

रविवार रात को एबीवीपी और डीएसओ कार्यकर्ताओं के बीच सामने आए विवाद के बाद आरोप प्रत्यारोप और विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। इन सबके बीच अब वह कोचिंग संचालक पलट गए हैं, जिन्होंने एबीवीपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं पर अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए कोतवाली से लेकर कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय तक प्रदर्शन कर एबीवीपी कार्यकर्ताओं की बकायदा शिकायत की थी। अब उन्हीं कोचिंग संचालकों का कहना है कि हमने डीएसओ कार्यकर्ताओं के कहने पर और बहकावे में आकर छात्रों को साथ लेकर शिकायत की थी। इस संबंध में कोचिंग संचालकों की लिखित में चिट्ठी और सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आया है। जिसमें तीनों कोचिंग संचालक यह कह रहे हैं कि हमारे पास डीएसओ के कार्यकर्ता आए थे। उन्हीं के कहने पर हमने शिकायत कर दी थी। हमसे वसूली नहीं की गई है। वहीं कोचिंग संचालकों ने सुरक्षा की मांग भी की है। उल्लेखनीय है कि रविवार रात को एबीवीपी और डीएसओ कार्यकर्ताओं के बीच विवाद का पूरा मामला सामने आया था। इसमें एबीवीपी के पांच कार्यकर्ता घायल



हुए थे। डीएसओ कार्यकर्ताओं पर हमला करने के आरोप लगे थे और कोतवाली में उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। दूसरे दिन सोमवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने घटना के विरोध में कलेक्ट्रेट कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इसी दिन देर शाम कोचिंग सेंटर में ताला जड़ने के आरोप लगाते हुए कोचिंग सेंटर संचालकों ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए कोतवाली में हंगामा किया था। दूसरे दिन मंगलवार को भी छात्रों के साथ कोचिंग संचालकों ने कलेक्ट्रेट

कार्यालय और एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की थी। वहीं बुधवार को डीएसओ के बैनर तले एक रैली निकाली गई थी। जिसमें छात्रों के साथ महिलाएं व अन्य लोग शामिल हुए थे और एबीवीपी पर गुंडागर्दी करने और डीएसओ कार्यकर्ताओं पर गलत एफआईआर दर्ज करने के आरोप लगाते हुए प्रशासन से उचित और निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग की थी। वहीं बुधवार देर शाम को कोचिंग संचालकों का अपनी बात से पलटते हुए उक्त वीडियो सामने आ गया है। यानी दोनों छात्र संगठनों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दोर फिलहाल जारी है।

### डीएसओ ने जारी किया बयान

इस बारे में डीएसओ के पदाधिकारियों का कहना है कि पिछले दिनों समाचार पत्रों और सोशल मीडिया से हमें पता चला हैं की कई कोचिंग संचालक और सैकड़ों छात्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अवैध चंदा वसूली के खिलाफ जिला प्रसाशन से कार्यवाही की मांग कर रहे थे। साथ ही कोचिंग संचालको द्वारा वीडियो भी जारी किया गया था जिसमे उनके द्वारा बताया गया और जिसमे साफ देखा जा सकता है कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा ही कोचिंग पर ताला लगाया गया हैं जिसके कारण वे छात्रों को पढ़ा नहीं पर रहे हैं। उनकी शिकायत के बाद गुना सिटी कोतवाली टीआई ने ही ताला खुलवाया, इसे भी कोचिंग संचालकों ने अपने बयान में कहा है। मीडिया के माध्यम से आज दूसरी एक बात की जानकारी मिली कि कोचिंग संचालकों ने कहा है की ये उक्त कार्यवाही उन्होंने डीएसओ के बहकावे मे आकर की है। हम साफ कर देना चाहते है की जिस तरह डीएसओ के आठ कार्यकताओ पर प्रशासनिक और राजनैतिक दवाब बनाकर जेल भेजा गया है ये बयान भी उसी राजनीतिक दवाब मे दिलाया गया है। ऐसे में जिन शिक्षकों की कोचिंग से ही रोजी रोटी चलानी है उनको अपनी बात से मुखरकर ये बयान देना उनके ऊपर भी इसी राजनैतिक दवाब को दर्शाता है क्योंकि सोशल मीडिया पर जारी वीडियो से साफ हाहिर होता है की कोचिंग संचालको ने ताला लगाने के बाद ही प्रशासन से गुहार लगाई थी।

# जमीनी विवाद में भिड़े एक ही परिवार के दो पक्ष, महिला के साथ जेठ ने की मारपीट

### आरोन थाने में हुआ क्रॉस मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम पलतेश्वर में जमीनी विवाद में दो भाईयों के परिवार आपस में भिड़ गए। इस दौरान महिला के साथ उसके जेठ ने मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद में पहले पक्ष की फरियादिया सावित्री बाई पत्नी स्व. जयनारायण बंजारा ने घायल अवस्था में अपनी लडकी पलक बंजारा, जिठानी लाड़कुमारी के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस दोपहर में वह अपने घर के बाहर खड़े थे। तभी उसने अपने जेठ जगदीश से कहा कि हमें जमीन में से हिस्सा दो। जिस पर जेठ जगदीश कहने लगा कि मैं तुम्हे जमीन में कोई हिस्सा नहीं दूंगा। इसी बात पर जगदीश व उसकी पत्नि गुड्डी बाई, उसका लड़का राहुल तीनों ने गाली गलौंच कर उस पर फर्सी से हमला कर दिया। जिसमें उसे चोट लगकर खून निकल आया। बीच बचाव करने आई उसकी बेटी एवं अन्य परिजनों के साथ भी मारपीट हुई। मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी जेठ-जेठानी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

इधर विवाद में दूसरे पक्ष ने भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष के फरियादी जगदीश पुत्र चन्द्रभान बंजारा ने घायल अवस्था में अपनी पत्नि गुड्डी बाई, लड़के देवेन्द्र बंजारा के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह लोग अपने घर के बाहर थे। तभी उसके भतीजे सागर नायक, समंदर नायक, उदय नायक तथा उसके भाई की पत्नि सावित्री बाई आए और उससे कहने लगे कि हमें 9 बीघा वाली जमीन में से हिस्सा दो। जिस पर उसने कहा कि अगर तुम्हारे नाम की हो तो ले लो। इसी बात पर से चारों ने गाली गलौंच कर फर्सी से हमला कर दिया। जिसमें उसे चोट लगकर खून निकल आया। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी और लड़के पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। वहीं उसकी मोटर साइकिल में भी तोड़फोड़ कर दी। फिलहाल विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है।

**प्रकाश पर्व** बांगर के निवास वैदेही से टाउनशिप एवं आस पास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नगर प्रभात फेरी निकाल कर किया

# एनएफएल में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व का आयोजन

सत्ता सुधार ■ गुना

एनएफएल विजयपुर टाउनशिप में इकाई प्रमुख विजय बांगर के मार्गदर्शन में विजयपुर सिंह सभा के द्वारा सिखों के प्रथम गुरु श्री नानकदेव जी के 555 वां जन्मोत्सव को तीन दिवसीय प्रकाश पर्व के रूप में श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विगत दिवस सुबह श्री बांगर के निवास वैदेही से टाउनशिप एवं आस पास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नगर प्रभात फेरी निकाल कर किया। जिसमें समुह संगत के द्वारा शब्द कीर्तन गाया गया। विनोद केंद्र क्लब कार्यकारिणी द्वारा पुष्प वर्षा एवं पुष्प मालाओं से प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित संगत को लंगर प्रसाद खिलाया गया। विगत



दिवस शाम विनोद केंद्र में लंगर प्रसाद के लिए सब्जियां कटवाने की सेवा की गई। रहरास साहिब का पाठ किया गया तथा इसके बाद आसमान में आकर्षक आतिशबाजी की गई। जिसका भरपूर आनंद टाउनशिप की महिलाओं, पुरषों एवं बच्चों ने लिया।

कार्यक्रम के अंतिम सुबह चार बजे से विनोद केंद्र परिसर में गुना से आये सोनू लांगरी व् उनकी टीम तथा विजयपुर के वासियों द्वारा लंगर तैयार करने की सेवा की गई। सिंह सभा के सदस्यों द्वारा सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। इस क्रम में देहली पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा एक शब्द पाठ तथा संगीतमयी भजन की प्रस्तुति दी गयी गुना से पधारे भाई जसवीर सिंह, भाई संदीप सिंह एवं भाई गुरमीत सिंह ने गुरु के प्रकाश पर्व पर साज के साथ मधुर गुरवाणी पाठ एवं शब्द कीर्तन किया। जिसे सुनकर समूह संगत भाव विभोर हो गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रन्थ साहिब के दर्शन किए तथा माथा टेक नमन किया। इस उपरान्त गुरु की अरदास कर अटूट लंगर प्रसाद कराया गया जो दोपहर देर तक चला। जिसका आनंद गुना, रुठियाई, पालिका एवं आस पास के ग्राम से आये हुए हजारों संख्या में संगत ने उठाया।

कार्यक्रम के अंत में विजय बांगर द्वारा भाई गियानी जसवीर सिंह, उनकी टीम, सोनू लांगरी, उनकी टीम को सरोपे तथा उपहार भेंट कर सम्मान किया। वहीं देहली पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं को भी उपहार देकर उत्साहित किया इसी क्रम में प्रबंधन कमेटी, गुना के सचिव हरबीर सिंह को भी श्री बांगर ने शाल भेंट कर सम्मानित किया तथा सर्व संगत का कार्यक्रमों में पधारने के लिए आभार ज्ञापित किया।

### गुमशुदा युवती की पतारसी के लिए एसपी ने किया दस हजार का ईनाम घोषित

**गुना।** शहर के कैंट थानांतर्गत कैंट थाना क्षेत्र से लापता युवती की पतारसी हेतु एसपी ने 10 हजार का ईनाम घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि गुमशुदा प्रांजल पुत्री अमरलाल गुन्डूडे निवासी ग्राम खेरी थाना खेरलांजी जिला बालाघाट की गुना में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नानाखेड़ी गुना में अपने भाई के साथ किराए से रहकर बी.फार्मेसी की पढ़ाई कर रही थी। जो 16 नवंबर 2024 के दोपहर से किसी को भी बिना कुछ बताए कहीं चली गई । उसके परिजनों द्वारा जिसका सभी संबंधित स्थानों पर पता कर लिया गया, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चलने पर गुमशुदा युवती के भाई छविलाल लिल्हारे की सूचना पर से 16 नवंबर 24 को कैंट थाने में गुमइंसान क्रमांक 190/24 कायम कर जांच में लिया गया । पुलिस द्वारा गुमशुदा युवती की तलाश हेतु हरसंभव प्रयास किए गए लेकिन इसके उपरांत भी गुमशुदा युवती के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है । गुमशुदा की दस्तयाबी सुनिश्चित किए जाने हेतु गुना पुलिस अधीक्षक की ओर से युवती की दस्तयाबी पर 10 हजार रुपये का ईनाम उद्घोषित किया गया है । जो भी युवती की दस्तयाबी कराने में पुलिस का सहयोग करेगा अथवा उसके संबंध में कोई भी जानकारी देगा, उसे गुना पुलिस अधीक्षक की ओर से 10 हजार रुपये की नगद इनाम राशि से पुरुष्कृत किया जावेगा । यदि सूचना देने वाला अगर चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जावेगा ।



# बच्चों को ... भविष्य के लिए इस तरह से करें तैयार

अपने बच्चों को बाहरी दुनिया में रहने के लिए ट्रेनिंग दें। क्योंकि चाहे चिड़ियां को उड़ना सिखाना नहीं पड़ता हो, फिर भी मां बच्चों को उड़ने की ट्रेनिंग दिया करती है। कभी अपने घर के आंगन में अपने बच्चों को उड़ना सिखाती चिड़िया को देखें तो आपको एहसास होगा कि उड़ने की कला उन्हें प्रकृति से मिली जरूर है, लेकिन कौशल उन्हें खुद ही हासिल करना होता है। देखें आप अपने बच्चे को कैसे आत्मविश्वासी और आत्म-निर्भर बना सकते हैं।

प्रवीर और मृदुल इत्तेफाक से रूममेट बन गए। मृदुल की मां कॉर्पोरेट सेक्टर में काम करती है, इसलिए उसका परिवेश एकदम ही अलग है। दूसरी और प्रवीर की मां सरकारी दफ्तर में काम करती है इसलिए उसका परिवेश मृदुल से कुछ अलग था। एक तरफ मृदुल हर तरह से आत्म–निर्भर और आत्मविश्वासी है तो दूसरी तरफ प्रवीर हर चीज को टालता रहता है। शुरुआत में दोनों को एक–दूसरे के साथ एडजस्ट होने में बहुत दिक्कतें पेश आईं। मृदुल क्या पहनना है से लेकर पिकनिक पर कहां जाना है और शाम को क्या सब्जी बनाने से लेकर बुक–शॉप से कौन–सी बुक खरीदनी है, जैसे सारे निर्णय स्वयं लेता है तो दूसरी तरफ प्रवीर को हर तरह का निर्णय लेने में दूसरों की जरूरत लगती है।

वजह स्पष्ट है-मृदुल को बचपन से ही निर्णय लेने के लिए प्रेरित भी किया और निर्णय लेने भी दिया गया। प्रवीर को हमेशा ही बच्चा कहा गया और हर उस अवसर से उसे दूर रखा गया, जहां विकल्पों में से चुनाव करना था। अक्सर हम बच्चों के बड़े होने के दौरान ही उन्हें निर्णय लेने की क्रिया से वंचित करते चलते हैं और फिर जब वे बड़े हो जाते हैं तब एकाएक उन्हें कहने लगते हैं कि अब बड़े हो गए हो, अपने निर्णय खुद ही करो। उस पर जब उनका निर्णय गलत सिद्ध होता है तब हम उन्हें ही दोष देने लगते हैं कि इतने बड़े हो गए, लेकिन अब तक यह समझ नहीं आया कि अपने लिए क्या सही है और क्या गलत है?

बच्चों को अपने पैरों पर खड़ा होने देना सिर्फ एक कहावत नहीं है, बल्कि उन्हें हर तरह से आने वाले जीवन और हकीकतों के सामने खड़े होने और लड़ने की कूव्वत देना है। इस मामले में एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि जब बच्चे घर से बाहर पढ़ने के लिए जाते हैं तब लड़कियां लड़कों की तुलना में जल्दी एडजस्ट कर लेती है। हो सकता है इसके सामाजिक कारण भी हो, लेकिन एक बात यह भी है कि बहुत सारे मामलों में लड़कियां ज्यादा लचीली होती है और दूसरे घर के छोटे-मोटे कामों में मां का हाथ बंटाते-बंटाते वह कब आत्मविश्वास पा लेती है, इसका उन्हें खुद भी ज्ञान नहीं होता है। अपने बच्चों को बाहरी दुनिया में रहने के लिए ट्रेनिंग दें। क्योंकि चाहे चिड़ियां को उड़ना सिखाना नहीं पड़ता हो, फिर भी मां बच्चों को उड़ने की ट्रेनिंग दिया करती है। कभी अपने घर के आंगन में अपने बच्चों को उड़ना सिखाती चिड़िया को देखें तो आपको एहसास होगा कि उड़ने की कला उन्हें प्रकृति से मिली जरूर है, लेकिन कौशल उन्हें खुद ही हासिल करना होता है। देखें आप अपने बच्चे को कैसे आत्मविश्वासी और आत्म-निर्भर बना सकते हैं।

### उन्हें एक कोना दें

चाहे जो परिस्थिति हो, आप अपने बच्चे को एक ऐसा कोना जरूर उपलब्ध कराएं, जिसे वह स्वयं व्यवस्थित करें। याद करें स्कूलों में बच्चों को दिया जाना वाला लॉकर। इसी तरह एक ड्रॉवर या एक लॉकर उसे जरूर दें, जहां वह अपनी चीजें व्यवस्थित कर रख सकें। इससे उसमें जिम्मेदारी का भाव भी आएगा और निर्णय करने की क्षमता का विकास भी होगा। जब वह उसे अपनी तरह से व्यवस्थित कर पाएगा तो उसमें आत्मविश्वास भी आएगा।

### छोटे-छोटे निर्णय करने दें

अपने बच्चे को छोटे-छोटे निर्णय स्वयं करने दें। जैसे अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में वह क्या पहन कर जाना चाहता है? या फिर डिनर के लिए जाते हुए वह किस तरह के कपड़े पहनना चाहता है? या रेस्टोरेंट में उसे स्वयं अपना ऑर्डर देने के लिए कहें। आइसक्रीम का कौन-सा फ्लेवर या किस तरह का पित्जा वह खाना चाहता है, इसका निर्णय उसे स्वयं करने दें।

### अपने रिश्ते उसे ही निभाने दें

यदि उसके दोस्त का जन्मदिन है या वह अपने दोस्त को किसी खास मौके पर पार्टी देना चाहता है या गिफ्ट देना चाहता है तो उसे खुद ही निर्णय करने दें। यदि वह आपसे राय मांगे तो उसे सुझाव दें। उसके समक्ष विकल्प रखें, उसे निर्णय न सुनाएं। उससे पूछे कि उसके दोस्त की रूचि क्या करने में है? उसी हिसाब से वह उसे गिफ्ट दें, लेकिन यह न बताएं कि उसे क्या गिफ्ट दे!

### घर के छोटे-छोटे काम करने के लिए कहें

भारतीय घरों में अक्सर घर के कामों को लड़कियों के हिस्से में माना जाता है। ऐसे में अक्सर हम लड़कों को इससे अलग रखते हैं। लेकिन अब चूंकि लड़कों को भी अलग-अलग वजहों से घर से बाहर जाना पड़ता है, इसलिए उन्हें भी घर के काम करना आना चाहिए। इससे घर से बाहर एडजस्ट करने में उन्हें असुविधा नहीं होगी। खासतौर पर चाय बनाना, नाश्ता बना पाना और हां अपने कपड़ों को खुद ही धोना अपने बच्चे को जरूर सिखाएं।

### अपनी समस्याओं को उन्हें ही हल करने दें

भाई-बहनों के बीच के झगड़े हो या फिर दोस्तों के बीच हुए विवादब्रच्चे को अपनी समस्याओं से खुद ही लड़ने को कहें। स्कूल के एंन्यूएल फंक्शन में पार्टिसिपेशन के लिए डांस की तैयारी करनी हो या फिर कॉस्ट्यूम अरेंज करना हो, बच्चों को मार्गदर्शन तो दें, लेकिन उसका काम आप न करें।



# बच्चे के पुराने खिलौने फेंके नहीं बल्कि ऐसे करें इस्तेमाल

अपने बच्चों के लिएही खिलौने चुनने में पेरेंट्स बहुत समय लगा देते हैं। आप जिस खिलौने को पसंद करने में घंटों लगा देते हैं, बच्चा उससे कुछ साल ही खेल पाता है और बड़ा होने पर वो खिलौने उसके किसी काम के नहीं रहते हैं। जब बच्चा खिलौनों से खेलना बंद कर देता है, तो पेरेंट्स के लिए इन्हें संभालकर रखना मुश्किल हो जाता है। उन्हें समझ नहीं आता है कि वो इन खिलौनों को कहां रखें या इनका क्या करें।

### खिलौनों का क्या करें

अगर आपके बच्चे के ढेरों खिलौने अब बेकार पड़े हैं और घर में उनसे खेलने वाला कोई नहीं है, तो आप उल्हें दान कर सकते हैं। इस तरह से खिलौने उन बच्चों तक पहुंच पाएंगे, जिन्हें सच में इसकी जरूरत हो। आपकी इस कोशिश से किसी मासूम बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आ सकती है। यहां हम आपको कुछ ऐसे तरीके और जगहें बता रहे हैं, जहां आप अपने बच्चों के खिलौनों को दान कर सकते हैं।

### कैसे खिलौने कर सकते हैं दान

जो खिलौने अच्छी कंडीशन में हों और ज्यादा इस्तेमाल न किए गए हों, उन्हें दान के रूप में स्वीकार कर लिया जाता है। आप ब्लॉक्स, पजल्स, बोर्ड गेम, स्टफड एनीमल, टॉय कार, क्राफ्ट किट, स्पोर्ट्स किट, एक्टिविटी बुक जैसे कई तरह के टॉएज दान कर सकते हैं। हालांकि, कई जगहों पर मुंह में लेने वाले खिलौने दान में नहीं लिए जाते हैं जैसे कि पैसिफायर और टीथर आदि। आप खिलौनों को दान करने से पहले कंफर्म कर लें कि उस जगह पर किस तरह के टॉएज लिए जाते हैं। चैरिटी में आप उन संस्थानों में खिलौनों को दान कर सकते हैं जो चैरिटी करती हों। ये संस्थाएं अनाथ बच्चों को ये खिलौने देती हैं। इसके अलावा इनके द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को भी खिलौने और जरूरी सामान दिए जाते हैं।




### शेल्टर या आश्रय स्थल

वुमेन शेल्टर होम में भी आप खिलौनों को दान कर सकते हैं। इन जगहों पर बच्चों के पास बहुत कम चीजें और सुविधाएं होती हैं। ये लोग आपके गिफ्ट और खिलौनों को आसानी से ले लेंगे। आप इन्हें खिलौनों के अलावा कपड़े और टॉयलेटरीज भी दान कर सकते हैं। इसके अलावा और क्या-क्या दान कर सकते हैं, यह जानने के लिए आप सीधा शेल्टर होम में बात कर सकते हैं। चिल्ड्रेन होम आप अनाथ आश्रम में भी बच्चों के खिलौने दान कर सकते हैं। यहां हर उम्र के बच्चे होते हैं जिन्हें आपके खिलौने पसंद आ सकते हैं।

### अस्पताल या धार्मिक केंद्र

कई अस्पताल भी बच्चों के खिलौने लेते हैं। यहां दाखिल होने वाले बच्चों को ट्रीटमेंट के दौरान खिलौनों से खेलने दिया जाता है। इसके अलावा आपके आसपास के धार्मिक केंद्रों में भी बच्चों के खिलौने लिए जा सकते हैं। आप मंदिर के बाहर बैठे बच्चों को खिलौने दे सकते हैं। इन बच्चों के पास बचपन की सबसे प्यारी चीज यानि खिलौनों के नाम पर कुछ नहीं होता है। ऐसे में आपकी छोटी सी मदद इनके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है।

# छोटी-सी तारीफ भी ... देती है बड़ी खुशी

कोई भी महिला तब और निखर उठती है, जब कोई उसकी खूबसूरती की तारीफ करने वाला हो। कोई उसकी छोटी-छोटी जरूरतों का खयाल रखने वाला हो। अगर वह अपने साथी के लिए कुछ करे तो वह उसे नोटिस करे। जब साथी इन बातों का खयाल रखता है तो दांपत्य जीवन खुशियों से महक उठता है।

आज सुबह से ही तन्वी का मन कुछ उदास था, न जाने किस सोच में गुम थी। पिछले काफी समय से सोच रही थी कि उसकी शादीशुदा जिंदगी में कुछ कमी-सी है लेकिन तभी मोबाइल पर आए एक मैसेज ने जिंदगी में छाई सारी निराशाओं को पल भर में मानो दूर भगा दिया और तन्वी के मन में एकाएक नई उमंगें तैरने लगीं। इसमें लिखा था-'कैसी हो स्वीटहार्ट'? तुम्हारा दिन कैसा बीत रहा है?

यह मैसेज पढ़ते ही तन्वी का उदासी में डूबा दिन खुशनुमा हो उठा। उसके मन में शाम की कई प्लानिंग चलने लगीं। आईने में खुद को बार-बार निहारने लगी। वाकई में तन्वी जितनी खुश थी, उसकी चमक उसके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उसके बाद ही तन्वी ने भी पूरी गर्मजोशी से मैसेज का जवाब भी दिया और उसके खुश रहने के साथ पूरे घर का माहौल खुशनुमा हो गया।

### क्या चाहती हैं महिलाएं

अक्सर पुरुष सोचते हैं कि स्त्रियों को खुश करना बड़ा मुश्किल है, लेकिन वे नहीं जानते कि उनकी जीवनसंगिनी खुश होने के लिए बेशकीमती तोहफा नहीं चाहती, उसे तो प्यार से दी गई एक कैंडी भी खुश कर सकती है। लंबे से मेल के बजाय प्यार में डूबी छोटी-सी पंक्ति भी जीवनसाथी को प्रसन्ना कर सकती है। बस, इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

### बस थोड़ी-सी केयर

सचाई यह है कि करियर में कोई स्त्री कितनी भी कामयाब क्यों न हो जाए, उसे सबसे बड़ी खुशी तब मिलती है, जब उसका साथी उसकी छोटी-छोटी ख्वाहिशों को समझता हो, उनका खयाल रखता हो। दरअसल, ऐसा करते हुए वह यह जता देता है कि वह उसके लिए कितनी खास है। महिलाएं हमेशा से चाहती हैं कि उनका साथी कार में पहले खुद बैठने की बजाय उनके लिए कार का दरवाजा खोले। ये चाहत इसलिए नहीं है कि वह यह काम खुद नहीं कर सकती या फिर शारीरिक रूप से कमजोर हैं, वह सिर्फ अपने पार्टनर से एक स्नेह भरे रिश्ते की अपेक्षा रखती हैं। प्रकृति ने पुरुष को फिजिकली मजबूत बनाया है। वह मेहनत करता है, परिवार चलाता है। स्त्री उसका खयाल रखती है। आदिकाल से ऐसा ही होता रहा है लेकिन समय के साथ इसमें बदलाव भी आया है। अब स्त्रियां घर-ऑफिस साथ संभाल रही हैं।



# बोरियत को न बनाएं अपनी आदत!

सारा काम खत्म हो गया, डिनर के लिए बाहर जाने का मन नहीं है, इस सप्ताह कोई अच्छी फिल्म भी रिलीज नहीं हुई, समझ नहीं आ रहा क्या करें, कहां जाएं? आपको भी अपने आसपास अक्सर ऐसी बातें सुनने को मिलती होंगी। ऐसा सोचने या कहने का सीधा मतलब यही है कि व्यक्ति अपनी वर्तमान मनस्थिति से खुश ही है और इसी वजह से उसे बोरियत महसूस हो रही है।

**समस्या की जड़ें:** जब कभी जीवन में ठहराव आने लगता है तो इससे बोरियत पैदा होती है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी ने इंसान को काफी हद तक वर्कोहॉलिक बना दिया है। अब लोग दिन-रात मशीन की तरह काम में जुटे रहते हैं। जैसे ही उनका कार्य पूरा हो जाता है, उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। आज लोगों के सामने मनोरंजन के विकल्पों का अंबार है, फिर भी वे बोरियत से परेशान रहते हैं। सीमित साधनों के बीच संतुष्ट और खुश रहना आसान है, लेकिन ढेर सारे विकल्प हमें केवल भ्रमित करते हैं और अंततः इनकी वजह से बोरियत पैदा होने लगती है।

**बोर होते बच्चे:** आजकल बच्चों को भी बहुत जल्दी बोरियत महसूस होती है। पुराने समय में बच्चे एक ही खिलौने से महीनों तक खेलते थे, पर आज के बच्चे दो ही दिनों के बाद अपने लिए नए खिलौने की मांग करने लगते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि अब पैरेंट्स के पास बच्चों के लिए समय नहीं है। इस समस्या से बचने के लिए वे छोटी उम्र से ही बच्चों को उनकी मनमर्जी का काम करने की छूट दे देते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों की फ्रस्ट्रेशन टॉलरेंस खत्म हो रही है। अगर माहौल उनकी पसंद के प्रतिकूल हो तो वे पांच मिनट में ही ऊबने लगते हैं। कभी-कभी बोरियत होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह स्थायी मनोदशा बन जाए तो चिंताजनक है। बोरियत नकारात्मक विचारों की जड़ है। इससे व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने लगता है। कार्यक्षमता और रिश्तों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसकी वजह से व्यक्ति को डिप्रेशन भी हो सकता है।

**कैसे करें बचाव:** खुद को बोरियत से बचाने के लिए जीवन में संतुलन बेहद जरूरी है। जिस तरह वर्कोहॉलिक होना नुकसानदेह है, उसी तरह ज्यादा आरामतलबी और मनोरंजन की अधिकता भी व्यक्ति को बहुत जल्दी बोर कर देती है।



# माथे पर बढ़ रही लकीरों को हटाएंगे ये होममेड मास्क



बिजी लाइफ के दौरान त्वचा का ख्याल नहीं रख पाते हैं। लेकिन जब कहीं जाना होता है तब हमें अपनी स्किन का ख्याल आता है, पर उस वक्त कोई उपाय नहीं सूझता है और बेकार मूड से फंक्शन में जाना पड़ता है। कोई बात नहीं अब भी केयर कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं कैसे माथे पर आ रही चिंता की लकीरों को हटाए कुछ ही दिनों में।

### गाजर और अंडे का पैक

गाजर में मौजूद तत्व बीटा कैरोटीन, आयोडीन झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही अंडे में भी पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो त्वचा में कसावट पैदा करते हैं। गाजर को मिक्सी में किस लें और एग व्हाइट को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद चेहरे पर चेहरे पर लगा लें। 20 मिनट बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। हफ्ते में कम से कम दो बार इस पैक का जरूर इस्तेमाल करें।

### ऑलिव ऑयल और शहद

माथें पर उभरने वाले लकीरें आपकी खूबसूरती कम कर देती है। लेकिन 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल लें। दोनों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद रात को सोने सेपहले सिर पर लगा लें।सुबह उठकर मुंह को धो लें। हफ्ते में 2 या 3 बार ऐसा करें। कुछ ही दिन में आराम मिल जाएगा।

### कोको पाउडर और ऑलिव ऑयल

माथे पर दिखती लकीरें आपको बहुत जल्दी शर्मिंदा करा देती है। लेकिन अब नहीं होना पड़ेगा। 1 चम्मच कोको पाउडर और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल लें। दानों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगा लें। फिर नॉर्मल पानी से धो लें।

# ऋतिक रोशन की वॉर 2 से श्रद्धा कपूर के जुड़ने की है चर्चा



जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन की आगामी फिल्म वॉर 2 को लेकर फैंस के बीच जबर्दस्त उत्सुकता है। फिल्म की हर छोटी-बड़ी जानकारी पर फैंस लगातार नजरे बनाए रखते हैं। इस वजह से फिल्म को लेकर कई तरह की अटकलें भी काफी ज्यादा जोर पकड़ लेती हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये अटकलें लगाई गई हैं कि इस बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर में एक खास गाना होने वाला है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर नजर आएंगी।

### श्रद्धा कपूर के डांस नंबर की है चर्चा

इस तरह के रिपोर्ट्स से निश्चित ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। हालांकि, इस तरह की अटकलों पर फिल्म की टीम के तरफ से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। इसलिए फैंस को अभी और इंतजार करना पड़ेगा, निर्माताओं की आधिकारिक पुष्टि के बाद ही इस पर विश्वास किया जा सकता है। बताते चलें कि वॉर 2 की शूटिंग इस वक्त जोर-शोर से जारी है। फिल्म में जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन एक दूसरे से भिड़ते नजर आने वाले हैं।

### अयान मुखर्जी कर रहे हैं निर्देशन

जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन के पहली बार पर्दे पर एक साथ आने से फिल्म को लेकर उत्साह काफी बढ़ा हुआ है। इसके अलावा इसके पिछले भाग की सफलता ने भी इसके अगले भाग के लिए माहौल बनाया हुआ है। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं, जिन्होंने वेक अप सिड, ये जवानी है दिवानी, ब्रह्मास्त्र जैसी फिल्में बना चुके हैं। ऐसे में वॉर 2 दर्शकों से एक शानदार विजुअल और इंटेस एक्शन थ्रिलर का वादा करती है। फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा के यशराज बैनर के तले किया जा रहा है।

### यशराज के स्पाई यूनिवर्स का है हिस्सा

बताते चलें कि वॉर साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ एक दूसरे से भिड़ते हुए नजर आए थे। दोनों अभिनेताओं को एक साथ देखने के लिए फैंस सिनेमाघरों में भारी संख्या में पहुंचे थे और फिल्म सुपरहिट रही थी। बताते चलें कि ये फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली किस्त होगी। इस यूनिवर्स के तहत यशराज टाइगर सीरीज, वॉर बना चुका है तथा आलिया और शरवरी अभिनीत अल्फा की शूटिंग जारी है, जो स्पाई यूनिवर्स की ही अगली कड़ी होगी।



## खलनायक बन नंदमुरी बालकृष्ण से दो-दो हाथ करते दिखे बॉबी देओल-रवि किशन

अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म एनबीके 109 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर आए दिन नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं, अब आखिरकार निर्माताओं ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म का टाइटल टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही वीडियो में अभिनेता की दमदार झलक भी देखने को मिली। नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म एनबीके 109 के निर्माताओं ने आज शुक्रवार, 15 नवंबर को फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया। फिल्म के पहले लुक वीडियो में नंदमुरी बालकृष्ण को एक डाकू के अवतार में दिखाया गया है और इसलिए इसका शीर्षक डाकू महाराज रखा गया है। अगले साल संक्रांति पर बड़ी रिलीज के रूप में आने वाली यह फिल्म एक ऐसे राजा की कहानी है, जिसने बिना किसी राज्य के लड़ाई लड़ी। यह एक ऐसे व्यक्ति की भी कहानी है, जिसे मृत्यु को भी हिला देने वाले सम्राट के रूप में सम्मानित किया गया। फिल्म का निर्माण करने वाली आधिकारिक प्रोडक्शन कंपनी सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने ट्विटर पर फर्स्ट लुक वीडियो साझा किया और नंदामुरी बालकृष्ण को डाकू महाराज के रूप में पेश किया। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में रवि किशन और बॉबी देओल बतौर खलनायक नजर आएंगे, जिसकी झलक टीजर में भी देखने को मिली।

### बॉबी-रवि की खलनायकी

टीजर में निर्देशक की खुद की आवाज भी शामिल है, जिसमें मुख्य खलनायकों को एक-एक करके पेश किया गया है। रवि किशन और बॉबी देओल स्टाइलिश अंदाज में दिखाई देते हैं, इसके बाद यह खुलासा होता है कि फिल्म की कहानी इन गुंडों के बारे में नहीं है, बल्कि उन्हें नियंत्रित करने वाले के बारे में है। इसके बाद बालकृष्ण घोड़े पर सवार होकर बहादुरी के साथ प्रवेश करते हैं और खुद को डाकू महाराज के रूप में पेश करते हैं।






## बागी 4 में दिखेगा टाइगर श्रॉफ का सबसे खूंखार अवतार

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ हाल ही में रिलीज हुई सिंघम अगेन में दिखाई दिए थे। इसके पहले आई उनकी सभी फिल्में फ्लॉप रही थीं। अब वह अपनी सुपरहिट फिल्म बागी से वापसी कर रहे हैं। एक्शन फ्रैंचाइज की चौथी किस्त बागी 4 का पहला पोस्टर सोमवार 18 नवंबर सुबह मेकर्स ने जारी किया। पोस्टर में एक्टर का उनके मशहूर किरदार रॉनी का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। लोग उन्हें इस अवतार में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी की रिलीज डेट भी सामने आई गई है। आइए बताते हैं कि आप कब देख सकेंगे। बागी 4 के फर्स्ट-लुक पोस्टर में टाइगर को खून से लथपथ, एक टूटे-फूटे वॉशरूम में कमोड पर बैठे हुए दिखाया गया है। उन्होंने एक हाथ में चाकू, दूसरे हाथ में शराब की बोतल पकड़ी हुई है और सीधे कैमरे की ओर देखते हुए सिगरेट चबा रहे हैं। वहीं उनके सामने फर्श पर लोगों की बॉडी पड़ी है, जिन्हें उन्होंने मार गिराया है। जबकि पीछे की दीवारों पर खून के छींटे थे। टाइगर के ठीक ऊपर की दीवार पर 4 उकेरा गया है। पोस्टर में लिखा है- इस बार, वह पहले जैसा नहीं है। साजिद नाडियाडवाला की प्रोड्यूस्ड फिल्म बागी 4 आने वाले 5 सितंबर, 2025 को स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है। बागी 4 का डायरेक्शन ए हर्ष ने किया है, जो बजरंगी और वेदा जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

## साउथ सिनेमा में है बहुत एकता

अभिनेता अजय देवगन और अक्षय कुमार ने बॉलीवुड सिनेमा को लेकर कुछ बातें कही हैं। एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में अक्षय कुमार और अजय देवगन ने साउथ सिनेमा और बॉलीवुड को लेकर कुछ बातें कही हैं। दोनों अभिनेताओं का मानना है कि इंडस्ट्री में एकता की कमी है। अजय देवगन ने कहा, मैं मानता हूं कि हमारे पास एकता नहीं हूं। इस बात को अक्षय कुमार ने भी माना। उन्होंने कहा, मैं इस बात की सराहना करता हूं कि किस तरह से एक साथ मिलकर काम करते हैं। दोनों इस दौरान साउथ सिनेमा के काम को लेकर बात कर रहे थे।



### बॉलीवुड सिनेमा को लेकर बोले अक्षय कुमार

जब अभिनेता से फिल्म इंडस्ट्री में एकता के बारे में पूछा जाए। हिंदी सिनेमा में दो अभिनेता और दो अभिनेत्रियों को लेकर फिल्में क्यों नहीं बनती। अक्षय कुमार ने कहा, अजय और मैंने साथ में की फिल्में की हैं। मैंने सुनील शेट्टी के साथ भी काम किया है। अब ऐसा नहीं होता, ये बहुत ही दुखद है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अजय देवगन इन दिनों सन ऑफ सरदार 2 के लिए काम करने वाले हैं। अक्षय कुमार इन दिनों स्काईफोर्स, शंकरा और जॉली एलएलबी 3 और हाउसफुल 5 में नजर आने वाले हैं।

## दिव्यांका के लिए आसान नहीं था अभिनेत्री बनने का सफर



दिव्यांका त्रिपाठी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। दिव्यांका पिछले काफी दिनों से बेबी प्लानिंग को लेकर ट्रोलिंग का शिकार हो रही हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। दिव्यांका ने अपने दम पर टीवी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई है, हालांकि अभिनेत्री के इस फैसले को लेकर परिवार वाले खिलाफ थे। परिवार वालों का कहना था कि दिव्यांका अपने इस फैसले के कारण परिवार का नाक कटवाएंगी। दिव्यांका के पेरेंट्स ने इस फैसले को लेकर उनका सपोर्ट किया था।



## टॉम्ब रेडर सीरीज में लारा क्रॉफ्ट की भूमिका निभा सकती हैं सोफी टर्नर

गेम ऑफ थ्रोन्स में सैंसा स्टार्क की भूमिका के लिए मशहूर सोफी टर्नर कथित तौर पर प्राइम वीडियो के लिए आने वाली टॉम्ब रेडर सीरीज में हॉलीवुड स्टार लारा क्रॉफ्ट की प्रतिष्ठित भूमिका निभा सकती हैं। यह सीरीज लोकप्रिय टॉम्ब रेडर वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित है, जिसे पहले एंजेलीना जोली और एलिसिया विकेंडर ने निभाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोफी टर्नर उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने इस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया है। टॉम्ब रेडर सीरीज में फीबी वालर-ब्रिज लेखक और निर्माता दोनों के रूप में काम करेंगी। फीबी एक अंग्रेजी लेखिका, निर्माता और अभिनेत्री हैं, जिनके टेलीविजन और फिल्म में काम के लिए जाना जाता है। फ्लीबैग, किलिंग ईव, सोलो- ए स्टार वार्स स्टोरी और नो टाइम टू डाई जैसी फिल्में और सीरीज के लिए जानी जाती हैं। फोबे वालर-ब्रिज इंडियाना जोन्स और डायल ऑफ डेस्टिनी में भी दिखाई दी हैं और उन्होंने डैनियल क्रेग की जेम्स बॉन्ड फिल्म नो टाइम टू डाई का सह-लेखन किया है।

फीबी ने कहा, एक महिला एक्शन किरदार निभाने का अवसर... बॉन्ड पर काम करने और इंडी पर एक अभिनेता के रूप में काम करने के बाद, मुझे लगता है कि मैं इसके लिए खुद को तैयार कर रही हूं। क्या होगा अगर मैं एक एक्शन फ्रैंचाइजी की बागडोर संभाल सकूं, जो मैंने सीखा है, एक ऐसे किरदार के साथ जिसे मैं पसंद करती हूं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉम्ब रेडर सीरीज में सोफी टर्नर नजर आ सकती हैं। फिल्म का निर्माण वेल्स स्ट्रीट प्रोडक्शंस के माध्यम से फोबे वालर-ब्रिज और जेनी रॉबिन्स द्वारा किया जा रहा है। टॉम्ब रेडर वीडियो गेम के निर्माता क्रिस्टल डायनेमिक्स, अमेजन एमजीएम स्टूडियो के साथ मिलकर सीरीज के निर्माण करेंगे। कंसल्टिंग प्रोड्यूसर में उनके स्टार पार्टी बैनर से अमांडा ग्रीनब्लाट और रयान एंडोलिना शामिल हैं। यह सहयोग प्राइम वीडियो पर लारा क्रॉफ्ट के बेहतरीन काम को दर्शाएगा।



# दिवंगत इरफान के बेटे बाबिल के साथ काम कर रहे हैं शूजित सरकार

**मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक शूजित सरकार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म आई वांट टू टॉक के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच उन्होंने अपने दिवंगत दोस्त और अभिनेता इरफान खान के साथ अपनी दोस्ती को लेकर भी बात की है।**

उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि वो इरफान के बेटे बाबिल के साथ भी एक फिल्म में काम कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने अपनी सफल और प्रशंसित फिल्म सरदार उधम सिंह को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में पहले दिवंगत इरफान खान को मुख्य भूमिका में लेने की योजना थी।

### बाबिल के साथ भी काम कर रहे हैं शूजित

इरफ़ान के साथ अपने निजी और पेशेवर संबंधों पर विचार करते हुए, शूजित ने साझा किया, इरफान एक प्यारे दोस्त थे। मुझे लगता है कि अब एक बहुत बड़ा शून्य है। इरफान के साथ फिल्म निर्माता का स्थायी संबंध उनके बेटे, बाबिल खान के साथ भी आगे बढ़ा है। शूजित ने खुलासा किया कि बाबिल उनकी आगामी फिल्म द उमेश क्रॉनिकल्स का हिस्सा हैं, एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसमें अमिताभ बच्चन का भी कैमियो है। उन्होंने कहा, मैंने उनके बेटे को एक फिल्म के लिए कास्ट किया और यह अभी भी प्रक्रिया में है। वह हमारे साथ एक फिल्म कर रहे हैं।

### मेरी सभी फिल्में इरफान के इर्द-गिर्द घूमती हैं

इरफान के साथ अपने गहरे रिश्ते के लिए मशहूर निर्देशक ने माना कि अभिनेता उनके लिए एक रचनात्मक प्रेरणा रहे। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में मेरी सभी फिल्में इरफान के इर्द-गिर्द घूमती हैं। इसलिए विक्की इसके थोड़ा करीब आ पाए। उन्होंने सरदार उधम में बेहतरीन काम भी किया। हालांकि, इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि उन्हें फिल्म के लिए इरफान खान की कमी खली। दिवंगत अभिनेता की बेहतरीन अभिनय क्षमता को याद करते हुए उन्होंने फिल्म में विक्की के प्रदर्शन की सराहना की।

### अभिषेक बच्चन के अभिनय से संतुष्ट हैं निर्देशक

इस बातचीत के दौरान शूजित सरकार ने यह भी बताया कि उनकी आगामी फिल्म, आई वांट टू टॉक भी मूल रूप से इरफान को ही ध्यान में रख कर लिखी गई थी। हालांकि, अभिषेक बच्चन ने यह भूमिका निभाई और ऐसा अभिनय किया जिससे निर्देशक को बेहद संतुष्टि मिली। उन्होंने कहा, इसमें भी इरफान को ही लिया जाना था, लेकिन अभिषेक भी इसके काफी करीब पहुंच गए। उनके अभिनय से मैं बहुत संतुष्ट हूं।

सरदार उधम सिंह को बंद करना चाहते थे शूजित साइरस भरूचा के साथ बातचीत के दौरान शूजित ने इस फिल्म से जुड़ी खट्टी-मीठी यादों को साझा किया। उन्होंने कहा कि एक वक्त पर दिवंगत अभिनेता इरफान खान, सरदार उधम में मुख्य भूमिका निभाने वाले थे, लेकिन फिर वो बीमार पड़ गए। निर्देशक ने बताया कि एक समय पर, वो इसे बंद करने का फैसला ले चुके थे। हालांकि, जब वह बाद में इरफान खान से मिले, तो उन्होंने कहा कि उन्हें ये फिल्म बनानी चाहिए, यह उनके बच्चे जैसा है। इसके बाद इस फिल्म पर शूजित सरकार ने फिर से काम करना शुरू किया और फिल्म में विक्की कौशल की एंट्री हुई।



## ब्रीफ न्यूज

### निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

**हरदा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित महिला सशक्त वाहिनी कक्षा में गुरूवार को निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राजनंदिनी निमारे, द्वितीय पुरस्कार कविता वामने एवं तृतीय पुरस्कार अंजू सिलारे ने प्राप्त किया। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रिंकी उइके, द्वितीय पुरस्कार प्रिया धोत्रे व तृतीय पुरस्कार स्वाति उइके ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बाल विवाह रोकथाम एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर अपने विचार प्रकट किए एवं बेटी बचाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री भारती भल्लावी हरदा शहरी, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति शर्मा एवं पर्यवेक्षक श्रीमती सोनाली गौर उपस्थित थी।

### तीन दिवसीय संगीतमय आयोजन

**हरदा।** नगर की दिगम्बर जैन समाज में हर्षोल्लास का वातावरण है। जैन धर्मावलंबियों द्वारा विश्वशांति की कामना को लेकर संगीतमय समवशरण महामंडल विधान का तीन दिवसीय संगीतमय आयोजन किया जा रहा है । समवशरण महामंडल विधान के दूसरे दिन आज मुनिश्री वीरसागरजी महाराज ने समवशरण का महत्व में कहा कि सभी प्राणी अपना बैर भाव भूलकर मित्रवत हो जाते है।

### जिला स्तरीय बने विजेता प्रतिभागी

**हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा के जिला स्तरीय विजेता प्रतिभागी अब अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव सत्र 2024-25 में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 21, 22 एवं 23 नवंबर को बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में एक्सीलेंस कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे। छवि चौहान, अंजलि पासी एवं अंकिता गायकवाड प्रश्न मंच विधा में श्रेया शुक्ला कार्टूनिंग विधा में एवं अंशु राजपूत रंगोली विधा में अपनी-अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे। महाविद्यालय स्तर से जिला स्तर पर चयनित हुए सभी विद्यार्थियों को संस्था प्रमुख डॉ. अरुण कुमार सिकरवार ने अगले स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रश्न मंच एवं संबंधित विधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश प्रदान करते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी के साथ युवा उत्सव संयोजक डॉ दीपिका सेठे जो कि कल टीम मैनेजर के रूप में समस्त टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने युवा उत्सव में प्रत्येक स्तर पर चयनित होने हेतु प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं की बारीकियां से अवगत कराया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय परिवार के प्रशासनिक अधिकारी व्ही.के. विछोतिया, डॉ. धीरा शाह, डॉ. सीपी गुप्ता, डॉ. निर्मला डोंगरे, डॉ. वंदना मगरदे, डॉ शीतिका बरकले, डॉ. आशा गायकवाड, डॉ. प्रियंका राय सहित अन्य परिवार के सदस्यों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की।

# शहर में निकाली गई भव्य एवं ऐतिहासिक खाटू श्याम जी की निशान यात्रा

सत्ता सुधार ■ सीहोर



सीहोर बायपास रोड स्थानीय खाटू श्याम मंदिर पे चल रहे 5 दिवसीय खाटू श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में काफी श्रद्धालु पहुँचे खाटू श्याम मंदिर के प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर, संस्थापक ऋषि सोलंकी, खाटू श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री जगदीश सोलंकी जी, सचिव मनीष सोलंकी एवं यात्रा के अध्यक्ष दीपांशु राठौर नट्टू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा श्याम सीहोर नगर के भ्रमण पर एक चल समारोह के रूप में बाबा यहां विराजमान हुए है इसी कड़ी में खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा मनकामेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई सैकड़ाखेड़ी बायपास इंदौर भोपाल रोड पहुँची थी यात्रा का 100 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया गया एवं यात्रा में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचे थे मंदिर संस्थापक एवं कार्यक्रम आयोजक ऋषि सोलंकी ने सभी नागरिकों का दिल से आभार व्यक्त किया है वहीं कल गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य भजन संध्या एवं भोजन प्रसादी का शाम 6 बजे से आयोजन खाटू श्याम मंदिर सैकड़ा खेड़ी रोड पर किया गया भजन संध्या में भी देर रात तक भजन संध्या का हजारों श्रद्धालुओं ने आनंद लिया एवं धर्म लाभ अर्जित किया। भजन गायकों ने देर रात तक अपने भजनों कि प्रस्तुति दी एवं श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर, मंदिर संस्थापक एवं कार्यक्रम आयोजक ऋषि सोलंकी, निशान यात्रा अध्यक्ष दीपांशु राठौर नट्टू , समिति सदस्य प्रिंस राठौर (मोबाइल) सत्यम राठौर, दीपक राठौर,राहुल कुशवाहा, मोहित राठौर (भाऊ), भविष्य राठौर, गोलू राठौर,आयुष राठौर,हर्ष राजपूत,नीरज राठौर (मोटू) सत्यम सोनी,एवं मंदिर समिति के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे समिति के सभी सदस्यगण आयोजन को लेकर काफी मेहनत कर रहे थे जिस से आयोजन काफी सफतापूर्वक हो सका। आशीवाज़्द दाता खामखेड़ा वाले देव महाराज,कथावाचक पंडित रविशंकर तिवारी, केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मनोहरलाल माहेश्वरी , राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त माँगीलाल सोलंक, सुरेश महेश्वरी जी, विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के संयोजक विवेक राठौर, विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, सौरभ कुमार, सक्षम पालीवाल, पाषज़्द नरेंद्र राजपूत, राजेश परिहार, आशीष पचोरी सहित समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में धर्म लाभ अर्जित किया।

# सरपंच को अपशब्द और सीईओ को तीन दिन में निलंबन की धमकी

## एस.डी.ओ. का सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो बना चर्चा का विषय

सत्ता सुधार ■ हरदा









जिले के जनपद पंचायत हरदा पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखरास से रहटा खुर्द वाया सुखरास मार्ग के निर्माण में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा उदासीनता बरती जा रही है। 3.25 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य वर्षो बाद भी पूर्ण नहीं कराया जा रहा है। करीब 800 मीटर सड़क निर्माण बकाया है जिसे सरपंच से निर्माण कार्य करवाने पर दबाव बनाया जा रहा है। साल भर में 50 लाख रूपये का बजट आने की बात कह कर एस.डी.ओ. श्रवण कुमार गुप्ता द्वारा जनपद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को अपशब्द कहकर न केवल अपमानित किया गया, अपितु सी.ई.ओ.को 3 दिन के भीतर निलंबित करने और सरपंच को छक्का कह कर पद से पदच्युत करवाने की बात कही गई। सोशल मीडिया पर एस.डी.ओ. का वायरल ऑडियो वीडियो चर्चा एवं कोतूहल का विषय बना हुआ है। ऑडियो वीडियो सुनकर सभी हतप्रद हैं। पद एवं अधिकार का दुरुपयोग करते हुए अनाप-शनाप धमकी देकर अनेक नये सवाल खड़े कर दिये हैं। जिसको लेकर तरह-तरह की चर्चा का बाजार गर्म है।

### सरपंच ने एसडीओ की शिकायत की

सरपंच सुखरास अनिल पुनासे ने एस.डी.ओ. श्री गुप्ता द्वारा कहे गए अपशब्द की शिकायत जिला कलेक्टर से करते हुए निलंबित करने की मांग की है। पी.डब्ल्यू.डी. की सड़क का निर्माण पंचायत मद से नहीं कराने पर तैश में आकर न केवल छक्का कहा अपितु बैठक कर के अपमानित किया है। साथ में सरपंच पद से पदच्युत कराने की बात कही। एस.डी.ओ. की बात को लेकर व्यापक आक्रोश का माहौल है। जो अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उसे करवाने की बात कह कर पद एवं अधिकार का दुरुपयोग किये हैं। जिसको लेकर आक्रोश का माहौल है। इसकी जांच-पड़ताल कर कर एस.डी.ओ. को निलंबित नहीं किया गया तो इसके विरोध में धरना, प्रदर्शन, आंदोलन शुरू किया जायेगा।

### अधूरे सड़क निर्माण की शिकायत

अंकित चौधरी ने अधूरे सड़क निर्माण की शिकायत की। तब पता चला कि सुखरास- रहटा मार्ग पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा बनवाया गया है। आधे अधूरे में निर्माण कार्य रोक दिया गया आवागमन में दिक्कत हो रही है। जिसको ध्यान में रखते हुए शिकायत की गई ताकि अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जा सके। इससे एस.डी.ओ. श्रवण कुमार गुप्ता ने जनपद सीईओ को इस मामले में तीन दिन के भीतर सस्पेंड करवाने की धमकी दे डाली इतना ही नहीं सरपंच को छक्का जैसे अपशब्द कहे और बैठक लेकर सरपंच पद से हटवाने की बात कह डाली। एस.डी.ओ. की बात को सुनकर लोग हतप्रभ हैं।

### क्या कहते जवाबदार



आपके द्वारा जानकारी संज्ञान में लाई गई, इस संदर्भ में ग्रामीणजन फोन कर रहे थे। यदि किसी को इस मेटर में कुछ बुरा लग गया हो तो मैं माफी मांगता हूं।

**-श्रवण कुमार गुप्ता,एस.डी.ओ. पी.डब्ल्यू.डी. हरदा।**

### विभाग से उच्चाधिकारी से होगी शिकायत

सरपंच ने जिला कलेक्टर के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारी का ध्यान इइस और आकृष्ट करते हुए एस.डी.ओ. के रवैये की जांच पड़ताल कराकर कठोर कार्यवाही करते हुए निलंबन की कार्यवाही की जाय और अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराकर आमजन की परेशानी को दूर किया जाये।

# आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक एवं जागरूकता शिविर आयोजित

सत्ता सुधार ■ सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देश पर आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में एडीआर भवन के सभाकक्ष में जागरूकता शिविर एवं अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा क्लेम प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों, चैक बाउंस प्रकरणों तथा अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने के लिए अधिकारियों से चर्चा की गई। बैठक एवं जागरूकता शिविर में नेशनल लोक अदालत में रखे गये राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर निराकरण के सम्बंध में प्रयास करने तथा अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के संबंध में जिला मुख्यालय के सभी अधिवक्ताओं से चर्चा की गई। इसके साथ ही अधिवक्ताओं को मोटर दुर्घटना, हिट एण्ड रन, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 एवं नालसा (एसिड हमले के पीड़ितो के लिए विधिक सेवा) योजना 2016 के प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत से लोक अदालत नोटिसों एवं वारंटो की तामीली सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान लीड बैंक मैनेजर, बैंकों के शाखा प्रबंधक, नगर पालिका एवं बीएसएनएल के अधिकारियों से लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के रखे जाने एवं उनके निराकरण के सम्बध में चर्चा की गई। बैठक में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सचिव राजेश वर्मा, विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान सहित लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रायवेट डॉक्टर्स को जिला प्रशासन करेगा सहयोग



सत्ता सुधार ■ हरदा

गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रायवेट डॉक्टर्स व नर्सिंग होम संचालको की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने उपस्थित प्रायवेट डॉक्टर्स को आश्वस्त किया कि ड्यूटी के दौरान डॉक्टर्स की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। प्रायवेट डॉक्टर्स को नर्सिंग होम संचालन में कोई भी समस्या होने पर जिला प्रशासन के ध्यान में लाएं। जिला प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार के लिये प्रायवेट डॉक्टर्स द्वारा जो सहमति दी गई है, वह सराहनीय है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह भी मौजूद थे।

# महिलाओं को टिमरनी विधायक ने खून देकर बचाई जान



**हरदा।** टिमरनी विधानसभा क्षेत्र की महिला भोपाल के हमीदिया अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी। उसका पति खून की एक-एक बूंद के लिए दुआ कर रहा था। जब लगा कि सब खत्म हो गया है, तभी उम्मीद की किरण बनकर आए टिमरनी-सिराली विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर अभिजीत शाह को देख जितेंद्र चिकित्सालय में भावुक होकर रोने लगा और जिसे विधायक श्री शाह ने गले लगा लिया। वहीं हमीदिया चिकित्सालयमें पहुंचे विधायक श्री शाह ने ऐन वक्त पर पहुंचकर कुंबीखेड़ा के मणिराम की पत्नी भूरी बाई और सिराली के जितेंद्र तंवर की पत्नी संध्या बाई को अपना खून देकर उनकी जान बचाई और हर संभव मदद देने का वादा किया। मौजूद भोपाल के लोगों ने कहा भोपाल के विधायक को भी ऐसा ही होना चाहिए ।

# प्रजापति समाज धर्म जागरण रथ यात्रा सीहोर पहुंची

## मनाया जाएगा श्रीयादे प्रजापति अमृत कुम्भ महोत्सव

सत्ता सुधार ■ सीहोर



गुजरात से प्रारंभ हुई प्रजापति समाज धर्म जागरण रथ यात्रा बुधवार को सीहोर पहुंची। अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ के पदाधिकारियों कार्यकताओं के द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप सम्राट के नेतृत्व में रिसोर्ट चौराहा पर यात्रा में पहुंचे संतो का पुष्प मालाऐं पहनाकर स्वागत किया गया। सामाजिक धर्मचर्चा के दौरान संतों ने श्रीयादे प्रजापति अमृत कुम्भ महोत्सव मनाने का आहवान समाजजनों से किया। महंत स्वामी रामनारायण महाराज ने कहा की प्रजापति समाज के धर्मगुरू संत शिरोमणी श्री यादे माता और संत गोराजी कुम्हार को राष्ट्रीय संत घोषित करने की मांग सरकार से करने और संपूर्ण भारत देश के प्रजापति कुम्हार समाज के जागरण के लिए उक्त यात्रा निकाली जा रही है। गुरुदेव अनंत विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी सेवानंद गिरि महाराज,पंचायती अखाड़ा श्रीनिरंजनजी के आशिर्वाद से निकाली जा रही यात्रा गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश से होकर उत्तरप्रदेश में आयोजित महाकुम्भ प्रयागराण त्रिवेणी संगम पहुंचेगी। अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ के पदाधिकारियों ने संतो का पगड़ी मालाऐं पहनाकर स्मृति चिंह भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रजापति समाजबंधु सम्मिलित रहे।

# पीसीपीएनडीटी एक्ट में सलाहकार समिति की बैठक

सत्ता सुधार ■ हरदा



पीसी पीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में कहा कि सोनोग्राफी सेंटर्स पर गर्भावस्था के दौरान गर्भस्थ शिशु का लिंग निर्धारण व परीक्षण के संबंध में पीसी पीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों का सख्ती से पालन कराया जाए। उन्होने निर्देश दिये कि इन प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर संबंधित सोनोग्राफी सेंटर के संचालक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह को निर्देश दिये कि सोनोग्राफी सेंटर्स का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए और देखा जाए कि पीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों का पालन सोनोग्राफी सेंटर्स में हो रहा है या नहीं। बैठक में बताया गया कि हर दो माह में पीएनडीटी की सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जा रही है तथा हर तीन माह में सोनोग्राफी सेंटर्स का निरीक्षण किया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि सोनोग्राफी सेंटर्स को प्रत्येक 5 वर्ष में अपने रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

# ब्लाकस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चारूवा रही प्रथम

सत्ता सुधार ■ मोरगढी/चारूवा



कन्या हायर सेकेन्डरी खिरकिया में आयोजित ब्लाकस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में कन्या माध्यमिक शाला चारूवा के पर्यावरण एवम इतिहास दोनो विषय से माडल प्रथम रहे। प्रभारी प्राचार्य उमेश सिटोके की अध्यक्षता में गठित निर्णायक टीम में श्रीमति रचना राय,शीतल बिरला,मधुलिका ठाकुर,शोभना चंदेल,महेश मीणा, सुनिल कुमार सिंधिया,केदार प्रसाद परसाई,गोपाल सिरसाम मुख्य रूप से थे जिन्होंने अपने निर्णय में कन्या माध्यमिक शाला के दोनों विषयों के दोनो माडलो को प्रथम घोषित किया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिव प्रसाद कंगाली,विकास खंड स्त्रोत समन्वयक रमेश पटेल, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदीप रिछारिया ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। शाला की ओर से शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती भारती अशोक रागोर,हेमलता तरुण सोनी, प्रधान पाठक संगीता दशोरे, महेश तिवारी, देवेंद्र कुमार, सत्ता सुधार समाचार पत्र स्टॉप, संजय शर्मा, सुलभा कालकर, नीतू सिसोदिया, सीमा भारद्वाज, हेमलता तनपुरे, कंचन गुर्जर, सविता पांडें, सुलोचना गंगराड़े, राधिका चौहान, विशाल सोनी, दिनेश मालवीय मनीषा बाड़बुड़े, सीता पाराशर आदि ने बच्चों की उपलब्धि पर बधाई देकर जिले स्तर पर सफलता को लेकर शुभकामनाएं दी।

# पटवारी संघ ने कलेक्टर की पहल पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दिव्यांग बच्चे की मदद

सत्ता सुधार ■ सीहोर



सीहोर पटवारी संघ हर समय सहयोग और समाजसेव की भावना में अव्वल रहता है, पहले कभी नेकी दीवार के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद में आगे रहा, अब सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह की प्रेरणा के पश्चात आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दिव्यांग बच्चे की मदद की है।

पटवारी संघ का कहना है कि कलेक्टर सीहोर की पहल से दिव्यांग बच्चे दिव्यांश को सुनने की मशीन प्रदान की गई है। शहर में निवासरत राकेश प्रजापति के 5 वर्षीयज़ बच्चे दिव्यांश को बचपन से ही सुनने की शिकायत थी। बच्चा दोनों कान से कमज़ोर था। मदद की गुहार लेकर प्रजापति दंपति कलेक्टर सीहोर से मिले। कलेक्टर प्रवीण सिंह सर द्वारा इस कार्य के लिए पटवारी संघ सीहोर को दिव्यांग बच्चे दिव्यांश को कान की मशीन दिलाने के लिए कहा गया। इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पटवारी संघ जिला अध्यक्ष संजय राठौर द्वारा प्रयास किया गया जिसमें जिले के समस्त पटवारी साथी के सामूहिक प्रयास से दिव्यांग बच्चे को मशीन उपलब्ध कराई गई। गुरुवार को कलेक्टर के मार्गदर्शन में बच्चों को सुनने की मशीन उपलब्ध कराई गई इस कार्य में कलेक्टर श्री सिंह के महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूर्व मे भी कलेक्टर द्वारा इस तरह के पुनीत कार्य किए गए हैं। जिले के समस्त पटवारी साथियों के सहयोग से दिव्यांग बच्चे को सुनने की मशीन उपलब्ध कराई गई और आगे भी मदद करने की बात कही गई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय राठौर नीरज जोशी धर्मेंद्र चौहान मुकेश इटावादिया कैलाश वर्मा सचिन वर्मा संदीप गुप्ता निलेश यादव श्याम बाबू यशवंत ठाकुर सुरेंद्र जमालिया नरेश यादव के के चौहान शुभम रावत व अन्य पटवारी उपस्थित रहे।

# वनग्राम रातामाटी में रोजगार मेला आज

**हरदा।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिषन द्वारा विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि इन रोजगार मेलों में ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें। विकासखंड टिमरनी अंतर्गत 22 नवम्बर को रातामाटी में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इन रोजगार मेलो में प्रथम एज्युकेषन भोपाल द्वारा होटल मैनेजमेंट, आटो मोटिव फोरव्हीलर, कम्प्यूटर ग्राफिक्स डिजाइन, ब्यूटी पार्लर से जुड़े व्यवसायों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये युवाओं का चयन किया जाएगा। इसी तरह एसआईएस नीमच संस्था द्वारा सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपर वाईजर के लिये प्रतिभागियों का चयन कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करायेगी। जिले के बेरोजगार युवा इन रोजगार मेलो में प्रतिभाग कर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते है।

### जनसमस्याओं निराकरण के लिये आज लगेगा शिविर

जिले के दूरस्थ ग्रामों में निवासरत ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा योजनाओं की जानकारी उन्हें देने के उद्देश्य से कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण तो किया ही जा रहा है साथ ही ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया जा रहा है ताकि ग्रामीणजन इन योजनाओं के बारे में जान सकें और योजनाओं का लाभ उठाने के लिये आगे आएं। इसी क्रम में 22 नवम्बर को टिमरनी विकासखण्ड के वनग्राम रातामाटी में शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में कलेक्टर श्री सिंह भी उपस्थित रहेंगे। शिविर में रातामाटी, बिटिया व जूनापानी के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जाएंगी। यह शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को इन शिविरों में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### सोने की कीमतों में तेजी, चांदी भी चमकी, सोने का भाव 76,200 रुपए, चांदी 90,500 रुपए के करीब

**नई दिल्ली ।** सोने और चांदी के बाजार में तेजी की रफ्तार जारी है। गुरुवार को सोने के वायदा भाव और चांदी के वायदा भाव दोनों ही तेजी के साथ खुले। सोने का वायदा भाव करीब 76,200 रुपये के आसपास और चांदी का वायदा भाव 90,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे है। वै?श्विक बाजारों में भी सोने और चांदी के वायदा में तेजी देखी जा रही हैं। कॉमेक्स पर सोने का वायदा भाव औंस के अनुसार 2,655.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार हो रहा है, जिसमें कुछ वृद्धि देखने को मिल रही है। चांदी भी अपने उच्च स्तर पर कारोबार कर रही है, जिसमें 31.08 डॉलर प्रति औंस की तेजी नजर आ रही है। सोने और चांदी के वायदा भावों में वृद्धि की और यह उस संकेत के रूप में देखा जा रहा है कि यह तेजी जारी रह सकती है। सोने के वायदा भाव इस साल के सर्वोच्च स्तर को छूकर 79,775 रुपये के पास पहुंच गए थे, जबकि चांदी ने 1,00081 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर किया था। सोने और चांदी के बाजार में इस तेजी के संकेत से निवेशकों को स्थिर रहकर संभावित मौके का सामना करना होगा। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी के वायदा में तेजी देखी जा रही है।

### सेंसेक्स 468 अंक टूटकर 77,110 पर, निफ्टी 23400 के नीचे

**मुंबई ।** भारतीय शेयर गुरुवार को भारी गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 468.17 अंक टूटकर 77,110.21 पर आ गया, निफ्टी 179.75 अंक गिरकर 23,338.75 पर कारोबार करते देखा गया। अदाणी एंटरप्राइजेज समेत अदाणी ग्रुप के कई शेयर गुरुवार को भारी नुकसान के साथ खुले और शुरुआती कारोबार में निचले सर्किट पर पहुंच गए। गौतम अदाणी के कथित अरबों डॉलर की रिश्वतखोरी-धोखाधड़ी स्किम में शामिल होने के आरोपों के बाद ग्रुप के शेयरों में यह गिरावट आई है। वहीं सेंसेक्स में लिस्टेड 30 कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स के शेयर में 10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसकी मुख्य वजह उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका में निवेशकों के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगना रही। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और टेक महिंद्रा के शेयर में तेजी आई।

### बेलराइज की आईपीओ से 2,150 करोड़ जुटाने की योजना

**नई दिल्ली ।** स्वचालित कलपुर्जा विनिर्माता बेलराइज इंडस्ट्रीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 2,150 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के सामने अपने प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के सामने दाखिल दस्तावेजों के अनुसार यह आईपीओ पूर्णतः नए शेयरों का निर्गम है, जिसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है।

**आईपीओ में निवेशकों की भागीदारी घटी**

# विश्लेषकों का अनुमान- एनएफओ में निवेश से मिलेगा फायदा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

आईपीओ की बहार के बीच कुछ निर्गमों में निवेशकों की भागीदारी घट गई है। कुछ आईपीओ को दो गुना भी सब्सक्रिप्शन नहीं मिला है। गैर संस्थागत निवेशक (एनआईआई) व खुदरा निवेशकों ने भी कम दिलचस्पी दिखाई है। निवा बूपा को महज 1.90 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है, जिसमें एनआईआई का हिस्सा 0.70 फीसदी भरा है। अक्मे सोलर में एनआईआई का 1.02त्न व कुल 1.85 गुना भरा है। स्विगी में एनआईआई हिस्सा 0.41 फीसदी व कुल 1.65 गुना भरा है। अफकॉन्स को केवल 1.77 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। गोदावरी में एनआईआई ने 0.93 फीसदी के लिए पैसा लगाया और यह 1.87 गुना भरा। उधर, म्यूचुअल फंड ने नए फंड ऑफर यानी एनएफओ को लॉन्च करना शुरू किया है। अक्तूबर में 29 स्कीमों से 6,078 करोड़ जुटाए गए हैं।

### विभिन्न थीम पर तीन एनएफओ

आईपीओ में सुस्ती के बाद तीन एनएफओ खुले हैं। इसमें श्रीराम समूह, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल और निप्पॉन जैसी कंपनियां हैं। विश्लेषकों का मानना है लंबे समय में म्यूचुअल फंड एनएफओ फायदा दे सकते हैं। निप्पॉन इंडिया फंड ने पैसिव क्षेत्र के दो फंड्स लॉन्च किए हैं। ये ऑटो व रियल्टी थीम के हैं। ऑटो इंडेक्स फंड ऐसा फंड है जो निफ्टी ऑटो इंडेक्स प्रदर्शन को ट्रैक करेगा। रियल्टी इंडेक्स फंड निफ्टी रियल्टी इंडेक्स का अनुसरण करेगा। इन फंड्स में कम लागत व एक ही यूनिट के जरिये विविधीकरण और पारदर्शिता जैसे फायदे हैं। निफ्टी ऑटो इंडेक्स टीआरआई ने एक वर्ष में 48.7त्न व निफ्टी रियल्टी इंडेक्स टीआरआई ने 66त्न चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है। इस फंड ने कई क्षेत्र के रोटेशन फंड को लॉन्च किया है। यह इक्विटी व संबंधित उपकरणों में निवेश करने वाली ओपन-एंडेड योजना है। यह अपनी तरह का पहला फंड है। इसकी रणनीति खराब प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में जोखिम को कम कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में अवसरों का लाभ उठाना है।




**आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल**

इस फंड ने इक्विटी मिनिमम वैरिएंस एनएफओ लॉन्च किया है। यह न्यूनतम अस्थिरता थीम का पालन करने वाली ओपन एंडेड इक्विटी योजना है। इसका उद्देश्य स्कीम के बेंचमार्क निफ्टी 50 टीआरआई की तुलना में पोर्टफोलियो की अस्थिरता को कम कर इक्विटी व इससे संबंधित साधनों में निवेश कर लंबे समय में पूंजी में वृद्धि हासिल करना है। फंड की निवेश रणनीति बड़ी पूंजी वाली कंपनियों पर केंद्रित है। कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स को ज्यादा भार दिया जाता है। इसके विविधीकृत पोर्टफोलियो से अस्थिरता को कम करने में मदद मिलती है।

# देश में आर्थिक गतिविधियों में देखी जा रही सुस्ती : आरबीआई बुलेटिन

## निजी खपत में वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था में मजबूती दिखाई दे रही है

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था में दूसरी तिमाही में देखी जा रही आर्थिक सुस्ती की बारीकीयों पर रोशनी डालने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुलेटिन में सूचना दी है। नवंबर माह का बुलेटिन प्रकाशित होने के साथ आरबीआई ने बताया कि निजी खपत में वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था में मजबूती दिखाई दे रही है। जानकारों के मुताबिक मध्यम अवधि का दृष्टिकोण तेजी का बना हुआ है क्योंकि वृहद आर्थिक बुनियाद की स्वाभाविक ताकत खुद को सुदृढ़ कर रही है। इस बुलेटिन में उच्चाधिकारियों ने भारत की रोजगार सृजन क्षमता की मजबूत होने की भविष्यवाणी की है। आर्बीआई द्वारा जारी बयान के अनुसार निजी निवेश कमजोर हो रहे हैं, हालांकि खरीफ और रबी फसलों में उत्तम उत्पादन के साथ कृषि क्षेत्र में उत्थान के संकेत हैं। व्यापारिक सेवा क्षेत्र में भी गतिशीलता बरकरार है और ईवी वाहनों के संचालन पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता के बावजूद, आरबीआई उम्मीद जताता है कि विश्वसनीय स्थितियों का अनुमान लगाना संभव है। नए स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के समृद्ध स्वरूप ने भी आर्थिक महसूस को चिंताजनक अवस्था से बाहर निकाला है। अधिकारियों का कहना है कि यह लेख उनके स्वयं के विचार हैं, और केंद्रीय बैंक का कोई संबंध नहीं है। गुरुवार को बाजारों की गतिविधियों का ध्यान खिंचने के लिए भविष्य का अनुमान गंभीरता से किया जा रहा है। इस अहम कुशलक्षेत्र में भारत के आर्थिक स्थिति की मजबूत दरारों में से एक है, जो आगे बढ़ने के लिए उत्तेजित करती है।




### नहीं थमेगा विकास का पहिया, 6.5-7 फीसदी की दर से बढ़ेगी जीडीपी

**कुछ क्षेत्रों में धीमी गति हो सकती है, लेकिन अन्य क्षेत्रों से मांग बढ़ रही है**

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के 6.5-7 फीसदी की दर से बढ़ने के अपने अनुमान को दोहराया है। आर्थिक सर्वेक्षण में किए गए पूर्वानुमानों के आधार पर, सरकार का मानना है कि विकास में किसी महत्वपूर्ण गिरावट का जोखिम नहीं है। इसके बावजूद, आर्थिक विशेषज्ञ आगामी जीडीपी आंकड़ों और मांग के संकेतकों पर नजर बनाए हुए हैं। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने हाल ही में एक कार्यक्रम में यह कहा कि कुछ क्षेत्रों में धीमी गति हो सकती है, लेकिन अन्य क्षेत्रों से मांग बढ़ रही है। उन्होंने भी उज्ज्वल ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और टिकाऊ सामानों की शहरी मांग में गिरावट को जिक्र किया है, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें किसी बड़ी समस्या की संभावना नहीं नजर आती। इस समय पर सरकार के बयान आया है जब दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े जारी होने वाले हैं। अजय सेठ ने मुद्रास्फीति पर चिंता को भी खारिज करते हुए कहा कि कुछ खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन यह अस्थायी है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति कोई गंभीर चिंता का विषय नहीं है। सेठ ने सरकार के केंद्रीय कैपेक्स बजट के बारे में भी बात की, कहते हुए कि यह पिछले साल की तुलना में काफी अधिक होगा।

## सैमसंग अगले साल 10 ट्रिलियन वॉन कीमत के शेयर वापस खरीदेगा




### शेयर में गिरावट को सुधारने और शेयरधारकों का मूल्य बढ़ाने उठाएगा कदम

एजेंसी ■ सोल

सैमसंग ने घोषणा की है कि वह अगले साल 10 ट्रिलियन वॉन यानी 7.16 बिलियन डॉलर कीमत के अपने शेयर वापस खरीदेगा। कंपनी का यह कदम अपने शेयर मूल्य में आई गिरावट को सुधारने और अपने शेयरधारकों का मूल्य बढ़ाने के लिए उठाया जा रहा है। सैमसंग का शेयर बायबैक कार्यक्रम तीन महीने तक चलेगा, जो सोमवार से शुरू होकर 17 फरवरी तक जारी रहेगा। इस दौरान कंपनी 3 ट्रिलियन वॉन यानी 2.15 बिलियन डॉलर कीमत के शेयर वापस खरीदेगी। शेष सात ट्रिलियन वॉन के लिए कंपनी बाद की बैठकों में फैसला लेगी।

हाल के महीनों में सैमसंग के शेयरों में तेज गिरावट आई है। गुरुवार को कंपनी के शेयर की कीमत 49,900 वॉन पर पहुंच गई जो जून 2020 के बाद सबसे कम स्तर पर है। इस गिरावट का कारण कंपनी की निराशाजनक आय और अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के तहत सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए नकारात्मक दृष्टिकोण बताया जा रहा है। सैमसंग ने पहले 2017 में भी 9.3 ट्रिलियन वॉन का शेयर बायबैक किया था, जिससे शेयरधारक मूल्य में सुधार हुआ। इसके साथ ही कंपनी ने ट्रेजरी स्टॉक का आधा हिस्सा रद्द किया था। सैमसंग और उसके श्रमिक संघ ने 5.1 फीसदी वेतन वृद्धि पर एक प्रारंभिक समझौता किया, जिससे सप्ताहभर की हड़ताल खत्म हो गई। यह समझौता कंपनी के 31 हजार कर्मचारियों के लिए था, जो कंपनी के कार्यबल का करीब 24 फीसदी हैं। सैमसंग ने कहा कि वह दीर्घकालिक मूल्य बढ़ाने के लिए काम करेगा और अपने शेयरधारकों को स्थायी मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली का खान मार्केट विश्व के सबसे महंगे खुदरा स्थानों में 22वें स्थान पर: सीएंडडब्ल्यू

### वार्षिक किराया 229 अमेरिकी डॉलर (19,000 रुपये से अधिक) प्रति वर्ग फुट

एजेंसी ■ नई दिल्ली

खान मार्केट भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थित वैश्विक सूची में 22वें स्थान पर है जहां वार्षिक किराया 229 अमेरिकी डॉलर (19,000 रुपये से अधिक) प्रति वर्ग फुट है। कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार इटली में मिलान का वाया मोंटे नेपोलियोन 2,047 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ग फुट के वार्षिक किराये के साथ विश्व का सबसे महंगा स्थान बन गया है। मेन स्ट्रीट्स अक्रॉस द वर्ल्ड 2024 रिपोर्ट के 34वें संस्करण के अनुसार खान मार्केट की मजबूती और ताकत भारत के खुदरा क्षेत्र को प्रकट करती है। विश्व के शीर्ष खुदरा स्थलों में खान मार्केट की स्थिति उच्चस्तरीय बुटीक द्वारा अमीर खरीदारों को आकर्षित करने की वजह से मजबूत है। न्यू बॉन्ड स्ट्रीट (लंदन), हांगकांग का त्सिम शा त्सुई, पेरिस का एवेन्यू डेस चैंप्स एलिसीस, तोक्यो का गिन्ज़ा, ज्यूरिख का बानहोफस्ट्रैस, सिडनी का पिट स्ट्रीट मॉल, सियोल का म्योंगदोंग और विएना के कोहलमार्कट भी इस सूची में विभिन्न स्थानों पर शामिल हैं। खान मार्केट को दुनियाभर में महंगाई और प्रतिस्पर्धा के बावजूद उच्चस्तरीय खुदरा स्थान के रूप में स्थिति बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया है।




### रुपया शुरुआती कारोबार में 84.42 पर स्थिर

**मुंबई ।** रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.42 पर स्थिर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर अमेरिकी मुद्रा से स्थानीय मुद्रा को समर्थन दिया गया, लेकिन विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से इस पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.41 प्रति डॉलर पर खुला, जिसके बाद शुरुआती सौदों में 84.42 प्रति डॉलर पर पहुंचा। विदेशी मुद्रा बाजार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को बंद रहे। छह प्रमुख मुद्राओं के खिलाफ अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.49 पर रहा, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.97 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले कारोबारी सत्र में बिकवाल रहे ।

## भारत इलेक्ट्रॉनिक शेयर देसी लेवल पर कर सकता है मल्टीबैगर रिटर्न

### आगे अच्छा रेवेन्यू आने की उम्मीद

#### 12 महीने के नजरिए से टारगेट प्राइस 345 रुपये प्रति शेयर है

एजेंसी ■ नई दिल्ली

शेयर बाजार में चुनिंदा शेयर निवेश के जरिए आकर्षक नजर आ रहे हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) के पीएसयू स्टॉक पर एक ब्रोकरेज फर्म ने दी बुलिश सलाह। इस डिफेंस पीएसयू स्टॉक में मिलने वाली 18 फीसदी डिस्काउंट से आगे अच्छी तेजी के आसार हैं। रिपोर्ट के अनुसार बीईएल पर खरीदारी की सलाह दी गई है। 12 महीने के नजरिए से टारगेट प्राइस 345 रुपये प्रति शेयर है। डिफेंस सेक्टर के लिए लॉन्ग टर्म आउटलुक मजबूत है जबकि भारत में डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में तेजी दिख रही है। बीईएल के लिए भी आस्थापना सरकारी संकटों के कारण मजबूत है। सरकार इस क्षेत्र में अपने निवेशों में वृद्धि करने का निर्णय कर रही है। कंपनी की ऑर्डर बुक दमदार है, जिससे आगे अच्छा रेवेन्यू आने की उम्मीद है। आने वाले सालों में उम्मीद है कि बीईएल का व्यापक विस्तार होगा। इस निवेश की मान्यता मिलने पर शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीईएल का विशेष स्थान हो सकता है। निवेशकों के लिए यह एक वांछनीय और सुरक्षित निवेश के रूप में साबित हो सकता है।




**बिक्री** | सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेडः गुरुग्राम संपत्ति बाजार में शक्तिशाली बिक्री बुकिंग लक्ष्य

# कंपनी चालू वित्त वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल करेगी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने जारी किए गए एक साक्षात्कार में बताया कि कंपनी गुरुग्राम संपत्ति बाजार में मजबूत आवासीय मांग के मद्देनजर 10,000 करोड़ रुपये के बिक्री बुकिंग लक्ष्य को पार कर सकती है।

अग्रवाल ने बताया कि कंपनी ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 5,900 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की है और चालू वित्त वर्ष के लिए 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग अनुमान लगाया है। सिग्नेचर ग्लोबल की गुरुग्राम बाजार में उपस्थिति बोल्ड है और अग्रवाल ने बताया कि कंपनी गुरुग्राम बाजार के साथ-साथ नोएडा, ग्रेटर नोएडा, और यमुना एक्सप्रेसवे संपत्ति बाजारों में भी प्रवेश करने की योजना बना रही है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि कंपनी दूसरी छमाही में भी अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएगी और कई बड़े परियोजनाओं का काम भी प्रक्रियाधीन है। सिग्नेचर ग्लोबल के लिए वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में बिक्री बुकिंग तीन गुना बढ़कर 5,900 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,860 करोड़ रुपये थी। तिमाही में कंपनी ने 4.15 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 19.92 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कुल आय भी सालाना आधार पर 121.16 करोड़ रुपये से बढ़कर 777.42 करोड़ रुपये हो गई है। सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड ने अपने दायरे को विस्तारित करने के लिए उत्साह से काम किया है और मार्च 2025 तक कंपनी के अभियान को एक नई ऊंचाई देने की उम्मीद है।



**दिल्ली-एनसीआर में फूड कंपनियों की चांदी, आर्डर बढ़े पर कर्मचारी घटे**

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है। स्कूल-कॉलेज बंद हैं। क्लास ऑनलाइन चल रही हैं। दफ्तरों ने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है। ऐसे में लोग जरूरत सामान लेने भी बाहर नहीं निकल रहे हैं। ऐसे में फूड कंपनी की चांदी हो गई है। क्विक कॉमर्स, ई-कॉमर्स और फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर आर्डर की भरमार है लेकिन प्रदूषण के कारण वहां भी डिलीवरीमैन काम पर नहीं जा पा रहे हैं। इसलिए डिलीवरी कंपनियां इस समय दोहरी चुनौती से जूझ रही हैं। एक तो ऑर्डर में उछाल है वहीं मैनपावर की कमी से समय पर डिलीवरी नहीं हो पा रही है। दिल्ली-एनसीआर में बच्चे भी स्कूल नहीं जा रहे हैं। कामगारों को वर्क फ्रॉम होम मिल गया है। तो फिर ग्राहक घर से बाहर निकलना छोड़ कर ऑनलाइन ऑर्डर का विकल्प चुन रहे हैं। ये ग्राहक भी क्विक कॉमर्स का ऑप्शन चुन रहे हैं। मतलब 10 मिनट में डिलीवरी करनी ही है।

## घरेलू विमानन कंपनियों के पास विमानों की संख्या बढ़कर 1,400 हो जाएगीः सचिव

### बेड़े में वर्तमान में करीब 800 विमान हैं

एजेंसी ■ नई दिल्ली

नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने गुरुवार को बताया कि अगले पांच साल में घरेलू विमानन कंपनियों के पास मौजूद विमानों की संख्या बढ़कर 1,400 हो जाएगी। बेड़े में वर्तमान में करीब 800 विमान हैं। प्रमुख विमानन कंपनियों इंडिगो और एयर इंडिया ने विमानों के लिए बड़े ठेके दे रखे हैं। वुअलनाम ने हवाई अड्डों की संख्या के बढ़ने का भी उल्लेख किया और कहा कि इसके बढ़ने से यात्रियों की संख्या भी दोगुनी हो जाएगी। वुअलनाम ने साथ ही वीमेन इन एविएशन इंडिया के गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स अवार्ड्स 2024 में महिलाओं के लिए ड्रोन सहित विमानन क्षेत्र में अवसरों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 120 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना सफल रही है और इससे लाभार्थी कंपनियों का कुल कारोबार 1,400 करोड़ रुपये हो गया है। ड्रोन के लिए पहली प्रोत्साहन योजना की शुरुआत 20 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021 में की गई थी। विमानन मंत्रालय के सहयोग से ऐसी पहल करने की संभावना है कि विमानन क्षेत्र में और अधिक महिलाएं उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेंगी और यह भारतीय विमानन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### बाजरा एवं धान की गुणवत्ता जाँचने का प्रशिक्षण संपन्न

**मुरैना।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में अपर कलेक्टर की उपस्थिति में उपार्जन केंद्र प्रभारी, ऑपरेटर्स व सर्वेयर्स को एफसीआई अधिकारी सजल चतुर्वेदी द्वारा बाजरा व धान की गुणवत्ता परीक्षण करने का प्रशिक्षण दिया गया।उनके द्वारा बताया गया कि किसानों द्वारा खरीद केंद्र पर लाई गई फ़सल को मानक स्तर का होने पर ही खरीद करना है।प्रशिक्षण में जिला आपूर्ति नियंत्रक, जिला प्रबंधक नान, जिला प्रबंधक मारफे ड, सहकारिता अधिकारी व जिला प्रबंधक वेयर हाउस आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।संबंधित द्वारा बताया गया है कि बाजरा की खरीद 22 नंबवर व धान की खरीद 2 दिसंबर से प्रारम्भ होंगी।

### कुष्ठ के लक्षण होने पर शासकीय अस्पताल के कमरा नंबर 42 में दिखाकर जांच करायें

**मुरैना।** सिविल सर्जन ने बताया है कि कुष्ठ एक संकमक रोग है, जिसकी पहचान शरीर पर चमडी के रंग से भिन्न रंग जैसे हल्का दाग जिसमें सुन्न पन हो तथा कोई संवेदना न होती हो, जैसे तंत्रिकाओं में सूजन एक से अधिक धब्बे आदि कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते है। ऐसे कोई लक्षण दिखाई देने पर शासकीय अस्पताल के कमरा नंबर 42 में दिखाकर जांच कराए। समय पर पहचान होने की दशा में उपचार लेने पर कुष्ठ पूरी तरह ठीक हो जाता है। सहायक प्रबंधक रविन्द्र सिंह प्रजापति ने अपील की है कि यह जांच शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में आशा एवं ए.एन.एम. को दिखाए। इसका उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों व जिला चिकित्सालय में निःशुल्क दिया जाता। इस अवसर पर डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर ने जिला चिकित्सालय में प्रचार कर लोगों को जागरूक किया।

### वर्ल्ड फ़िशरी डे के अवसर पर कैम्प का आयोजन संपन्न

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में वर्ल्ड फिशरीज डे के अवसर पर वार्ड 44,छौंदा, जिला मुरैना में कैंप का आयोजन किया गया।उक्त कैंप में प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अंतर्गत नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म (एन.एफ.डी.पी.) पोर्टल पर कुल 50 स्थानीय मछुआरों का पंजीयन किया गया। आयोजित कैंप में सहायक संचालक मत्स्योद्योग कमल नार्वे, जिला प्रबंधकश्री राघव गुप्ता, सीएससी तपेश चतुर्वेदी, मत्स्य निरीक्षक श्रीमती सुनयना गोस्वामी, श्री रामवीर यादव सहित अन्य कर्मचारी एवं स्थानीय मछुआरे उपस्थित थे।

### अमानक उर्वरक के क्रय, विक्रय, भण्डारण तथा स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध

**मुरैना।** अमानक पाये गये उर्वरक के क्रय, विक्रय, भण्डारण एवं अन्य स्थान पर ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध उर्वरक पंजीयन अधिकारी एवं किसान कल्याण तथा .षि विकास विभाग के उपसंचालक पीसी पटेल ने लगाया है। उप संचालक पीसी पटेल ने जारी प्रतिबंधित आदेश में कहा है कि निर्माता कंपनी इफ़को का उर्वरक प्राथमिक .षि सा. सह. संस्था मर्या. पहाड़गढ़ से विक्रय किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता का नमूना 25 अक्टूबर 2024 को लिया गया था, जो परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया है। इस संबंध में श्री पटेल ने इस उर्वरक के बैच/लॉट क्रमांक 56 एवं नमूना कोड पी एच-2 के उर्वरक को जिले में क्रय, विक्रय, भण्डारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है।

### नगर के विकास एवं अनियमिताओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने की महापौर व कमिश्नर से चर्चा

# रिश्वत की शिकायत मिलने पर कर्मचारियों के विरुद्ध होगी विभागीय कार्यवाही : विनीत कंसाना

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर के पूर्ण विकास के लिए नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना द्वारा महापौर एवं कमिश्नर के साथ चर्चा कर इसका खाका खींचा गया है और कर्मचारियों की निरंकुशता पर लगाम कसने की बात कही गई है स नेता प्रतिपक्ष ने पिछले दिनों ताबड़तोड़ तरीके से नगर निगम कार्यालय एवं टाउन हॉल स्थित सभी शाखाओ का निरीक्षण किया एवं सभी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय उपस्थित रहने तथा जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने टैक्स वसूली को लेकर विभागीय कर्मचारियों को कहा है कि वह जनता के साथ विनम्रता से पेश आए और निगम की जो उचित रेट है, उसके हिसाब से टैक्स लें। रिश्वत का कोई मामला सामने आया तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष श्री कंसाना ने गत दिवस शहर के सभी वार्ड एवं निगम की सभी शाखों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को समय पर आने की हिदायत दी। उन्होंने महापौर कमिश्नर एवं एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के साथ तमाम मुद्दों पर चर्चा कर शहर विकास के लिए प्लान तैयार किए जाने की बात कही। उन्होंने निगम की बकाया तमाम वसूली के लिए वार्डों में सुचारू रूप से शिविर लगाए जाने सभी कर्मचारी स्वीपरों का समय पर वेतन भुगतान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि रिश्वत की शिकायत मिलने पर कमिश्नर द्वारा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष ने टाउन हॉल में संचालित शाखाओं का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अभी तो रूटीन चेकिंग चल रही है, आगे कोई शिकायत या अनियमितता मिलती है तो उन कर्मचारियों के विरुद्ध कमिश्नर से कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने निगम की जलकर, संपत्ति कर, प्रकाश कर, जन्म मृत्यु प्रमाण शाखा के अधिकारी कर्मचारियों को कहा है कि सरकारी



योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करें। श्री कंसाना ने सभी कांग्रेस पार्षदों के साथ मिलकर एक बैठक भी आयोजित की, जिसमें नगर निगम के विकास को लेकर चर्चा की गई और कहा गया कि एक से लेकर 47 वार्ड तक विकास के लिए प्लान तैयार करें, इसके लिए कमिश्नर के साथ बैठकर भी रूपरेखा तैयार की गई है। अधूरे पड़े ट्रांसपोर्ट नगर एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय सोबरन सिंह की प्रतिमा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लिए भी विचार विमर्श किया गया। नेता प्रतिपक्ष ने महापौर कमिश्नर एवं एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से चर्चा कर निर्माण कार्यों मे चल रही अनियमितता को लेकर भी बात रखी और कहा कि सभी वार्डों में निर्माण कार्य एजेंसियों द्वारा किए जा रहे हैं, उनका मौके पर जाकर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, टाइम कीपर और निगम के स्टाफ द्वारा चेकिंग की जाए, क्योंकि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है तथा पूर्व में लाखों करोड़ों के भुगतान फर्जी बिल के माध्यम से किए गए हैं। अब आगे ऐसा ना हो, इसके लिए फर्जी एजेंसी बनाकर काम करने वालों पर लगाम कशी जाए।

### पटवारी की नियुक्ति के साथ अन्य प्रस्ताव रखे

नेता प्रतिपक्ष श्री कंसाना ने कमिश्नर के समक्ष शहर में नगर निगम की शासकीय जमीन को चिन्हित कर पता लगाने के लिए पटवारी की नियुक्ति करने को लेकर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने स्वीपर कॉलोनी बनाने, रूई मंडी में खड़े होने वाले मजदूरों के लिए तीन सेट का निर्माण करने एवं पत्रकारों के लिए कॉलोनी बनाए जाने को लेकर भी प्रस्ताव रखा, जिस पर कमिश्नर एवं महापौर द्वारा विचार करने का आश्वासन दिया गया।

### सब्जी मंडी को विकसित करने पर चर्चा

नेता प्रतिपक्ष श्री कंसाना ने महापौर कमिश्नर एवं एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के साथ चर्चा करते हुए शहर में स्थित खेरीज सब्जी मंडी को विकसित करने के लिए चर्चा करते हुए कहा कि सब्जी मंडी को पूरी तरह पक्का किया जाए और सड़कों का निर्माण कर साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाए। मंडी में बड़ी संख्या में किसान सब्जी लेकर आता है, लेकिन उनके लिए पीने के पानी की सुविधा नहीं है स एक शौचालय है उससे काम नहीं चल रहा। एक नया शौचालय निर्माण कराया जाए तथा पास में स्थित बाल्मिक बस्ती में दवाई का छिड़काव किया जाए। इसके साथ ही नवनिर्मित पानी की टंकियां का अवलोकन उनके द्वारा किया गया और साफ सफाई करने के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर शहर में नगर निगम की तमाम जमीन पर से कब्जा हटाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि फाटक बाहर इलाका, महादेव नाका, माल गोदाम रोड, अतर समा, मुड़िया खेड़ा क्षेत्र में निगम की तमाम जमीन पर अवैध कब्जे किए गए हैं, उन्हें चिन्हित कर हटाया जाए और वहां दुकान या अन्य सार्वजनिक हित हेतु उपयोग में लिया जाए।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन पकड़े गए तीन फर्जी अभ्यर्थियों के विरुद्ध मामला दर्ज

- भर्ती पर सवाल 34 दिन से चल रही भर्ती के अंतिम दो दिनों में चार फर्जी अभ्यर्थी दबोचे गए ?
- शारीरिक रूप से मजबूत एवं स्पर्धा में तेज लोगों को रुपए देकर लाया गया था फिजिकल टेस्ट देने



फाइल फोटो

सत्ता सुधार ■ मुरैना

पुलिस भर्ती प्रक्रिया में सफल परीक्षार्थियों के फिजिकल टेस्ट देने के अंतिम दिन बुधवार को तीन और फर्जी अभ्यर्थी पकड़े गए, जिन पर कोतवाली पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है तथा पूरे मामले की जांच एसटीएफ टीम कर रही है। पुलिस अधिकारियों द्वारा भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए तमाम रणनीति अपनाई गई, लेकिन फर्जी अभ्यर्थियों ने पुलिस अधिकारियों की फुल प्रूफ योजना को भी ठेंगा दिखाने का भरसक प्रयास किया। हालांकि पुलिस अधिकारी अपनी इस योजना को सफल मान रहे हैं और कह रहे हैं कि तभी यह फर्जी अभ्यर्थी पकड़े गए। गौरतलब है कि पांचवी बटालियन के मैदान पर पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट परीक्षा 20 नवंबर बुधवार तक चली। लिखित परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों के दौड़, लंबी कूद व गोला फेंक करवाई गई। बुधवार को फिजिकल टेस्ट का अंतिम दिन था, इसमें देवगढ़ निवासी लवकुश गुर्जर सबसे पहले पकड़ा गया जो बृजेश पुत्र विजय सिंह की जगह फिजिकल देने आया था। इसके अलावा माता बसैया थाना क्षेत्र के निवासी कल्याण पुत्र अतर सिंह गुर्जर और अंबाह के लुखरियाई गांव निवासी करतार पुत्र रामनाथ सिंह जाटव को पकड़ा गया। कल्याण और करतार ने लिखित परीक्षा में अपनी जगह किसी दूसरे साल्वर को बैठाया था, फिजिकल देने खुद आए तो पकड़े गए। यह तीनों बायोमैट्रिक जांच में पकड़े गए। इनसे पहले मंगलवार को उप्र के मथुरा के मलखान उर्फ रिंकू पुत्र राजेंद्र सिंह जाट को पकड़ा था, जो मुरैना के डबोखरी-बर्रेड गांव निवासी दुर्गेश पुत्र रामहेत जाटव की जगह फर्जी तरीके से फिजिकल दे रहा था। आरक्षक भर्ती 16 अक्टूबर से चल रही है, इससे पहले के 32 दिनों कि कितने फर्जी अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में सेंध लगा चुके हैं, यह बड़ा सवाल बन गया है। मंगलवार एवं बुधवार को लगातार पुलिस भर्ती परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी पकड़े जाने का मामला राजधानी भोपाल तक गूंज उठा है और ऊपर से भी इस फर्जी वाले के रैकेट का पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को गिरफ्तार हुए पहले फर्जी अभ्यर्थी मलखान उर्फ रिंकू जाट निवासी बछगवा मथुरा उत्तर प्रदेश में पूछताछ में पुलिस को बताया था कि सबलगढ़ में उसके भाई नरेश जाट ने कियोस्क सेंटर संचालक सोनू उर्फ मनीष शर्मा निवासी सबलगढ़ से मिलवाया था और उससे 40000 उसे मिल चुके थे तथा डेढ़ लाख रुपए फिजिकल टेस्ट देने के बाद दिए जाने का वायदा किया गया था। इसके लिए सोनू ने 19 नवंबर की दुर्गेश जाटव के दस्तावेजों की एक फाइल शॉपी थी, जिसके आधार पर उसे फिजिकल टेस्ट क्लियर करके देना था, तभी वह डबोखरी गांव का नाम नहीं बता पाने के चलते संदेह में पकड़ा गया।

बताया जाता है कि मूल परीक्षार्थी फिजिकल टेस्ट देने में अक्षम थे इसलिए उनके द्वारा ऐसे फर्जी अभ्यर्थियों को चुना गया, जो शारीरिक रूप से मजबूत हैं और फिजिकल टेस्ट देने में माहिर हैं। इसके बदले उनको मोटी रकम प्राप्त होती है स इस पूरे मामले में काफी बड़ा रैकेट होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है, वही पहले पकड़े गए मलखान जाट को पुलिस द्वारा रिमांड पर 24 नवंबर तक लिया गया है तथा अन्य फर्जी अभ्यर्थियों को भी रिमांड पर लिया जा रहा है।

गौरतलब है कि पांचवी बटालियन के मैदान पर पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट परीक्षा 20 नवंबर बुधवार तक चली। लिखित परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों के दौड़, लंबी कूद व गोला फेंक करवाई गई। बुधवार को फिजिकल टेस्ट का अंतिम दिन था, इसमें देवगढ़ निवासी लवकुश गुर्जर सबसे पहले पकड़ा गया जो बृजेश पुत्र विजय सिंह की जगह फिजिकल देने आया था। इसके अलावा माता बसैया थाना क्षेत्र के निवासी कल्याण पुत्र अतर सिंह गुर्जर और अंबाह के लुखरियाई गांव निवासी करतार पुत्र रामनाथ सिंह जाटव को पकड़ा गया। कल्याण और करतार ने लिखित परीक्षा में अपनी जगह किसी दूसरे साल्वर को बैठाया था, फिजिकल देने खुद आए तो पकड़े गए। यह तीनों बायोमैट्रिक जांच में पकड़े गए। इनसे पहले मंगलवार को उप्र के मथुरा के मलखान उर्फ रिंकू पुत्र राजेंद्र सिंह जाट को पकड़ा था, जो मुरैना के डबोखरी-बर्रेड गांव निवासी दुर्गेश पुत्र रामहेत जाटव की जगह फर्जी तरीके से फिजिकल दे रहा था। आरक्षक भर्ती 16 अक्टूबर से चल रही है, इससे पहले के 32 दिनों कि कितने फर्जी अभ्यर्थी, भर्ती प्रक्रिया में सेंध लगा चुके हैं, यह बड़ा सवाल बन गया है।

# तीन बच्चों के पिता ने स्वयं को गोली मारकर की आत्महत्या, पुलिस मामले की जांच में जुटी



सत्ता सुधार ■ मुरैना

दिमनी थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक तीन बच्चों के पिता ने स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली स सबसे पहले उसकी मां की नजर पड़ी और परिवार वालों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया स पुलिस द्वारा मृतक का पीएम कराकर लास परिजनों को सौंप दी गई है तथा मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुष्पेंद्र उर्फ करुआ पुत्र बनवारी लाल शर्मा 27 निवासी मिश्रान का पुरा दिमनी दूध डेयरी पर घी एवं दूध का काम करता था स गुरुवार की सुबह 11:00 के लगभग वह अम्बाह से दूध देकर घर आया था और घर आकर उसने गोंडा में अवैध कट्टे से लेफ्ट साइड सीने में दिल के समीप गोली मार ली, जो शरीर के आर पार हो गई तथा उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृत पुष्पेंद्र पर मां की नजर पड़ी तो मां ने घर में कोहराम मचा दिया और पूरा परिवार एकत्रित हो गया। जैसे ही उसके भाई व अन्य लोगों को पता चला तो सभी दहाड़ मार कर रोने लगे स घटना की सूचना मिलते ही दिमनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृतक के शव को पीएम हेतु भेजा। मुरैना में पीएम करवाने के पश्चात लाश उसके परिजनों को सौंप दी गई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लिया गया है स मृतक शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता बताया गया है। आत्महत्या के पीछे क्या कारण रहे, पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# निर्माण कार्यों में तेजी लाये, स्वास्थ्य शाखा का काम भी ठीक नहीं: महापौर

सत्ता सुधार ■ मुरैना



बुधवार की दोपहर नगर निगम स्थित महापौर कार्यालय में निर्माण शाखा एंव स्वास्थ्य शाखा की बैठक नगर निगम महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी द्वारा ली गई। बैठक में तकनीकी शाखा के कार्यपालक यंत्री नवनीत शर्मा मौजूद रहे। महापौर ने कार्यपालन यंत्री को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर में जो विकास कार्य चल रहे हैं, उनमें तेजी लाये और निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखते हुए सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ करें। अन्यथा संबंधित उपयंत्री, सहायक यंत्री के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने स्वास्थ्य अमले की बैठक भी ली। बैठक में महापौर ने स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश टैगोर, अमरनाथ व्यास को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य शाखा का काम ठीक नहीं है। बार-बार निर्देश देने के बाद भी शहर में कचरे के ढेर लग रहे हैं। साफ-सफाई प्रॉपर तरीके से नहीं हो पा रही है। शहर में जगह-जगह गंदगी पसरी है। महापौर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य अमला अपने काम में सुधार नहीं करता है तो संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी के साथ-साथ सभी स्वच्छता निरीक्षकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम के एमआईसी सदस्य प्रमोद बंटी यादव, प्रदीप जगनेरिया, राकेश यादव सहित निगम के सहायक यंत्री ललित शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन की नोडल अधिकारी गजल खन्ना सहित बड़ी संख्या में निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### रोजगार कैम्प का आयोजन अम्बाह में आज से

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक वीरेश सिंह भदौरिया ने समस्त विकासखण्ड प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि 22 से 29 नवम्बर, 2024 तक प्रातः 10:30 से सायं 05 बजे तकब्लॉक वार रोजगार कैम्प का आयोजन किया जाये। निर्देशों के तहत 22 नवम्बर को ब्लॉक अम्बाह में प्रातः 10:30 से सायं 05 बजे तकरोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। रोजगार कैम्प में एस.आई.एस. सिक्योरिटी सर्विस लिमिटेड कंपनी सिंगरौली, नोमेक्स कंपनी सबलगढ़ मुरैना, आईशर एकेडमी शिवपुरी और क्रिस्फी कंपनी ग्वालियर द्वारा शिक्षित युवा बेरोजगारों का चयन किया जायेगा। रोजगार कैम्प में कक्षा 10वीं, 12वीं, उच्च कुशल एवं आईटीआई डिप्लोमा अनिवार्य है। इसी प्रकार 25 नवम्बर को जौरा में, 26 नवम्बर कैलारस, 27 नवम्बर सबलगढ़, 28 नवम्बर पहाडगढ़ और 29 नवम्बर, 2024 को मुरैना ब्लॉक में रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

# कोचिंग सेंटर पर उपद्रव रोकने पुलिस हुई सख्त, संचालकों के साथ बैठक आयोजित

सत्ता सुधार ■ मुरैना



शहर के कोचिंग सेंटर वाले इलाकों में आए दिन होने वाली उपद्रव की घटनाओं को रोकने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक रवि सोनेर के द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय में कोचिंग संचालकों की एक बैठक आयोजित की, जिसमें आधा सैकड़ा से अधिक कोचिंग संचालक उपस्थित हुए। नगर पुलिस अधीक्षक एवं कोचिंग संचालकों के बीच घटनाओं को रोकने के लिए विचार विमर्श किया गया तथा श्री सोनेर द्वारा कोचिंग संचालकों को सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कोचिंग संचालकों को पुलिस कंट्रोल रूम, थाना प्रभारी एवं स्वयं के नंबर दिए और कहा कि कोई भी सूचना हो तत्काल दे, पुलिस तत्परतापूर्वक कार्रवाई करेगी। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा कोचिंग संचार को कहा गया है कि कोचिंग सेंटर के आस-पास कोई आवारा तत्व घूमता हुआ दिखाई देता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रुम मुरैना को दे। कोचिंग सेंटर पर आने वाले सभी विद्यार्थियों को परिचय पत्र मय फोटो के प्रदान करें, जिसमे विद्यार्थी का नाम, पता एवं कोचिंग सेंन्टर पर आने व जाने समय भी लिखा हो। सभी कोचिंग सेंटरों पर सीसीटीव्ही कैमरे आवश्यक रूप से चालू हालत में लगे होने चाहिए। कोचिंग सेंटरों पर विधार्थियो की उपस्थिति हेतु एक अलग से रजिस्टर बनाया जाये, जिसमें विद्यार्थी के कोचिंग पर आने एवं जाने का समय अंकित किया जावे।

### जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने उठाया कदम

# कलेक्टर द्वारा 2 महीने तक हर्ष फायरिंग पर लगाया प्रतिबंध

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर मुरैना अंकित अस्थाना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत हर्ष फायरिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह कदम शादियों और अन्य उत्सवों के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है, जहां ऐसे मामले आमतौर पर देखे जाते हैं।

इस आदेश की आवश्यकता हाल के दिनों में बढ़ते हर्ष फायरिंग के मामलों के कारण हुई, जिनमें गंभीर चोटें और जानलेवा घटनाएं दर्ज की गई हैं। अक्सर शादियों, धार्मिक आयोजनों और सार्वजनिक समारोहों में देखी जाने वाली यह प्रथा न केवल प्रतिभागियों बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी खतरा बनती है। कलेक्टर ने हालिया रिपोर्ट और आंकड़ों का हवाला देते हुए सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों के अनियमित उपयोग से होने वाले खतरों पर प्रकाश डाला। कलेक्टर द्वारा विवाह कार्यक्रम, जुलूस, रैली चल समारोह आदि में किसी भी व्यक्ति, समूह या संगठन को शस्त्र लेकर चलने, भाग लेने, उनके प्रदर्शन एवं हर्ष फायर करने को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। समस्त मैरिज गार्डन, वाटिकाओं, बैंक्वेट हॉल, होटल, धर्मशाला इत्यादि के



संचालक या प्रबंधक अपने परिसर में न तो इस प्रकार से शस्त्रों को लेकर चलने वाले व्यक्तियों को प्रवेश करने देंगे और न ही उनके प्रदर्शन एवं हर्ष फायर की अनुमति देंगे और न ही ऐसी गतिविधि को अपने परिसर में होने देंगे तथा समुचित सुलभ दृष्ट स्थानों पर स्पष्टतः यह लिखवाना सुनिश्चित करेंगें कि यहॉ अस्त्र-शस्त्र लेकर प्रवेश वर्जित है। समस्त मैरिज गार्डन आदि अंडरटेकिंग लिये बिना अपने परिसर से संबंधित वैवाहिक, सामाजिक समारोह में किसी भी प्रकार के शस्त्रों का प्रदर्शन नहीं करेगा, हर्ष फायर नहीं करेगा या इन सब गतिविधियों को नहीं होने देगा। यदि उसे अपने परिसर में कोई भी ऐसा प्रदर्शन करते हुए दिखे तो तत्काल संबंधित थाना को सूचित करेगा। प्रबंधक,संचालक इत्यादि के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाई की जायेगी।

कलेक्टर द्वारा बताया गया है कि यह प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल रूप जनसामान्य की सुरक्षा व सामुदायिक एवं धार्मिक सदभावना एवं लोक शांति बनाये रखने के लिये भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के प्रावधानों के अंतर्गत एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करते हुये पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्यायिक संहिता की धारा 223 एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं समस्त कार्यपालिक दंडाधिकारी, समस्त थाना प्रभारी जिला मुरैना को अधिकृत किया है। यह आदेश 20 नवंबर 2024 से लागू होकर 19 जनवरी 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

### कलेक्टर के आदेश पर चर्चाओं का बाजार गर्म

जिला कलेक्टर द्वारा शादी विवाह समारोह एवं अन्य प्रकार के कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग पर 20 नवंबर से प्रतिबंध लागू किया है, जो 19 जनवरी तक रहेगा, जबकि जानकार लोग बताते हैं कि 15 दिसंबर से लगभग 20 जनवरी तक कुछएक ही शादी समारोह है और इसके बाद फिर से शादी विवाह समारोह आरंभ हो जाएंगे, तब तक यह प्रतिबंध समाप्त हो जाएगा, तो फिर क्या हर्ष फायरिंग को स्वीकृति दे दी जाएगी। शादी समारोह का समय निश्चित रहता है और इसके अलावा भी तमाम कार्यक्रम आए दिन होते रहते हैं, उनमें भी शस्त्रों का प्रदर्शन एवं हर्ष फायरिंग होती है, तो यह प्रतिबंध लगातार जारी क्यों नहीं रह सकता। इस आदेश को लेकर शहर के लोग तमाम तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

# इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना स्वीकृत के बाद, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू, राजस्व अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी : गजेंद्रसिंह

## इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना को मिला विशेष दर्जा, वर्ष 2028-29 तक पूरी होगी

सत्ता सुधार ■ खरगोन/ बड़वानी





इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना को केंद्र सरकार ने विशेष दर्जा प्रदान किया है, जिससे इससे जुड़े सभी कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे किए जाएंगे। इस परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसके लिए खरगोन, बड़वानी, धार जिलों के राजस्व अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्रसिंह पटेल ने बताया कि केंद्र सरकार ने रेल अधिनियम 1989 की धारा के तहत अधिसूचना का राजपत्र में प्रकाशन कर दिया है। इसे विशेष परियोजना के तहत शामिल किया गया है, जिससे भूमि अधिग्रहण और अन्य कार्य तेजी से पूरे हो सकेंगे। इस परियोजना के तहत सेंधवा, राजपुर, ठीकरी, कसरावद और महेश्वर तहसीलों के कई गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इनमें सेंधवा के सोलवन, मालवन, भामन्या, बाबदड़, अंजन, नवलपुरा, बनिहार, गोई, कलालदा, जामली, राजपुर तहसील के सालीकला, नादेड़, मातमुर, ओझर, बालसमुद, सागवी, नीम देवा, जुलवानिया, निहाली, छोटी खरगोन, वासवी, मुंडला, कुसमारी, रेलवा, बंजारा, खजुरी, ठीकरी तहसील के वाडीघाटी, हसनखेड़ी, सिकंदरखेड़ी, सेगवाल, उमरदा, जरवाह, कसरावद तहसील के जरोली, औरंगपुरा, नगांवा, कोठड़ा, ज्ञानपुरा और महेश्वर तहसील के मोहिदा, मक्सी, भेदल्याबड़ा, कुसुम्बिया, नीमगढ़ शामिल हैं। कसरावद तहसील के गांव राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 (आगरा-मुंबई) के पश्चिम में और महेश्वर तहसील के गांव इसके पूर्व में स्थित हैं। पर्यटन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण महेश्वर से यह रेलमार्ग लगभग 13 किमी दूर रहेगा। इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना 309.43 किमी लंबी होगी और इसके लिए केंद्र सरकार ने ?18,036 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। इस परियोजना के तहत 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे और घाट सेक्शन में सुरंगों के साथ 300 से अधिक छोटे-बड़े ब्रिज भी बनाए जाएंगे। यह परियोजना मध्य प्रदेश के इंदौर, धार, बड़वानी और खरगोन जिलों के साथ महाराष्ट्र के धुले और नासिक जिलों को जोड़ेगी। इस रेल मार्ग से लगभग 1,000 गांव और 30 लाख से अधिक की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने बताया कि इस परियोजना की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पहले ही तैयार हो चुकी है और मनमाड़ से धुले के बीच 60 किमी के हिस्से में काम शुरू हो गया है। यह परियोजना वर्ष 2028-29 तक पूरी की जानी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मनमाड़-इंदौर रेलवे संघर्ष समिति, क्षेत्र के सभी सहयोगी जनप्रतिनिधियों और देवतुल्य जनता के संयुक्त प्रयासों से संभव हो पाई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह परियोजना निमाड़, और खरगोन बड़वानी के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## ब्रीफ न्यूज़

### नवोदय विद्यालय पंधाना में कक्षा 9 वी एवं 11 वी में प्रवेश लेने हेतु आवेदन आमंत्रित

**खण्डवा ।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पंधाना में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9 वी एवं 11 वी में प्रवेश पाने के लिए सत्र 2024-25 में कक्षा 8वी एवं 10वी में अध्ययनरत छात्रों का नामांकन कराने हेतु प्रवेश परीक्षा ली जानी है। जवाहर नवोदय विद्यालय पंधाना के प्राचार्य ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 26 नवम्बर है। उन्होंने बताया कि कक्षा 9वी में आवेदन करने हेतु निर्धारित आयु 1 मई 2010 से 31 जुलाई 2012 के मध्य होनी चाहिए एवं कक्षा 11 वी में आवेदन करने हेतु निर्धारित आयु 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होने चाहिए। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में खण्डवा जिले में अध्ययनरत शासकीय एवं गैर शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र आवेदन कर सकते है। इसमें खण्डवा, छैगाँवमाखन, पंधाना, पुनासा, हरसूद, किल्लोद एवं खालवा ब्लाक में अध्ययनरत छात्र आवेदन कर सकते है। आवेदक पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यह परीक्षा 8 फरवरी 2025 को खंडवा जिले के सभी ब्लाकों में आयोजित की जायेगी।

### वन्य प्राणियों को फंसाने फंदे नहीं लगाएं, न ही किसी का सहयोग करें

**छतरपुर।** विगत कुछ पूर्व माहों से वन वृत्त छतरपुर के अंतर्गत आने वाले वन मंडल के वनक्षेत्रों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में वन्यप्राणियों को फंसाने के लिए फंदे लगाए जाने पाये गये है, जिसमें दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही होती है। डीएफओ सर्वेश सोनवानी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वन्यप्राणियों की सुरक्षा में वन विभाग को सहयोग प्रदान करें। वन्य जीव टाईगर, तेंदुआ, चीतल, जंगली सुअर, हिरन, भालू, मोर आदि अन्य जीवों का अवैध शिकार नहीं करें। वन्यप्राणियों को फंसाने के लिए फंदे न लगाए एवं न ही फंदे लगाने में किसी का सहयोग करें। किसी भी व्यक्ति के द्वारा यदि किसी भी प्रकार से वन्य जीवों को नुकसान पहुंचाया जाता है या उसके द्वारा फंदा लगाया जाना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,9,39,41,50 आदि के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन मनोहर सिंह बारिया के द्वारा किया छात्रों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक

## नए तरीके से किए जा रहे फ्रॉड के बारे में की गई जानकारी साझा

### अभ्युदय यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था जागरूकता कार्यक्रम

### डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, फैक सोशल मीडिया प्रोफाइल, फर्जी इनवेस्टमेंट ऐप्लकैशन के बारे मे जानकारी देकर किया जागरूक

सत्ता सुधार ■ खरगोन



बढ़ते सायबर अपराधों एवं सायबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस के द्वारा लगातार आम जन को जागरूक किया जा रहा है । इसी क्रम मे दिनांक 21.11.2024 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री मनोहर सिंह बारिया के द्वारा अभ्युदय यूनिवर्सिटी के छात्रों को व्याख्यान दिया गया जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री मनोहर सिंह बारिया के द्वारा छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के तकनीकी और व्यावहारिक उपायों के बारे मे जानकारी दी गई । जिसमे निजी जानकारी आनलाईन साझा करने से बचने, मजबूत पासवर्ड बनाने, अनजान ईमेल या संदेशो से दूर रहने, किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा दी गई लिंक पर क्लिक न करने, अनजान व्यक्ति द्वारा दिए गए कैशबैक/रिफन्ड आफ़र आदि से बचने, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, फैक सोशल मीडिया प्रोफाइल, फर्जी इनवेस्टमेंट ऐप्लकैशन इत्यादि जानकारिया दी गई व अधिक से अधिक जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया । साथ ही साथ किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन फ्राड हो जाने पर गृह मंत्रालय द्वारा जारी हेल्पलाइन न 1930, गृह मंत्रालय के साइबर पोर्टल पर भी शिकायत करने की भी जानकारी दी गई ।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने ग्राम हतना आंगनबाड़ी केन्द्र एवं खोंप के फूट फॉरेस्ट का किया निरीक्षण

**छतरपुर।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने बुधवार को दूसरे दिन जिले के प्रवास पर ग्राम हतना में बनाए गए आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, डीपीओ राजीव सिंह, सीईओ जनपद राकेश शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री पासवान ने आंगनबाड़ी में चलने वाली क्लैप गतिविधियों की सहायिका एवं सुपरवाईजर से जानकारी ली गई। साथ ही प्रत्यक्ष रूप से आंगनबाड़ी के बच्चों से वार्तालाप कर उनकों बिस्किट वितरण किया गया।

## नवोदय विद्यालय की कक्षा 12वी की छात्रा ने किया

# हॉस्टल के बाथरूम में किया सुसाइड, पुलिस जाँच में जुटी



सत्ता सुधार ■ खंडवा

खंडवा जिले के पंधाना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। कक्षा 12वीं की 18 वर्षीय छात्रा ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है, जब छात्रा नहाने के लिए बाथरूम गई थी। काफी देर तक बाहर न आने पर सहेलियों ने दरवाजा खटखटाया। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर जब उन्होंने अंदर झांका तो छात्रा को फंदे पर लटका देखा। तत्काल दरवाजा तोड़कर उसे निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पंधाना पुलिस और खंडवा से डीएसपी हेडक्वार्टर मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, छात्रा खंडवा जिले के जावर थाना क्षेत्र के बिजोरा भील गांव की निवासी थी और उसके पिता का नाम उमेश बताया गया है। आत्महत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है, और पुलिस जांच में जुटी हुई है। विद्यालय और स्थानीय प्रशासन इस मामले की गहराई से जांच करने कि बात कर रहे हैं, ताकि आत्महत्या के पीछे की वजहों का पता लगाया जा सके।

**इनका कहना हैं ...**

जवाहर नवोदय विद्यालय कि कक्षा 12वीं की छात्रा द्वारा बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है छात्र की आत्महत्या के संदर्भ में उसके परिजनों एवं साथी विद्यार्थियों से बातचीत करने पर यह सामने आया है कि उसने परिवार कि किसी बात का बुरा मान लिया और इसीलिए उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है फिलहाल इतनी जानकारी है आगे कोई और साक्ष्य आता है तो विस्तार से जांच कर कार्रवाई करेंगे।

– अनिल सिंह चौहान, डीएसपी हेडक्वार्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई 'कुष्ठरोगी खोज अभियान' की बैठक



सत्ता सुधार ■ खंडवा

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिलें में 2 से 18 दिसंबर 2024 तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक बुधवार को कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कहा कि अभियान में सभी विभाग के सहयोग सें अधिक से अधिक कुष्ठ रोगियों की खोज कर उनका उपचार करें। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगियों की प्रसार दर में कमी लाने के लिए जनजागरुकता के लिए शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को कुष्ठ रोगियों के लक्षण की जानकारी दें और विद्यार्थियों के माध्यम से घर-घर तक कुष्ठ के लक्षणों का संदेश पहुँचाऐं, ताकि सर्वेक्षण दलों को शंकास्पद रोगियों की खोज करने में मदद मिल सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज में छिपे कुष्ठ रोगियों को प्रारम्भिक अवस्था में खोजकर एमडीटी उपचार से जोड़ना हैं, जिससे प्रसारण दर में कमी लाई जा सकें और पीड़ितों को विकृतियों से भी बचाया जा सकें। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पर्व तिवारी ने बताया कि अभियान अवधि में सर्वे दल घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगिया का पता लगाएगें। उन्होंने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. संजीव दीक्षित, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, डॉ. अनिरुद्ध कौशल सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

## प्रभारी सहायक आयुक्त ने रात में किया 14 छात्रावासों का औचक निरीक्षण

**खंडवा।** जनजाति कार्य विभाग द्वारा छात्रावासों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए की जा रही सक्रियता को दर्शाता है। यह कदम छात्रों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है। गत रात्रि में जनजातीय कार्य विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त विवेक पांडे ने बुधवार रात 9.30 से 11.30 बजे के बीच शहरी क्षेत्र के 14 छात्रावासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो दल बनाए गए, जिसमें कन्या छात्रावासों के लिए एक और बालक छात्रावासों के लिए दूसरा दल शामिल था।

पाई गई खामियां-कुल 6 छात्रावास ऐसे पाए गए, जहां अधीक्षक और चौकीदार दोनों अनुपस्थित थे। तीन छात्रावासों में केवल अधीक्षक या चौकीदार में से एक उपस्थित था। पांच छात्रावासों में अधीक्षक और चौकीदार दोनों की उपस्थिति संतोषजनक थी।

**कार्रवाई-** अनुपस्थित अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस का उत्तर दो से तीन दिन के भीतर मांगा गया है।

## शिशु मंदिर स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

सत्ता सुधार ■ दमोह

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में शिशु मंदिर स्कूल में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम निवारण प्रतिषेध) अधिनियम 2013 एवं महिला व बच्चों के अधिकार के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या रामटेके, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, असिस्टेंट लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल ऋिचा त्रिपाठी, प्राचार्य राजीव कुमार तिवारी सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहीं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह दिव्या रामटेके ने छात्रों को कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम निवारण प्रतिषेध) अधिनियम 2013 के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि यह एक्ट कामकाजी महिलाओं के लिये बनाया गया हैं। उनके साथ कार्यस्थल पर कोई लैंगिक उत्पीड़न होने की दशा में आंतरिक शिकायत समिति एवं स्थानीय शिकायत समिति के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकती हैं। इन समितियों द्वारा आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया विधिक रूप से साक्षर होना प्रत्येक नागरिक को आवश्यक है इसके अभाव में नागरिक अपराध कर बैठते हैं। उन्होने बाल अपराधों के संबंध में कहा कि दिनो-दिन बालकों के साथ अपराध बढ़ रहे है। बालकों को अपने साथ घटित होने वाले अपराधों को जानना व समझना चाहिये। उन्होंने साईबर क्राईम के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी इंटरनेट या सोशल मीडिया पर न रखें अन्यथा कोई इसका दुरूपयोग कर सकता है। यदि आपके साथ साईबर क्राईम होता है तो इसकी जानकारी साईबर सेल को जरूर दे जिससे अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने मोटर दुर्घटना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सुश्री ऋचा त्रिपाठी ने बच्चों को महिला एवं बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि यदि उनके साथ किसी प्रकार लैंगिक अपराध होता है तो मानसिक तनाव न लेते हुये अपने माता-पिता, शिक्षक एवं पुलिस प्रशासन को अपराध के बारे में जानकारी दे। इसके साथ ही उन्होंने म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि इस एक्ट के तहत किसी के साथ लैंगिक अपराध होने पर इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

# महिलाओं के लिये कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के लिये भी कानून

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा पथरिया नगर में टोमैटो सॉस फैक्ट्री का किया गया औचक निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुए वार्ड नं 8, पथरिया स्थित आर.एस.फूड प्रोसेसिंग यूनिट से ग्रीन चिली सॉस, रेड चिली सॉस, सोया सॉस एवं विनेगर के नमूनें जांच हेतु लिए, जिनको गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

उक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पथरिया नगर में वार्ड नं 8 स्थित आर.एस. फूड प्रोसेसिंग यूनिट द्वारा आर.एस. फूड ब्रांड टोमैटो सॉस, सोया सॉस, रेड चिली सॉस, ग्रीन चिली सॉस एवं विनेगर का निर्माण एवं विक्रय किया जाता है। परिसर में मौके पर फूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई। फैक्ट्री संचालक को मौके पर पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन सर्टिफिकेट एवं फोस्टैक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्राप्त के निर्देश दिए गए। परिसर में फूड हाइजीन, साफ सफाई व्यवस्था का स्तर अच्छा पाया गया। मौके पर मैजिक बॉक्स की सहायता से रेड चिली सॉस, सोया सॉस, ग्रीन चिली सॉस की गुणवत्ता की ऑन द स्पॉट जांच की गई।

**आगजनी** प्रत्यक्ष दर्शीयों ने बताया कि यहां लाखों का माल स्टॉक रहता था

# बारदान गोदाम में लगी आग से हुआ लाखों का माल जलकर खाक

## बेकाबू आग पर काबू पाने जुटा रहा दमकल अमला

सत्ता सुधार ■ खंडवा



मध्यप्रदेश के खंडवा नगर के जूनी इंदौर रेल लाइन मार्ग पर स्थित एक बारदान के गोदाम में बुधवार-गुरुवार कि मध्य रात्रि में भयावह आग लग गई। अचानक लगी इस आग से क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया । हलांकि स्थानीय निवासियों ने तुरंत दमकल सहित पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी। साथ ही अपने स्तर पर भी आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। पर गोदाम में लगी आग इतनी भयावह थी कि, देखते ही देखते बारदानों से भरा पूरा का पूरा गोदाम ही आग की चपेट में आ गया, और गोदाम में रखे बारदान धूं-धूं कर जलने लगे ।

### बाउंड्रीवाल तोड़कर बुझाई आग

आग पर काबू पाने के लिए गोदाम की बाउंड्रीवाल की दीवार तोड़कर कोशिशें शुरू की गयीं । इसी बीच समय रहते दमकल की टीम भी मौके पर पहुंच गई, वरना यहां लगी आग बेकाबू होती, जोकि आसपास के एरिया को भी अपनी चपेट में ले लेती । हालात बिगड़ने से पहले स्थानिय रहवासियों और दमकल कर्मियों ने मिलकर आग पर काफी हद तक काबू पा लिया । क्षेत्र वासियों के अनुसार सुबह के समय इस बरदान गोदाम पर अचानक आग लग गई थी । इसके बाद अब स्थिति कंट्रोल में है, लेकिन लाखों का नुकसान हुआ है ।

### लोगों ने कहा शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी

इधर इस आगजनी की घटना पर स्थानीय निवासी भरत पटेल ने बताया कि सुबह-सुबह उनके मित्र से फोन पर मिली सूचना पर वे यहां पहुंचे थे । यहां पर किस तरह से आग लग गई ये तो अभी मालूम नही है। क्योंकि उस समय तो वे घर पर सोए हुए थे । और जब उन्होंने यहां पर आकर देखा तो यहां आग लगी हुई थी, उनका कहना था कि लोगों का मानना हैं कि शार्ट सर्किट से आग लगी होंगी। प्रत्यक्ष दर्शीयों ने बताया कि यहां लाखों का माल स्टॉक रहता था । पर अभी नुकसान का आकलन तो कर नहीं सकते हैं।

# फुटकर सब्जी विक्रेताओं को किया हॉकर्स जॉन में शिफ्ट

सत्ता सुधार ■ दमोह



मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा के निर्देशानुसार नगर पालिका के अमले द्वारा कचौरा बाजार में बाहर रोड के किनारे सब्जी की दुकान लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को हटाने का कार्य किया गया। साथ ही उन्हें निश्चित जगह हॉकर्स जोन में बैठने के लिए कहा गया। लगातार कार्यवाही के बाद भी सब्जी विक्रेता रोड पर अपनी दुकान लगा लेते हैं, अगर पुनः वह ऐसा करते हैं तो सामग्री जप्ती की कार्यवाही की जाएगी, साथ ही छोटे टीन टपरे जो व्यापारी रोड के किनारे रखे हुए थे उनको भी हटाने की कार्यवाही के साथ ही जप्ती की कार्यवाही भी की गई। सीएमओ श्री शर्मा ने सभी व्यापारियों से आग्रह करते हुये कहा है कि दुकान लगाने के लिए जो निश्चित स्थान तय किया गया है, उसी स्थान पर लगाएं जिससे कि आने-जाने वाले राहगीरों को बाधा उत्पन्न ना हो और आप भी व्यवस्थित बैठकर अपना व्यापार कर सकें।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस ट्रक में जा घुसी, पांच मरे, 15 घायल

सत्ता सुधार संवादाता आगरा

यमुना एक्सप्रेस वे पर बीती रात कोहरे की वजह से एक और भीषण सड़क हादसा हो गया। एक्सप्रेस वे पर अलीगढ़ जिले के सीमा क्षेत्र में एक डबल डेकर बस आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में बस में सवार पांच लोगों की मौत और 15 लोगों के घायल होने की खबर है जानकार सूत्रों के अनुसार इस हादसे की वजह घना कोहरा रहा। पिछले तीन दिन से आगरा और उसके आसपास के सभी जिलों में आधी रात बाद कोहरा छाने लगता है। यमुना एक्सप्रेस वे पर तो कोहरा कुछ ज्यादा ही होता है। हादसे का शिकार हुई डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ जा रही थी। बस में सवार यात्रियों का कहना है कि कोहरा होने के बावजूद बस का चालक तेज रफ्तार में बस दौड़ा रहा था। अलीगढ़ जिले की सीमा में यह बस आगे जा रहे एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। बस में कांच की खाली बोतलें भरी हुई थीं। ट्रक के लोडेड होने के कारण टक्कर भी भीषणता और बढ़ गई। दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आगे की सीटों पर बैठे पांच यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में एक बच्चा और तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सूचना मिलने के बाद एक्सप्रेस वे अथारिटी की गाड़ियां और इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। बस का अगला हिस्सा इस कदर क्षतिग्रस्त हो गया था कि बस के शीशे तोड़कर अन्य यात्रियों को बाहर निकाला गया। हादसे में घायल हुए 15 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।






## मूंगफली के तेल से भरा टैंकर पलटा,हुआ हादसा मची अफरा तफरी

**फिरोजाबाद** : फिरोजाबाद जिले के थाना मक्खनपुर के नेशनल हाईवे रूपसपुर के पास मुंह फली के तेल से भरा टैंकर अलवर से कानपुर जा रहा था जो पलट गया टैंकर पलटने सड़क पर तेल फैल गया जिससे वाहन रोकने पर नहीं रुके फिसलने लगे ग्रामीण चीख पुकार कर वाहन चालकों को धीमे चलने को कहते एक बुलेरो को दूसरे वाहन ने टक्कर मार दी एक दर्जन से अधिक बाइक सवार बाइक फिसलने से घायल हो गए टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हुआ वहीं ग्रामीण बच्चे बर्तनों में तेल लूटकर घर ले जाने लगे थे वहीं टैंकर मालिक विष्णु अग्रवाल ने बताया 34 टन मूंगफली का तेल था 1 करोड़ का नुकसान हुआ है क्या कुछ कहना था विष्णु अग्रवाल टैंकर मालिक का आप स्वयं सुनिए हमारे संवाददाता की इस खास रिपोर्ट में क्या हुआ वो गाय आ गई थी ड्राइवर साल के चक्कर में टैंकर पलट गया तेल फैल गया एक करोड़ का 40 टन था इस जी कहां से कहां जा रहे थे 34 टन कहां से कहां जा रहे थे ये अलवर से का कानपुर कितना नुकसान हुआ है एक करोड़ रप का और ड्राइवर का हाथ रट गया ।

## एक्सप्रेस वे पर कोहरे का कहर,दर्जन भर गाड़िया आपस में टकराई

**फिरोजाबाद** : जहां एक्सप्रेसवे पर दिखा कोरे का कहर कोहरे से कोहराम घने कोहरे के चलते सड़क किनारे खड़ी खराब डीसीएम में पीछे से एक के बाद एक आधा दर्जन गाड़ियां टकराई कई कार सवार घायल सेफाई मेडिकल कॉलेज में उपचार को भेजे गए वहीं एक घायल को सुकाबाद हॉस्पिटल में कराया गया वर्ती थाना नसी पुर के क्षेत्र आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के नसीरपुर कट की है पूरी घटना आप स्म देखिए खास रिपोर्ट य 24 जनपद फिरोजाबाद [संगीत] [संगीत] कृष्णा क्या हुआ वो ट्रक खड़ा था उसम गाड़ी बी हुई थी जी में दिखानी हमारी गाड़ी बि गई बी तीन चार गाड़ी और बि गई बैठ लगी कितने लोग ल हुए हैं आप ले आए ।

## रेलवे के गेट को तोड़ने वाले आरोपी को जीआरपी ने किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। रेलवे पटरी के क्रॉसिंग का गेट तोड़ने का आरोप को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार मेनपुरी में के भाम चौराहे पर रेलवे क्रॉसिंग का गेट तोड़ने का आरोप को किया गिरफ्तार आरोपी को किया गिरफ्तार जीआरपीएफ के रजनीश निवासी भाम थाना एलाऊ जिला मैनपुरी पर था गेट तोड़ने का आरोप आप स्वयं देखिए ।

## फिरोजाबाद में एक युवक को चढ़ा बाहुबली बनने का शौक

**फिरोजाबाद** : जहां एक युवक को चढ़ा इलाके में बाहुबली बनने का शौक दबंग युवक द्वारा बीच बाजार हाथ में पिता की लाइसेंसी दुनाली बंदूक लेकर इलाके में दहशत फैलाने का वीडियो हुआ वायरल सूत्रों के मुताबिक हाथ में बंदूक लेकर सरि आम दहशत फैला रहे युवक का नाम है इरशाद इरशाद फिरोजाबाद के पुराने रस क्षेत्र का निवासी है आपको बता दें उक्त युवक इरशाद शशाद का भाई है जिसकी कुछ दिन पूर्व प्रतिष्ठित होटल संचालक के बेटे से लड़ाई हुई थी जिसमें उक्त युवक के भाई को जाना पड़ा था जेल उक्त परिवार की दबंगई दूसरा उदाहरण है सभी वायरल वीडियो में दबंगई से हथियार लहराते हुए युवक हुआ ।

## थाना रसूलपुर पुलिस ने हथियार का प्रदर्शन करने वाले को किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद** : असर दुनाली लेकर दबंगई दिखाने वाले युवक इरशाद को थाना रसूलपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल खबर का संज्ञान लेकर की कारवाही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हुए वीडियो की खबर का संज्ञान लेते हुए अभ र साद को लाइसेंसी डबल वायरल बंदूक सहित किया गया गिरफ्तार आप स्वयं देखिए क्या था पूरा मामला और क्या कुछ कहना था एसपीसीडी का [संगीत] [संगीत] [संगीत] त किस तरह कारवाई की है देखिए ये रसूलपुर थाना क्षेत्र का मामला है पिता का नाम बुंदू ये सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें इसरार एक असला लहराते हुए उसमें दिख रहा था इसमें इसकी गिरफ्तारी की गई है ये सलाहा इसके पिता के नाम से रजिस्टर्ड है इसमें इसको जेल भेजा जा रहा है इसरार को गिरफ्तार करके उचित धराव में इसमें अभियोग पंजीकृत किया गया है बाकी असला कैंसलेशन की भी रिपोर्ट जा रही है इसमें आगे की जो भी आवश्यक वैधानिक कारवाही है वो हम लोग कर रहे हैं

## ठेका सफाई कर्मचारी बैठे शिकोहाबाद पालिका में धरने पर

**फिरोजाबाद** : जहां ठेका सफाई कर्मचारी बैठे धरने पर दिया ज्ञापन अपनी मांगों को लेकर फिरोजाबाद जिले के सुकाबाद नगर पालिका में ठेका सफाई कर्मचारी बैठे धरने पर ज्ञापन दिया जमकर नारेबाजी की कर्मचारियों ने अपनी माओ को लेकर शीघ्र पूर्ण करने की अपील की कर्मचारियों वेतन विसंगत से काफी दिनों से नाराज थे और जिससे को लेकर आज उन्होंने धरना दिया और ज्ञापन भी दिया क्या कुछ कहना था कर्मचारियों का आप स्वयम देखिए हमारे संवाददाता विवेक शर्मा की इस खास रिपोर्ट में आज क्या क्या वजह है जो आप ज्ञापन दिया है आपने वजह यह है ठेका कर्मचारियों के 412 प्रति डे लगाए ठीक है उसके बाद उनका काटे समिता वालों का परमा मेंट वालों का उनका एरियल वगैरह और बोनस 5 साल की इसका भुगतान किया जाए तो क्या मांग कर रही है आप यही मांग है हमारी सरि है और इनका ये पीपीएफ वगैरह काटो का उनका भुगतान करो ना प्र क्या किस बात को लेकर प्रदर्शन है आज ये प्रदर्शन हमारे सारे कर्मचारियों की मांग पत्र है इसमें ठेका कर्मचारियों का 412 प्रतिदिन के हिसाब से इनका वेतन बढ़ाया जो कि 12360 बनता है और पा वर्ष से स्थाई कर्मचारी को एरियल और बोनिस नहीं दी जा रही नगरपालिका में और समदा कर्मचारियों का 2016 से लेकर 2024 तक का डीए एरियल बनना है जो कि हम लोगों ने तीन बार ज्ञापन दिया य साहब को मगर उस पर कोई भी सुनवाई नहीं हुई।

## शस्त्र बनाने बालों से पुलिस की मुठभेड़, दो घायल, एक गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में बने तमंचा, उपकरण

सत्ता सुधार संवादाता फिरोजाबाद

थाना शिकोहाबाद अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी पुलिस को देख अवैध हथियार बनाने वाले आरोपी भागने लगे पुलिस ने पीछा किया तो आरोपितों ने फायर कर दिया पुलिस ने बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की इस दौरान पुलिस की गोली दो लोगों के पैर में घुस गई पुलिस ने दोनों घायलों को दबोच लिया जब के एक आरोपी को मकान के कमरे से गिरफ्तार कर लिया सीओ सिरसागंज ने बताया कि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पुरातन स्कूल के पास एक मकान में अवैध रूप से शस्त्र फैक्ट्री चल रही है जानकारी मिलते ही पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई तो आरोपी पूर्ण पुत्र नाथूराम निवासी चंदननगर थाना ट्रांस यमुना आगरा राजू पुत्र जगदीश निवासी बच कांव थाना नारखी तथा मकान मालिक राजेश उर्फ छोटू पुत्र सुखबीर सिंह निवासी रह चटी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पांच बने हुए तमंचे जिनमें 3 315 बोर तथा दो 12 बोर एवं चार अने तमंचे एवं तमंचा बनाने के उपकरण बरामद हुए बया आरो के पास मकान में अ असला की फैक्ट्री संचालित हो रही है इस सूचना परबा पुलिस वहा मौके पर गई थी इसमें तीन अभियुक्त राजेश राजू और पूरण तीन लोग ये सलाह बनाते हुआ मिले और पुलिस को देखते ही इन लोगों ने पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी जवाब में आत्म रक्षार्थ में पुलिस ने भी इनके ऊपर फायरिंग की जिसमें राजेश और राजू को पैर में गोली लगी है तत्काल इनको इलाज हेतु ट्रामा सेंटर में भेजा गया है जहां पुरी संरक्षा में इनका इलाज चल रहा है इनके पास से जो बरामदगी हुई है दो खोखा कारतूस और पाच जिंदा कारतूस 315 बो साथ ही पांच बने हुए तमंचे जिसमें से तीन तमंचे 3155 बोर के हैं और दो तमंचे 12 बोर के हैं साथ ही चार अद बने तमंचे बरामद हुए हैं तथा तमंचा बनाने के तमाम उपकरण वहां से बरामद हुए हैं इनका इलाज पुलिस अभ रक्षा में चल रहा है इसमें आगे की जो भी आवश्यक वैधानिक कारवाई है वो हम लोग करेंगे।

## थाना रसूलपुर पुलिस ने पकड़ा 20 लाख की अवैध शराब का जखीरा

सत्ता सुधार संवादाता फिरोजाबाद

थाना रसूलपुर पुलिस ने अवैध शराब का जखीरा किया बरामद जिला फिरोजाबाद से ब्यूरो चीफ प्रशांत कुल श्रेष की रिपोर्ट हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब कंटेनर में तस्करी करके ले जाई जा रही थी पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध शराब की 126 पेटी को बरामद किया फिनाइल की बोतलों के साथ छिपाकर शराब को ले जाया जा रहा था तस्क द्वारा पुलिस ने एक युव को भी गिरफ्तार कर लिया है पकड़ी गई शराब की लगभग कीमत 20 लाख बताई जा रही है थाना रसूलपुर पुलिस को मिली पड़ी सफलता फिलहाल आप सुरक्षित रहिए जुड़े रहिए आर हिंदुस्तान से नमस्कार किस तरह की कारवाई हुई सर देखिए रसूलपुर पुलिस द्वारा 118 पेटी अवैध शराब पकड़ी गई है यह हरियाणा निर्मित शराब है जो हरियाणा में बिकने के लिए ही अनुमन्य थी जिस-को तस्करी करके ले जाया जा रहा था यह एक कंटेनर है जिसमें फिनाइल की 83 पेटी रखी गई थी उसी में छुपा यह शराब ले जाई जा रही थी यह लगभग 1049 लीटर है और 20 लाख से ज्यादा इसकी कीमत है इस शराब की इसमें जो व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है संदीप कौशिक पिता का नाम विनोद कौशिक यह मनसुख पुरा आगरा का रहने वाला इसको गिरफ्तार किया गया है कंटेनर और म शराब के इसमें दो अन्य लोगों को वांछित किया गया है जल्द ही इनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी इसमें हम लोग यह भी पता कर रहे हैं कि इस गैंग में और कौन-कौन लोग शामिल है इसमें आगे की जो भी आवश्यक वैधानिक कारवाई है व हम लोग करेंगे ।

## समय से बीज न मिलने से फसल बोने में हो रही हैं देरी

**फिरोजाबाद** : जिले में डीएपी के साथ साथ, गेंहू के बीज हुई किल्लत किसानों को नहीं मिल पा रहा बीज, समय से बीज न मिलने से फसल बोने में हो रही हैं देरी 7,8 दिन से लगातार किसान लगा रहे हैं बीज गोदाम का चक्कर बीज गोदाम पर किसानों को नहीं मिलता संतोषजनक जवाब नेता और अधिकारी नहीं करा पा रहे किसानों को खाद और बीज की आपूर्ति किसान संगठन भी हुए धाराशाही ब्लॉक नारखी में बीज गोदाम पर नहीं मिल रहा बीज।

## डेकोरेटिव लाइट्स से महाकुंभ बनेगा भव्यता का प्रतीक

**प्रयागराज** । महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए योगी सरकार अनेक अभिनव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पूरे मेला क्षेत्र को डेकोरेटिव लाइट्स से सजाया जा रहा है। 8 करोड़ की लागत से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. की ओर से पूरे मेला क्षेत्र में 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट पोल का जाल बिछाया जा रहा है। संगम जाने वाली हर प्रमुख सड़क पर यह अलौकिक पोल और लाइट श्रद्धालुओं का स्वागत करती नजर आएगी। योगी सरकार का यह प्रयास न केवल श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभव देगा, बल्कि भारतीय संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम भी प्रस्तुत करेगा। अधीक्षण अभियंता महाकुंभ मनोज गुप्ता ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मह-ाकुंभ को भव्य रूप देने के लिए विद्युत विभाग बड़े पैमाने पर कार्य कर रहा है। डेकोरेटिव लाइट्स और डिजाइनर पोल्स उसी का हिस्सा है। मेला क्षेत्र में लाल सड़क, काली सड़क, त्रिवेणी सड़क और परेड के सभी मुख्य मार्गों को आकर्षक डेकोरेटिव लाइट्स से रोशन किया जा रहा है। ये लाइट्स भगवान शंकर, गणेश और विष्णु को समर्पित हैं, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और सौंदर्य का अनुभव कराएंगी।

अधिशाषी अभियंता अनूप सिंह ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में 8 करोड़ से ज्यादा की लागत से 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट पोल लगाए जा रहे हैं। इस बार टेंपरेरी की बजाय स्थायी पोल्स का निर्माण किया गया है, जो महाकुंभ के बाद भी क्षेत्र की रौनक बनाए रखेंगे। हर पोल को कलश और देवी-देवताओं की आकृतियों से सजाया गया है, जो मेले के वातावरण को सांस्कृतिक वैभव से भर देंगे। 15 दिसंबर तक सभी डेकोरेटिव लाइट्स का कार्य संपन्न कर लिया जाएगा, जिसके बाद रात में मेला क्षेत्र की आभा देखते ही बनेगी।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए यह विद्युत विभाग की ओर से एक अभूतपूर्व पहल है। आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक प्रतीकों के मेल से यह परियोजना महाकुंभ को विश्वस्तरीय भव्य आयोजन का दर्जा देगी। महाकुंभ के लिए लगाए गए ये डेकोरेटिव पोल्स स्थायी रहेंगे, जिससे क्षेत्र में आने वाले पर्यटक भी लंबे समय तक इस भव्यता का आनंद ले सकेंगे। डेकोरेटिव ला-इट्स से सजे इस महाकुंभ में हर श्रद्धालु को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक गर्व का अनुभव होगा। यह पहल महाकुंभ को भारतीय संस्कृति की भव्यता और आधुनिक विकास का अद्वितीय प्रतीक बनाएगी।

## औधोगिक गलियारों में पुरानी सर्किल रेट पर जमीन अधिग्रहीत को लेकर दूसरे दिन भी बैनामाओं की रजिस्ट्री कार्य ठप्प रहा

**शिकोहाबाद** : उत्तर प्रदेश सरकार व्दारा औधोगिक गलियारे के प्रदेश में जमीन अधिग्रहीत की जा रही है जिसके क्रम में ग्राम नसीपुर के किसानों की जमीन अधिग्रहीत की जा रही है इसमें शिकोहाबाद वार के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार यादव व उनके परिवार की 50 वीघा बेशकीमती जमीन पुरानी सर्किल रेट से अधिग्रहीत की जा रही है जबकि पास के गाँवों में सर्किल रेट कई गुना अधिक है गुरूवार को आज दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं का बैनामा की रजिस्ट्री कार्य व राजस्व न्यायालय का बहिष्कार जारी रहा। अधिवक्ताओं के आन्दोलन को समाप्त कराने के लिये एसडीएम शिकोहाबाद ने वार्ता को बुलाया। हरिओम यादव वार अध्यक्ष की अध्यक्षता में एसडीएम से वार्ता हुई जो सफल नही हुई। इसके उपरान्त अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम शिकोहाबाद को देकर ग्राम नसीरपुर में सर्किल रेट बढाने की माँग की। विनोद कुमार यादव वरिष्ठ अधिवक्ता ने जनपद की सभी तहसील वार व जिला सिविल वार व जिला रेवेन्यू वार से समर्थन की माँग की। इस मौके उम्मेद बाबू महासचिव , अखिलेश , विनय , कुलदीप , गोरव , अनुज , गिर्राज , अशोक यादव , के0पी0 सिंह , ब्रजेश चन्द्र , सुभाष चंद्र , राजेश यादव , श्यामबाबू , दिनेश सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## रेजीमैन्ट रिकॉर्ड आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**शिकोहाबाद** : वीरेश गैस्ट हाउस, प्रतापपुर रोड, शिकोहाबाद में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कुमाऊ रेजीमैन्ट रिकॉर्ड आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुमाऊ रेजीमैन्ट से मेजर दीपक एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद, कैप्टन आशीष कुमार मित्तल द्वारा उपस्थित समस्त पूर्व सैनिकों/आश्रितों एवं वीर नारियों आदि की समस्याओं को सुना गया, जिसमें मुख्य रूप से वन रैंक वन पैंशन, जीवन प्रमाण पत्र, सातवा वेतन आयोग, पार्ट टू आर्डर एवं स्पर्श पोर्टल सम्बन्धी समस्यायें प्रकाश में आयीं तथा कुछ समस्याओं का तत्समय ही निस्तारण कर दिया गया एवं कुछ लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिन पर पृथक से कार्यवाही की जा रही है। उक्त के अतिरिक्त वर्तमान में संचालित केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम में कैप्टन (आई.एन.) आशीष कुमार मित्तल (अ0प्रा0), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी फिरोजाबाद एवं कमाऊ रेजीमैन्ट से मेजर दीपक, ऑनरेरी कैप्टन रामवीर सिंह (सेना मैडल), पूर्व सैनिक नेत्रपाल, पूर्व सैनिक विश्राम सिह, पूर्व सैनिक, शिवचरन, पूर्व सैनिक निवोध कुमार, राजेश कुमार, कार्यालय स्टाफ श्री राघेवन्द्र सिंह, श्री राम कुमार सिंह यादव, मु0 लुकमान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातरवरण में समापन हुआ।

## सिपाही भर्ती-उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को दी बधाई देते हुए सीएम योगी बोले-शुचिता एवं पारदर्शिता से पूरी हुई परीक्षा

**लखनऊ**। यूपी में पुलिस भर्ती परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एक्स पर बयान जारी कर कहा कि ह्यह्यउत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से आयोजित यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई! आप सभी परीक्षा के आगामी चरणों की तैयारी पूर्ण तत्परता के साथ करेंगे, इस विश्वास के साथ मेरी मंगलकामनाएं! उन्होंने आगे कहा कि, ह्यह्यपूर्ण शुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न उत्तर प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम आज घोषित हुए हैं। आरक्षण नीति का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उ.प्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के आधार पर निर्धारित पदों के सापेक्ष लगभग ढाई गुना अधिक यानी कुल 1,74,316 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए अर्ह घोषित किया है।

# सरकारी और एडेड कॉलेजों को अवश्य परीक्षा सेंटर बनाएं : जिलाधिकारी

फिरोजाबाद :जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बोर्ड पर-ीक्षा 2025 के केंद्र निर्धारण के संबंध में हुई बैठक, दिए आवश्यक निर्देश जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बोर्ड पर-ीक्षा 2025 के केंद्र निर्धारण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने अवगत कराया की जिले में कुल 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 10 राजकीय विद्यालय, 52 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय 38 वित्त विहीन विद्यालय हैं, इस परीक्षा में हाई स्कूल बोर्ड की पर-ीक्षा देने वाले बालकों की संख्या 20986 है जबकि बालिकाओं की संख्या 16333 है इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले बालकों की संख्या 21340 है जबकि बालिक-ाओं की संख्या 15620 है इस प्रकार जनपद में कुल 74000 बालक एवं बालिकाएं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा केंद्रों पर आधारभूत संरचना सही होनी चाहिए इसमें मानक का सही ध्यान रखा जाए केंद्रों पर बाउंड्री वॉल फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरा, बाथरूम (पुरुष एवं महिला) इत्यादि की सुविधा गुणवत्तापूर्ण हो, 10 टीमें इन परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण करने हेतु बनाई गई हैं उनका दायित्व है कि वह विद्यालय को पूरे मानक सहित अवश्य निरीक्षण कर ले, साथ ही जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि सरकारी और एडेड कॉलेजों को अवश्य सेंटर बनाएं बैठक के दौरान वित्त एवं राजस्व विशु राजा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृति राज, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार नायब तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन को गति देगी योगी सरकार, हर जिले में होगी 7 कर्मियों की भर्ती

**लखनऊ** । योगी सरकार ने प्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ह्यहब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन और ह्यप्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को एक नई गति दे रही है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक बदलाव की नई राहें खुल रही हैं। योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रदेश भर में जिलास्तर पर निर्धारित 07 कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसे आगामी एक महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ह्यहब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन (एचईडब्ल्यू) और ह्यप्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) जैसी योजनाओं को मजबूती से लागू कर, राज्य सरकार महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर है। ह्यहब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेनह्ण को लेकर भारत सरकार द्वारा 2022 में जारी नई गाइडलाइन्स को अपनाते हुए योगी स-रकार ने सभी जिलों में सेवा केंद्रों का संचालन सुनिश्चित किया है। इन केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। योगी सरकार ने भ्के के माध्यम से महिलाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं के बारे में जानकारी देने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया को और सुदृढ़ किया है। एचईडब्ल्यू कर्मियों को कौशल विकास, लैंगिक समानता, और घरेलू हिंसा से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एचईडब्ल्यू योजना में जिलास्तर पर निर्धारित 07 कर्मियों की भर्ती की जानी है। योगी सरकार ने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एचईडब्ल्यू और पीएमएमवीवाई कर्मियों की नियुक्ति में आउटसोर्सिंग प्रक्रिया अपनाई है।

## ब्रीफ न्यूज

### शमी को आईपीएल में इसलिए नहीं मिलेगी अधिक कीमत : मांजरेकर

**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस बार आईपीएल 2025 के लिए होने वाले नीलामी में अधिक कीमत नहीं मिल पायेगी। मांजरेकर के अनुसार सभी फ्रेंचाइजी उनकी फिटनेस को लेकर चिंतित होगी क्योंकि वह साल तक चोट के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे हैं। हालांकि शमी की घरेलू क्रिकेट में वापसी एक महत्वपूर्ण कदम है। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान वह शानदार फॉर्म में थे। वह 7 मैचों में 10.70 की औसत से 24 विकेट लेकर टूर्नामेंट के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में आया, जहां उन्होंने 57 रन देकर 7 विकेट लिए। मांजरेकर ने कहा कि निश्चित रूप से कई टीमों की उनमें रुचि होगी। लेकिन अगर आप शमी की हाल की चोट को देखेंगे तो आप पाएंगे कि उन्हें उबरने के लिए काफी समय लगा है।

### कनाडा को हराकर जर्मनी डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंची

**मैलागा।** जर्मनी की डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। जर्मनी ने क्वार्टर फाइनल में कनाडा को हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ और डैनियल अल्टमायर ने अपने-अपने मैच जीतकर कनाडा को 2-0 से हराया। इसके साथ ही जर्मनी की टीम डेविस कप के सेमीफाइनल में पहुंच गयी। जर्मनी के अल्टमायर ने इस मैच में गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7-6(5) 6-4 से हराया। वहीं इससे पहले एक अन्य मैच में स्ट्रफ ने डेनिस शापोवालोव पर 4-6 7-5 7-6(5) से जीत दर्ज की। स्ट्रफ ने कहा, आज मुझे लगता है कि हम जीत के अधिकारी थे। मैं जीत से उत्साहित हूं हालांकि विरोधी खिलाड़ी डेनिस भी काफी अच्छे से खेल रहे थे, उन्होंने पूरे मैच में जबरदस्त सर्विस की जिससे हमारे लिए वापसी करना मुश्किल हुआ। टाईब्रेक में भी, उन्होंने कुछ विनर्स लगाए। कुल मिलाकर यह बहुत करीबी मुकाबला रहा था। अब सेमीफाइनल में जर्मनी का मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

### पाकिस्तान के नये कोच अकीब ने बाबर को निशाना बनाने से इंकार किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नये अंतरिम कोच आकिब जावेद ने कहा है कि बाबर आजम को निशाना बनाने के जो आरोप उनपर लगते रहे हैं। वह सही नहीं हैं। अकीब टीम के मुख्य चयनकर्ता भी है उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पाकिस्तान क्रिकेट की भलाई रहता है। साथ ही कहा कि बाबर ने ऑस्ट्रेलिया में जिस तरह से बल्लेबाजी की वह सभी ने देखा। हम किसी को निशाना नहीं बना रहे हैं। हम जानते हैं कि बाबर, मोहम्मद रिजवान, फखर जमां काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं और इन सभी ने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है। अभी हम चैंपियंस ट्रॉफी और एकदिवसीय टीम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं क्योंकि हमें जल्द ही अपनी एकदिवसीय टीम तय करनी है।




मलागा में बिली जीन किंग कप में जीत के बाद उत्साहित इटली के खिलाड़ी।

# पुजारा के भारतीय टीम में नहीं होने से खुश हैं हेजलवुड

एजेंसी ■ पर्थ




यहां शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले टेस्ट मैच की तैयारी में लगे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि इस बार भारतीय टीम में अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के नहीं होने से उन्हें खुशी मिली है। हेजलवुड के अनुसार पुजारा विकेट पर जम जाते हैं और उन्हें गेंदबाजी करना बेहद कठिन होता है। पुजारा ने साल 2018-19 में चार टेस्ट की सात पारियों में तीन शतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2020-21 की श्रृंखला में 928 गेंदें खेली जो श्रृंखला में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक थी और इस बार भी उन्होंने जीत में आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभाई थी। हेजलवुड ने पहले टेस्ट से पूर्व कहा, 'मुझे खुशी है कि पुजारा इस बार टीम में नहीं है। वह ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको आप हमेशा आउट करना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने हालांकि कहा कि पुजरा के नहीं होने के बाद भी भारतीय टीम के पास काफी प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम में हमेशा युवा और नए खिलाड़ी आते रहते हैं। उन पर अच्छे प्रदर्शन का इतना दबाव होता है इसलिए भारतीय एकादश में जो भी होगा, वह काफी बेहतर ही होगा। पिछली बार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने ब्रिसबेन में चौथे और आखिरी टेस्ट में नाबाद 89 रन बनाए थे। हेजलवुड ने कहा कि पंत के जैसे आक्रामक बल्लेबाज के लिए लचीलापन अपनाना होगा।

# पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम के शीर्ष छह खिलाड़ियों के नाम तय

## अंतिम तीन पर होना है फैसला

एजेंसी ■ पर्थ

यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में भारतीय टीम तैयार है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के इस पहले मैच के लिए भारतीय टीम ने बल्लेबाजों का क्रम तय कर लिया है पर गेंदबाजों को लेकर फैसला टॉस से पहले होगा। सलामी बल्लेबाज से लेकर छठे नंबर तक उतरने वाले खिलाड़ी तकरीबन पक्के हो गये हैं पर अंतिम तीन स्थानों के लिए फैसला अभी नहीं हुआ है। ये भी तय लग रहा है कि उछाल भरी पिच को देखते हुए दो तेज गेंदबाज रहेंगे पर अन्य के नामों को अभी तक अंतिम रुप नहीं दिया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार नेट सत्र में उतरे यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के पारी शुरु करने की पूरी संभावना है।

वहीं नेट्स में अनुभवी विराट कोहली के साथ युवा देवदत्त पडिक्कल भी उतरे थे। इस दौरान पडिक्कल ने अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन भी किया। ऐसे में उन्हें भी तीसरे नंबर पर मौका मिलना तय है। विराट अपने तय स्थान नंबर चार पर उतरेंगे। ऋषभ पंत और युवा विकेटकीपर ध्रुव जुरेल नेट्स में उतरे थे। पांच पर ऋषभ और 6 पर जुरेल




खेलते नजर आएंगे। इसके बाद जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का है।

वहीं अंतिम तीन खिलाड़ियों में अगर एक स्पिनर को अवसर मिलता है तो किसे जगह मिलेगी। ये सवाल उठता है। इसके लिए आर अश्विन, रविंद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के नाम हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को मौका दिया जा सकता है, जबकि एक अन्य तेज गेंदबाज हर्षित राणा, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और यश दयाल में से कोई एक हो सकता है।

### भारत की संभावित अंतिम ग्यारह

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन/जडेजा/सुंदर, नितीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह (कप्तान), मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा/प्रसिद्ध कृष्णा।

### दोनो ही टीमों की कप्तानी गेंदबाजों का करना एक अच्छा संकेत : कमिंस

भारत और मेंजबान ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले क्रिकेट में दोनो ही टीमों का नेतृत्व तेज गेंदबाज कर रहे हैं। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पीट कमिंस ने भी खुशी जतायी है। कमिंस ने कहा कि अधिक से अधिक मैचों में ऐसा होना चाहिये। कमिंस ने कहा कि आज सभी टीमों में बदलाव आ रहा है। ये एक अच्छा संकेत है। वहीं बुमराह ने तेज गेंदबाजों को ये अवसर देने की प्रशंसा करते हुए कहा कि कमिंस ने अपनी कप्तानी में बेहतर प्रदर्शन कर दिखाया है कि गेंदबाज भी कमान संभाल सकते हैं। इससे एक प्रकार से उन्होंने गेंदबाजों को साबित किया है। कमिंस ने कहा, भारतीय टीम की कप्तानी बूमराह कर रहे हैं। ये देखकर बहुत अच्छा लगा। ऐसा और भी होना चाहिए। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में टिम साउदी की कप्तानी में भी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया गया था। हां, मुझे नहीं लगता कि इसमें बहुत ज़्यादा बदलाव हुआ है। ऐसा कम ही होता है। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि वह वहां कैसे अपना काम करते हैं पर तेज़ गेंदबाज़ी के प्रशंसक के रूप में, यह देखना हमेशा अच्छा होता है। वहीं बुमराह ने कमिंस की भावनाओं को दोहराया और ऑस्ट्रेलिया की शानदार कप्तानी के लिए उनकी प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि कपिल देव जैसे पूर्व दिग्गजों ने साबित किया था कि तेज गेंदबाज़ भी नेतृत्व क्षमता में पीछे नहीं हैं।

# एशेज की तरह है बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : पोंटिंग




एजेंसी ■ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के साथ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 की तुलना इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली एशेज सीरीज से की है। उन्होंने कहा कि ये सीरीज विश्व क्रिकेट में सबसे अधिक प्रतीक्षित सीरीजों में से हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट शुक्रवार से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा। पोंटिंग ने दोनों टीमों से पूरी सीरीज के दौरान प्रतिस्पर्धी लेकिन निष्पक्ष भावना बनाए रखने को कहा है।

इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जैसी सीरीजों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। साथ ही कहा कि एक पूर्व खिलाड़ी और एक कमेंटेटर के तौर पर में मैं इन दोनों टीमों को मैदान पर उतरते हुए कड़ी मेहनत और निष्पक्षता से खेलते हुए देखना चाहता हूं और फिर देखना चाहता हूं कि अगले पांच मैचों के अंत में कौन टिक पाता है। सीरीज के दौरान अपेक्षित तीव्रता के बारे में पोंटिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मैच रोमांचक होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि मसाला सही शब्द है या नहीं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि खेल लगभग चरम पर खेला जाएगा, अगर आप चाहें, तो दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें एक-दूसरे को एक इंच भी जगह नहीं देना चाहती हैं।

इस पूर्व कप्तान ने कहा, हम विरोधी टीम को एक इंच भी जगह नहीं देना चाहते, उन पूरे पांच टेस्ट मैचों के दौरान एक भी मुकाबला नहीं हारना चाहते। पोंटिंग ने प्रतिद्वंद्विता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, यही विश्व खेल में इन महान प्रतिद्वंद्विता की खूबसूरती है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच टेस्ट मैच अब क्रिकेट ही नहीं बल्कि विश्व खेलों में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है।

# बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी के लिए इनाम घोषित किये

एजेंसी ■ पटना

बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 10-10 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय टीम ने बुधवार को यहां के राजगीर स्टेडियम में हुए फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर खिताब जीता है। इस जीत के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने टीम को बधाई देते हुए इनाम घोषित किया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, राजगीर के राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय-सह-राज्य खेल परिसर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत की जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार में पहली बार आयोजित एशियाई महिला हॉकी



चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत ने फाइनल मुकाबले में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज कर इतिहास रचा है जो सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह जीत भारतीय टीम की कड़ी मेहनत, ऊर्जा और धैर्य के साथ ही दृढ़ संकल्प को दिखाती है। उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम को भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं भी दीं। साथ ही उन्होंने लिखा, राज्य सरकार विजेता टीम के सभी सदस्यों एवं टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को 10-10 लाख रुपये नकद राशि से पुरस्कृत करेगी। टीम के सहयोगी स्टाफ को भी पांच-पांच लाख रुपये की नकद राशि दी जाएगी। इसके अलावा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी टीम को बधाई और शुभकामना देते हुए खिलाड़ियों और कोच को पुरस्कृत करने की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ेगा।

### मेसी अगले साल आ सकते हैं भारत

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है। अर्जेंटीना के स्टार स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी अगले साल भारत में खेलने आ सकते हैं मेसी के भारत में भी काफी प्रशंसक हैं। ऐसे में भारतीय प्रशंसकों के पास अवसर होगा कि वह मेसी को देख सकें। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने कहा कि मेसी सहित अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए भारत आयेगी।

खेल मंत्री ने कहा कि इस मैच की मेजबानी के लिए राज्य पूरी तैयारी करेगा। उन्होंने केरल की क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मैच राज्य सरकार की पूरी निगरानी में आयोजित किया जाएगा। मेसी ने अंतिम बार 2011 में भारत में खेला था उस समय अर्जेंटीना ने वेनेजुएला के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। यह मैच गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ था.

## वॉलीवाल खेलते खिलाड़ी...



स्लोवेनिया में सीईवी वॉलीवाल कप में खेलते हुए खिलाड़ी।

**अनुभव** विराट को ऑस्ट्रेलियाई हालात पसंद

# कोहली कर सकते हैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : मार्क वॉ

एजेंसी ■ पर्थ

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने कहा कि भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को यहां के हालात पसंद है इसलिए उनपर खेलने का अधिक दबाव नहीं रहेगा। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकार्ड काफी अच्छा रहा है जिससे भी उन्हें मनोवैज्ञानिक लाभ होगा। हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अपने घरेल मैदानों पर विराट असफल रहे थे जिसके बाद से ही कहा जा रहा था कि उनपर ऑस्ट्रेलिया में दबाव रहेगा। कोहली खराब फॉर्म के बीच बॉर्डर





गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। उन्होंने पिछली दस पारियों में 20.62 की औसत से रन बनाए हैं। ये ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में उनके 54.08 के औसत और उनके कुल करियर औसत 47.83 से काफी कम है पर जिस प्रकार का प्रदर्शन उनका ऑस्ट्रेलिया में रहा है उसको देखते हुए ये तय है कि विराट सीरीज में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे।

वॉ ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकॉर्ड शानदार है, उन्हें हालात पसंद हैं। मुझे लगता है कि वह स्पिन की तुलना में तेज गेंदबाजी के बेहतर खिलाड़ी हैं। हालांकि उनका हाल का प्रदर्शन उनके स्तर के अनुरुप नहीं रहा है और उनका औसत काफी गिर गया है। ऐसे में पर्थ उनके लिए एक अच्छी शुरुआत होगी, क्योंकि उन्होंने साल 2018 में एक बहुत ही कठिन पिच पर शानदार शतक बनाया था। जब आपके पास कुछ खास मैदानों पर अच्छी यादें होती हैं तो यह हमेशा अच्छा होता है। उन्होंने कहा, भारत की तुलना में ऑस्ट्रेलिया में होने पर उन पर कम दबाव होगा। भारत में अपनी घरेलू धरती पर खेलना बहुत ही रोमांचक होता है। यह सीरीज उनके लिए नई शुरुआत होगी।

वॉ ने आगे कहा, ऑस्ट्रेलियाई लोग अभी भी उन्हें एक बड़ा विकेट मानते हैं।वे जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं और ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा है और उन्हें बड़े मंच से प्यार है। वॉ ने कहा, भारत ने हमें पिछली चार सीरीज में हराया है, इसलिए मुझे लगता है कि इससे कोहली का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आएगा।

लोर्ड कृष्णा पब्लिक हाई स्कूल
Play group, Nursery, LKG, UKG,
1st to 10th classes.
ADMISSION OPEN
LKPS makes education easier and better.
Mobile:9425488667,8770753472,797483253

सत्ता सुधार

यूपी के संभल स्थित जामा मस्जिद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह श्री हरिहर मंदिर है। इसको लेकर कोर्ट में याचिका में लगाई गई थी, जिसपर कोर्ट ने मस्जिद के सर्वे का आदेश दिया है। सर्वे के कारण इलाके में माहौल गरमा गया है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।



# उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा की कटऑफ जारी...174316 पास

## दिसंबर में दस्तावेजों का परीक्षण और शारीरिक मानक परीक्षा, भर्ती प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद प्रकाशित किया जाएगा

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अगस्त माह में आयोजित लिखित परीक्षा की कट ऑफ लिस्ट उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने गुरुवार को जारी कर दी। बोर्ड कट ऑफ लिस्ट में वरिष्ठता के आधार पर ढाई गुना अभ्यर्थियों (1,74,316) को चयनित करके दिसंबर के तीसरे सप्ताह में दस्तावेजों का परीक्षण और शारीरिक मानक परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। दस्तावेजों का परीक्षण और शारीरिक मानक परीक्षा में अर्ह (उत्तीर्ण) अभ्यर्थियों को जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। इससे संबंधित सूचनाएं बोर्ड द्वारा जल्द जारी की जाएंगी। बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक अभ्यर्थियों के अंकों का संपूर्ण विवरण भर्ती प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद प्रकाशित किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन अगस्त के महीने में 23, 24 और 25 तथा 30 और 31 अगस्त को किया गया था।



### वेबसाइट पर देखें डिटेल

बोर्ड ने बीते दिनों आंसर की जारी करते हुए अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद कट ऑफ लिस्ट जारी की गई है। इसमें समान कट ऑफ अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के परीक्षण और शारीरिक मानक परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि परीक्षा से संबंधित जानकारियों के लिए बोर्ड की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। रिजल्ट जारी होने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम ने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बधाई दी है।

### अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा

## तहसीलदार तक आउटसोर्सिंग से भर्ती

इधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नगर निगम गोरखपुर में तहसीलदार से लेकर लेखपाल तक के प्रमुख पदों पर आउटसोर्सिंग से हो रही भर्तियों को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि बेहतर होगा कि भाजपा पूरी की पूरी 'सरकार' ही आउटसोर्स कर दे तो उसका एक जगह से ही सारा कमीशन, एक साथ सेट हो जाएगा।नगर निगम गोरखपुर ने 18 नवंबर को तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल जैसे महत्वपूर्ण पदों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त करने का विज्ञापन जारी किया है। इसके लिए सात दिसबंर की शाम पांच बजे तक आवेदन मांगे गए हैं। तहसीलदार को 35 हजार, नायब तहसीलदार को 30 हजार, राजस्व निरीक्षक को 29 हजार व लेखपाल को 27 हजार मानदेय दिया जाएगा। नगर निगम ने कार्य की अधिकता का हवाला देते हुए इन पदों पर सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को नियुक्त करने की बात कही है।

---

## ब्रीफ न्यूज

### डॉक्टर केस में माफी मांगने के बाद समझौता, थाने में मिले गले

**बस्ती।** हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डीके गुप्ता से उनके पूर्व सहयोगी के बीच चल रहे विवाद का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया। आरोपी ने कोतवाली में अपनी गलती कबूल करते हुए माफी मांगा। जिसके बाद दोनों पक्षों ने गले मिलकर गिले-शिकवे दूर किए। दोनों पक्ष देर रात तक कोतवाली में डटे रहे। पुलिस इसे लेनदेन का विवाद बताकर कार्रवाई करने से पहले जांच करने की बात कर रही है। जबकि दोनों पक्ष एक दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराने पर आमादा थे। पटेल चौक के पास हॉस्पिटल चलाने वाले हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके गुप्ता ने पुलिस को तहरीर दिया था कि टोल प्लाजा के पास उन्हें रोककर चाकू दिखाकर 15 लाख रुपए की मांग की गई। उनके हॉस्पिटल के स्टाफ और पत्नी तक को अपशब्द कहते हुए धमकी दी गई। वहीं दूसरे पक्ष ने भी डॉक्टर पर काम करवाकर रुपए हड़पने और झूठा इल्जाम लगाने सहित अन्य आरोप लगाए थे।

### सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

**फिरोजाबाद।** यूपी के फिरोजाबाद जिले में गुरुवार को सड़क किनारे अधेड़ उम्र के एक सख्श का शव मिलने से सनसनी फैल गयी।मृतक कौन है और उसकी मौत हत्या है या हादसा इन सभी पहलुओं की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीएम रिपोर्ट से ही यह राज खुल सकेगा कि यह हत्या है या हादसा। प्राथमिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि इस सख्श की गला दवाकर हत्या की गयी है और शव को यहां फेंका गया है। मृतक के हाथ पर राजू और अनारकली लिखा है। मामला पचोखरा थाना क्षेत्र का है।दरअसल यहां के गांव छितरई के ग्रामीण गुरुवार को जब खेतों ओर गए तो गांव के ही समीप सड़क किनारे एक सख्श का शव पड़ा था। मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 साल के आसपास रही होगी।

### अंधेरे में खड़ी खराब ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, तीन की मौत

**बिजनौर।** यूपी के बिजनौर जिले में एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौता हो गई। खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा गई जिससे बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। हल्दौर-नहटौर मार्ग पर डींगरपुर गांव के पास बाइक सड़क पर खराब हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसे में बाइक सवार रविन्द्र (24), दीपक (23) और ऋतिक (21) गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट के साथ देखी फिल्म, किया एलान

# उत्तरप्रदेश में गोधरा कांड पर बनी 'द साबरमती रिपोर्ट' टैक्स फ्री

## राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में फिल्म पहले से कर-मुक्त

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ के प्लासियो मॉल में गुजरात के गोधरा कांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी। फिल्म देखने के बाद उन्होंने राज्य में फिल्म को टैक्स फ्री करने का ऐलान कर दिया है। शहीद पथ स्थित फिनिक्स पलासियो मॉल में फिल्म का सुबह 11.30 बजे विशेष शो रखा गया। सीएम के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी भी फिल्म देखने पहुंचे। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह फिल्म की तारीफ कर चुके हैं। फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म करने के बाद विक्रांत ने कहा कि उन्हें धमकियां मिल रही हैं। यह फिल्म गुजरात में 2002 में कारसेवकों से भरी साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगाए जाने की घटना पर आधारित है। मुख्यमंत्री योगी के बाद अभिनेता विक्रांत मैसी भी फिल्म देखने के लिए प्लासियो मॉल पर पहुंचे पर उन्हें गेट पर ही रोक लिया गया। उनकी गाड़ी को अंदर नहीं जाने दिया गया जिसके बाद वह पैदल ही निकल गए।



### इन राज्यों में टैक्स फ्री

गुजरात भाजपा शासित पांचवां राज्य है, जिसने पिछले सप्ताह सिनेमाघरों में रिलीज हुई विक्रांत मैसी अभिनीत फिल्म को कर-मुक्त दर्जा दिया है। इससे पहले राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश ने फिल्म को कर-मुक्त घोषित किया था।

### फिल्म में दिखाई सच्चाई

फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में 27 फरवरी 2002 के दिन साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की दो बोगियों में लगी आग की कहानी के पीछे के सच की तलाश को दिखाया गया है। विक्रांत मैसी इस फिल्म में समर कुमार नाम के एक यंग पत्रकार का रोल निभा रहे हैं। समर कुमार सच्चाई की तलाश के साथ-साथ अंग्रेजी मीडियम दुनिया में बतौर हिंदी भाषी पत्रकार अपनी पहचान बनाने को भी ढूंढ रहा है।

**बॉक्स ऑफिस पर हो रही अच्छी कमाई:** फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो द साबरमती रिपोर्ट बढ़िया कमाई कर रही है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 1.69 करोड़ की कमाई की थी। इसी के साथ ये विक्रांत मैसी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। द साबरमती रिपोर्ट से पहले विक्रांत की फिल्म 12वीं फेल उनकी सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म थी, जिसने 1.10 करोड़ कमाए थे। हफ्ते के बीच में द साबरमती रिपोर्ट की कमाई में उछाल देखने को मिला है। इस फिल्म को डायरेक्टर धीरज सरना हैं। एकता कपूर ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में विक्रांत मैसी के साथ रिद्धि डोगरा और राशी खन्ना अहम भूमिकाओं में हैं।

### सीएम मोहन यादव भी देख चुके फिल्म

गौरतलब है कि मप्र के सीएम मोहन यादव ने पूरी कैबिनेट के साथ इस फिल्म को देखा है। इस दौरान फिल्म के कलाकार व फिल्म निर्माण में शामिल लोग वहां मौजूद थे। फिल्म का विशेष शो होटल अशोक के ओपन थिएटर में आयोजित किया गया था। बता दें कि इस फिल्म की तारीफ पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कर चुके हैं। यह फिल्म साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगाए जाने की घटना पर आधारित है। इस फिल्म को पहले भी कई राज्यों में टैक्स फ्री किया जा चुका है।

# आजम खान को छोटे-छोटे मामलों में बड़ी सजा दी गई

### एक घंटे तक फांसी घर में मिले सांसद चंद्रशेखर



एजेंसी ■ सीतापुर

आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने गुरुवार को सीतापुर जिला कारागार में सजायाफ्ता सपा नेता आजम खां से एक घंटे से अधिक समय तक मुलाकात की। वह करीब 10 बजकर 10 मिनट पर जिला कारागार के अंदर गए और करीब एक घण्टे 10 मिनट बाद बाहर आये। उन्होंने आजम खां से उनके स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर बात की। इस दौरान जिला कारागार के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ लगी रही। जिला कारागार से बाहर आने पर उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद दो बार आजम खां से मिलने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। आज प्रयास किया तो सफल हो गया। काफी लंबी बात हुई। मेरा उनका राजनीति से अलग एक करीबी पारिवारिक रिश्ता है। मैं उनके मामलों को भी देख रहा हूं। जिस तरह से बकरी चोरी कराने में दस साल की सजा हुई। छोटे छोटे मामलों में बड़ी-बड़ी सजा हुई। जिस जज ने निर्दोष करार दिया उनका ट्रांसफर हो गया। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि कहा कि मैं उनसे फांसी घर मे मिला। मेरा यह विश्वास है कि यह परेशानी के बादल जल्द छट जाएंगे। अगर मुझे किसी राजनीतिक नफा नुकसान की चिंता होती तो चुनाव से पहले आता। कहीं न कहीं चुनाव में बड़ा परिवर्तन हो जाता लेकिन मैं इसलिए चुनाव के बाद आया हूं कि ये मेरा रिश्ता पारिवारिक रिश्ता है। जब मेरे ऊपर गोली चली तो बीमारी के बावजूद वो मेरे पास आये और साथ दिया। उन्होंने मेरे लिए अपनी पार्टी में भी लड़ाई लड़ी।

### यह ठीक बात नहीं

उन्होंने कहा कि मेरी राजनीतिज्ञों से गुजारिश है कि राजनीति में वैचारिक विरोध हो सकता है, लेकिन कुछ समय से यह देखा गया है कि अपने राजनीतिक विरोधियों को सरकारी मशीनरी का प्रयोग कर ठिकाने लगाया जा रहा है। यह ठीक बात नहीं है। अगर आप कुछ अन्याय करोगे तो आने वाले समय मे आपको भी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कहा कि अंदर आजम खां की हालत ठीक नहीं है।

# आराध्य के भरण-पोषण को हर साल सरकार देगी 49 लाख रुपए

## ब्रज के 152 मंदिरों का कराया सत्यापन, 38 मंदिर चिन्हित

एजेंसी ■ मथुरा

सरकार ने संरक्षण-रखरखाव और आराध्य की भोगसेवा के लिए चिन्हिंत 38 मंदिरों को छह लाख 12 हजार 307 रुपए की धनराशि मंदिर प्रबंधन को दी है। हालांकि मंदिरों के लिए यह धनराशि बहुत कम है। कई मंदिरों की धनराशि तो एक रुपए प्रतिदिन से भी कम है। इससे रखरखाव या भोगसेवा कैसे हो पाएगी। इस वर्ष जिले में 152 मंदिरों का सत्यापन कराया गया, जिसके बाद 38 मंदिरों को सहायता दी गई है। जिला प्रशासन ने पांचों तहसीलों के 152 मंदिरों का सत्यापन कराया है। इनमें से 38 मंदिरों को आर्थिक सहायता के योग्य और



बाकी मंदिरों को बोगस माना गया। इन मंदिरों की शासन को रिपोर्ट भेजी गई, जिसके बाद प्रतिवर्ष के निर्धारित बजट 49.47 लाख रुपए के सापेक्ष छह लाख 12 हजार 307 रुपए 38 मंदिरों को वितरित किए गए। हालांकि मंदिरों के परिसर की विशालता और भोग प्रसाद की भव्यता को देखते हुए इनकी सहायता राशि बहुत कम है। यह छह लाख 12 हजार 307 रुपए की धनराशि वार्षिक तौर पर दी गई है, जो कि बहुत कम है। कुछ मंदिरों की सहायता राशि तो प्रतिदिन एक रुपए से भी कम है। ऐसे में मंदिरों का संरक्षण या भोग सेवा कैसे हो पाएगी, यह बड़ा सवाल है।

### महाकुंभ में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद आएंगे

# दक्षिण भारत से काशी आएंगे 10 लाख श्रद्धालु

एजेंसी ■ वाराणसी

महाकुंभ में डुबकी लगाने देश-विदेश से श्रद्धालु आ रहे हैं। श्रद्धालुओं का प्रयागराज से काशी के लिए पलट प्रवाह भी होगा। दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों से 10 लाख से अधिक श्रद्धालु कुंभ मेले में पुण्य की डुबकी लगाएं। उनके वहां से काशी में भी बाबा विश्वनाथ सहित अन्य शिवालयों व देवालयों में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके लिए काशी के मठों, आश्रमों व होटलों में बुकिंग शुरू हो गई है। सनातन परंपरा का सबसे बड़ा उत्सव महाकुंभ है। इसे लेकर काशी में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। दक्षिण भारत के राज्यों के काशी में स्थित



मठों, आश्रमों व धर्मशालाओं में श्रद्धालुओं के ठहरने की अतिरिक्त व्यवस्थाएं हो रही हैं। श्रद्धालु महाकुंभ में दर्शन-पूजन के बाद काशी आएंगे। श्रीराम तारका आंध्रा आश्रम के मैनेजिंग ट्रस्टी पं. वीवी सुंदर शास्त्री और जंगमबाड़ी मठ के प्रबंधक शिवानंद स्वामी ने बताया कि महाकुंभ मेले में दक्षिण भारत के राज्यों से 10 लाख से अधिक साधु-संत, श्रद्धालु आएंगे। मठ व आश्रमों में कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश के श्रद्धालुओं की बुकिंग हो रही है। अगले माह से इसमें और तेजी आएगी। श्रीकाशी महाराष्ट्र सेवा समिति के ट्रस्टी संतोष सोलापुरकर ने बताया कि महाराष्ट्र व गुजरात से भी पांच लाख से अधिक श्रद्धालु आएंगे।

### बाबा के अभिषेक से लेकर करेंगे श्राद्धकर्म

काशी की परंपरानुसार श्रद्धालु शिवालयों, देवालयों में दर्शन पूजन करेंगे। वह काशी विश्वनाथ मंदिर अभिषेक, रुद्राभिषेक, मौन व्रत, बसंत व गंगा पूजा आदि अनुष्ठान करेंगे। मां अन्नपूर्णा, मां विशालाक्षी आदि मंदिरों में दर्शन पूजन करेंगे। साथ ही अपने पितरों को तृप्त करने के लिए श्राद्धकर्म भी करेंगे। काशी में दक्षिण भारत के रहने वाले परिवारों में भी आतिथ्य भाव से ठहरेंगे।

---

**कयासबाजी** लड़ाई से बाहर दिखी बसपा, चौंकाने वाले होंगे चुनावी नतीजे, मुकाबला भाजपा और सपा के बीच

# उत्तर प्रदेश उपचुनाव में दलित वोट बनेंगे निर्णायक

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी के उपचुनाव में कमोबेश सभी जगह बसपा मुख्य लड़ाई से गायब दिखी। इससे भाजपा और सपा सीधी लड़ाई में आ गए। कई सीटों पर दलित मतदाता बंटे हुए दिखाई दिए, जिसने गुणा-भाग को थोड़ा मुश्किल बना दिया। जिसके पक्ष में दलित मतदाता ज्यादा गए, परिणाम उसी के पक्ष में रहेगा। कुंदरकी में भाजपा मुस्लिम मतों में सेंध लगाते हुए दिखी, जिसे काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। सीसामऊ में सपा और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर होने को अनुमान है। यहां के कुल 48 मतदान केंद्रों में से आधे से ज्यादा में बसपा और किसी में भी निर्दलीय प्रत्याशी का बस्ता नहीं दिखा। कटेहरी उपचुनाव में मतदान से पहले की स्थिति कुछ और थी। तब मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा था। संभावना थी कि बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा अपने सजातीय मतों में सेंधमारी कर सपा को तगड़ी चोट देंगे, लेकिन मतदान के दौरान ऐसा प्रतीत नहीं हुआ। अंत में भाजपा के धर्मराज निषाद और सपा की शोभावती वर्मा के बीच ही सीधा मुकाबला दिखा। अलबत्ता, बसपा का प्रदर्शन कमल व साइकिल का संतुलन बिगाड़ सकता है। रबसपा ने अपने पारंपरिक वोटों के साथ ही जातिगत समीकरण को साधा तो सपा का गणित बिगड़ सकता है।



### मतदाताओं की लामबंदी दिखी

अति पिछड़ा वर्ग और जाट मतों की अधिकता वाले गांव में रालोद प्रत्याशी के पक्ष में रुझान नजर आया। भोकरहेड़ी, करहेड़ा, बेलड़ा समेत अन्य गांवों में रालोद प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं की लामबंदी दिखी। मुस्लिम मतों की अधिवक्ता वाले ककरौली, सीकरी, मीरापुर, जटवाड़ा, जौली में सुबह मुस्लिम मतदाता सपा, बसपा और आसपा के बीच बंटते नजर आए। ककरौली में पथराव के बाद मुस्लिम मतों की लामबंदी सपा प्रत्याशी के समर्थन में अधिक दिखी।

**करहल में सीधी लड़ाई:** करहल विधानसभा चुनाव के लिए कुल 7 प्रत्याशी मैदान में थे, लेकिन, सीधा मुकाबला सपा प्रत्याशी तेजप्रताप यादव और भाजपा प्रत्याशी अनुजेश सिंह में रहा। वहीं बसपा प्रत्याशी अवनीश शाक्य भी बसपा के परंपरागत वोट बैंक के सहारे नजर आए।

### अलग दिखे मुस्लिम-दलित

मीरापुर उपचुनाव में मतदान के बाद सियासी कयासबाजियों का दौर शुरू हो गया है। मुकाबला रालोद प्रत्याशी मिथलेश पाल और आसपा प्रत्याशी सुम्बुल राना के बीच सिमटता हुआ नजर आया। बसपा और आसपा प्रत्याशियों के बीच तीसरे नंबर की लड़ाई दिखी।

### दलितों में रहा बिखराव

अनुसूचित जाति के मतदाताओं में बिखराव नजर आया। युवाओं ने आसपा को तरजीह दी, जबकि अन्य मतदाताओं की पहली पसंद बसपा नजर आई। भाजपा-रालोद गठबंधन के हिस्से में भी दलित मतदाता आए। सपा यहां पर दलित-मुस्लिम फार्मूला बनाने में कामयाब होती नजर नहीं आई।

# तकनीक से बिना केमिकल मिलाए पूरे तालाब की होगी सफाई

## फ्लोटिंग आईलैंड से किया जाएगा काम, छात्र कर रहे तैयार

एजेंसी ■ वाराणसी

आईआईटी बीएचयू में पहली बार फ्लोटिंग आईलैंड से तालाब की सफाई होगी। जैविक तरीके से बिना केमिकल मिलाए पूरे तालाब के जल को साफ किया जाएगा। इन फ्लोटिंग आईलैंड पर पौधे रोपे जाएंगे जो तालाब की सफाई में बायो फिल्टर का काम करेंगे। पौधों की जड़ें तालाब की गहराई में जाकर प्रदूषक तत्वों और गंदगी को सोखेंगी।

संस्थान के बायो केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र इस फ्लोटिंग आईलैंड को बनाने का काम कर रहे हैं। उनकी मदद के लिए मजदूरों को भी लगाया गया है। बांस और रस्सी की मदद से पांच फ्लोटिंग आईलैंड तैयार किए जा रहे हैं। इसे चारपाई की तरह से बुना जा रहा है। ये फ्लोटिंग आईलैंड निदेशक



कार्यालय के तालाब में तैराए जाएंगे। ये तालाब बीएचयू की स्थापना यानी कि साल 1916 से भी पुराना बताया जाता है। आसपास गांव के हजारों लोग इस प्रदूषित तालाब में ही छठ पूजा करते हैं। पहला आईलैंड शुक्रवार तक तालाब में उतार दिया जाएगा। बाकी चारों को 2-2 दिन के अंतराल में तालाब में तैराए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक् साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं 62 छत्रसालपुरा, ललितपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100।
भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आर.एन.आई. नं. यूपीएचआईएन/2006/18447 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।